राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 10 दिसंबर 2025

वर्ष 07, अंक 71, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

कमलापुर चीनी मिल पुनः संचालन पर श्रमिक संगठन की मांगें, प्रबंधन से बकाया भुगतान व ज्वाइनिंग की अपील...03

संकुल प्राचार्य राजेश मिश्रा की मनमानी इतनी की विद्यर्थिय परेशान....12

# SIR का काउंट डाउन: बंगाल और यूपी में कितना पूरा हुआ काम

देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है. स्ढ्रक्रके तहत राज्यों में चल रहे फॉर्म वितरण और डिजिटलीकरण दोनों काम तेजी से पूरे किए जा रहे हैं. बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद अब देश के 12 अन्य राज्यों में यह प्रक्रिया मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है. केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि इन राज्यों में 99.95 प्रतिशत से अधिक फॉर्म मतदाताओं तक पहुंच चुके हैं, जिसमें से 98.69 प्रतिशत फॉर्म का डिजिटलीकरण किया जा चुका है.

चुनाव आयोग की ओर से सोमवार को जानकारी दी गई कि स्ढ्रक्रफॉर्म वितरण राष्ट्रीय स्तर पर लगभग पूरा हो चुका है. कुल 50.99 करोड़ पात्र मतदाताओं में से 50.95 करोड़ लोगों को फॉर्म सौंपे जा चुके हैं. यह पूरा अभियान 11 दिसंबर तक जारी रहेगा. फॉर्म वितरण का ये प्रतिशत बताता है कि चुनावी तैयारी में जुटी मशीनरी काफी सक्रिय है और हर जिले में टीमें तय समय पर अपना लक्ष्य हासिल कर लेंगी. गोवा और लक्षद्वीप जैसे छोटे क्षेत्र पहले ही 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण पूरा कर चुके हैं. इनके अलावा अंडमान-निकोबार, मध्य प्रदेश, पडुचेरी, छत्तीसगढ़, गुजरात, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और तमिलनाडु में भी डिजिटलीकरण दर 99 प्रतिशत से ऊपर पहुंच चुकी है. देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भी 99.95 प्रतिशत फॉर्म बांटे जा चुके हैं, जबकि 96.91 प्रतिशत फॉर्म को डिजिटल रिकॉर्ड में डाला जा चुका है. डिजिटल रिकॉर्ड बनाने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और 50.33 करोड़ से अधिक फॉर्म डिजिटल रिकॉर्ड में डाले जा चुके हैं

**बंगाल में तेजी से बढ़ी रफ्तार, यूपी में डिजिटल प्रक्रिया धीमी**

पश्चिम बंगाल में कुल 7.66 करोड़ फॉर्मों में से लगभग सभी फॉर्म वितरित हो चुके हैं. इसमें से 99 प्रतिशत से अधिक डिजिटलीकरण होने से राज्य का प्रदर्शन देश में सबसे अच्छे राज्यों में शामिल हो गया है. गुजरात और मध्य प्रदेश ने भी वितरण में लगभग पूर्णता हासिल कर ली है, जिससे चुनाव आयोग की तैयारियों को गति मिली है.

वहीं, उत्तर प्रदेश एक ऐसा राज्य है जहां वितरण तो तेजी से हुआ है, लेकिन डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने का काम सबसे धीमी गति से आगे बढ़ रहा है. आयोग ने जो आंकड़े जारी किए हैं उसके मुताबिक राज्य में 15.53 करोड़ फॉर्म बांटे जा चुके हैं जबकि इन फॉर्म में से 14.96 करोड़ फॉर्म को डिजिटल रिकॉर्ड में डाला जा चुका है. इन आंकड़ों को प्रतिशत में देखें तो 99.95 प्रतिशत फॉर्म बांटे गए जबकि 96.91 प्रतिशत फार्म का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा चुका है.

**98.69% फॉर्म डिजिटल रिकॉर्ड में डाले जा चुके हैं**

फॉर्म को भरने के बाद उसे डिजिटल रिकॉर्ड में डालना जरूरी है. इससे आगे होने वाली सत्यापन और डेटा अपडेट प्रक्रिया सहज और तेज बनती है. आयोग के अनुसार, अब तक 50.33 करोड़ फॉर्म डिजिटल किए जा चुके हैं, जिससे डिजिटलीकरण दर 98.69 प्रतिशत तक पहुंच गई है. यह दर बताती है कि फिजिकल फॉर्म जमा होने के तुरंत बाद उनका ऑनलाइन रिकॉर्ड बनाने पर जोर दिया जा रहा है.

डेडलाइन करीब आने के साथ राज्यों में इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है. पश्चिम बंगाल में जहां डिजिटलीकरण 99.64 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, वहीं उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा अभी 96.91 प्रतिशत के आसपास है. मतदाताओं की अत्यधिक संख्या और भौगोलिक विस्तार के चलते यूपी में यह काम अपेक्षाकृत थोड़ा पीछे चल रहा है.





**ज्यादातर राज्यों में पूरा होने वाला है टारगेट**

12 राज्यों में से 9 राज्यों में फॉर्म वितरण से लेकर डिजिटलीकरण तक का काम लगभग 99 प्रतिशत के ऊपर पूरा हो चुका है. लक्षद्वीप में तो ये 100 प्रतिशत तक पूरा किया जा चुका है. मध्य प्रदेश में 99.97 प्रतिशत, अंडमान और निकोबार में 99.90 प्रतिशत, पुडुचेरी में 99.90 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 99.89 प्रतिशत, गोवा में 99.89 प्रतिशत, गुजरात में 99.68 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल 99.64 प्रतिशत, राजस्थान में 99.59 प्रतिशत जबकि तमिलनाडु में 99.27 प्रतिशत तक काम पूरा किया जा चुका है.

केरला में फॉर्म के डिजिटलीकरण का 97.42 प्रतिशत जबकि उत्तर प्रदेश में 96.91 प्रतिशत तक काम पूरा किया जा चुका है. चुनाव आयोग का कहना है कि इन राज्यों में स्थानीय परिस्थितियों और कर्मियों की सीमाओं के कारण कुछ देरी हुई है, लेकिन शेष कार्य जल्द पूरा होने की उम्मीद है

**कुछ जगहों पर SIR का काम अस्थायी रूप से रोका गया**

विशेष परिस्थिति में आयोग ने स्पष्ट किया है कि राजस्थान के आंकड़ों में अंता विधानसभा क्षेत्र को शामिल नहीं किया गया है. यहां उपचुनाव की प्रक्रिया चलने के कारण मतदाता सूची का संशोधन फिलहाल स्थगित किया गया है. उपचुनाव पूर्ण होने के बाद यहां भी पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

**लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने वाला अभियान है SIR**

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने वाली प्रक्रिया है. सही सूची से ही चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित किए जा सकते हैं. चुनाव आयोग की ताजा रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि अधिकांश राज्यों में यह अभियान सफलता से आगे बढ़ रहा है. हालांकि कुछ राज्यों में डिजिटलीकरण धीमा है, फिर भी संपूर्ण प्रगति यह दिखाती है कि देश आने वाले चुनावों के लिए तेजी से तैयार हो रहा है. यदि निर्धारित समय में सभी राज्यों में फॉर्म वितरण और डिजिटलीकरण पूर्ण हो जाता है, तो भारत एक और सटीक, मजबूत और विश्वसनीय मतदाता सूची के साथ अगले चुनाव में प्रवेश करेगा '

# सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट जजों की नियुक्ति में आरक्षण नहीं... सरकार ने लोकसभा में दिया जवाब

**● केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति में कोई आरक्षण नहीं है. संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 224 में इसका प्रावधान नहीं है. सरकार न्यायपालिका में सामाजिक विविधता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और हाई कोर्ट से SC-ST, OBC महिला उम्मीदवारों पर विचार करने का आग्रह करती है, लेकिन अंतिम निर्णय सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम का होता है**



केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति के लिए संविधान में किसी भी जाति या वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं है. मंगलवार को लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 224 के तहत जजों की नियुक्ति होती है, जिनमें आरक्षण शामिल नहीं है. इसी कारण सरकार श्रेणीवार डेटा भी नहीं रखती।सरकार ने बताया कि 2018 से हाई कोर्ट जज के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों से उनकी सामाजिक पृष्ठभूमि का विवरण मांगा जा रहा है. उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2018 से 28 नवंबर 2025 के बीच कुल 841 जज नियुक्त हुए, जिनमें 32 SC, 17 ST, 103 OBC, 46 अल्पसंख्यक समुदायों से और 129 महिलाएँ शामिल हैं.

**लोकसभा में क्या बोले मंत्री रामदास अठावले?**

केंद्रीय मंत्री अठावले ने बताया कि मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर (MoP) के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने की जिम्मेदारी मुख्य न्यायाधीश की होती है, जबकि हाई कोर्ट के जजों के प्रस्ताव संबंधित हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भेजते हैं।

सरकार ने कहा कि वह न्यायपालिका में सामाजिक विविधता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों से SC, ST, OBC, अल्पसंख्यक समुदायों और महिलाओं के योग्य उम्मीदवारों पर उचित विचार करने का आग्रह करती रही है. अंततः सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में नियुक्ति केवल उन्हीं व्यक्तियों की होती है जिन्हें सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम अनुशंसित करता है.

**विपक्ष की ओर से उठाए गए थे सवाल**

हाल फिलहाल में हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति के लिए आरक्षण के प्रावधान को लेकर विपक्ष की ओर से कई सवाल उठाए गए थे. जिसके बाद अब सरकार ने साफ कर दिया है कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजो की नियुक्ति के लिए संविधान में किसी भी वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं है. दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत कथित अपराध के लिए कुछ आरोपियों के खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही सोमवार को रद्द कर दिया और कहा कि शिकायतकर्ता के घर को सार्वजनिक स्थल नहीं माना जा सकता. जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि पूर्ववर्ती भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत कथित अपराधों के लिए उनके खिलाफ कार्यवाही कानून के अनुसार जारी रहेगी।

### नोएडा: संदिग्ध हालात में सोसायटी की 16वीं मंजिल से गिरकर महिला की मौत, पारिवारिक कलह में आत्महत्या का शक

नोएडा। सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के सेक्टर-74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसायटी की 16वीं मंजिल की बालकनी से रविवार रात एक महिला संदिग्धावस्था में नीचे गिरकर घायल हो गई। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सुसाइड नोट मिलने व स्वजन से कोई शिकायत मिलने के बारे में इनकार किया है। उधर, चर्चा है कि महिला ने पारिवारिक कलह में जान दी है। लखनऊ के सीतापुर रोड स्थित सिंह कॉलोनी की प्रियंका तिवारी आइटी कंपनी में काम करती थीं। 11 साल पहले प्रियंका की दोस्ती कार्यालय में काम करने वाले हिमाचल प्रदेश के कृष्ण कुमार से हुई थी। दोनों करीब आठ साले से केपटाउन सोसायटी में रह रहे थे। दोनों ने तीन साल पहले कृष्ण से शादी की थी। पिछले कुछ समय से प्रियंका नौकरी नहीं कर रही थी। रविवार रात को दंपती फ्लैट पर थे। करीब आठ बजे प्रियंका बालकनी में गई थीं। इसी बीच बालकनी से सिर के बल गिर गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पति ने महिला के जान देने की जानकारी दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद ले रहे हैं। महिला का मोवाइल भी कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कानपुर मानिकपुर मेमो ट्रेन बंद होने से आमजन परेशान





**हमीरपुर-** बांदा, अतर्रा रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक दोहरीकरण कार्य के चलते 5 दिसंबर से बंद की गई कानपुर मानिकपुर मेमू से लोग परेशान हैं।सबसे ज्यादा परेशानी दैनिक यात्रियों ,नौकरी करने वालों और व्यापारियों को हो रही है?। लोगों को ट्रेन के बजाय बसो से यात्रा करने को मजबूर होना पड़ता है। वहीं रोजाना सैकड़ो यात्रियों को जानकारी नहीं होने के कारण वापस लौटने को मजबूर होना पड़ता है। बांदा अतर्रा के मध्य रेलवे के दोहरीकरण कार्य के चलते गत 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक कानपुर मानिकपुर मेमू को संचालन सुबह शाम ठप कर दिया गया है। इससे यात्री परेशान है दैनिक यात्री महेश कुमार, धीरू यादव, शिवनारायण धुरिया, अनुज गुप्ता, गुड्डू गुप्ता आदि ने बताया कि सुबह शाम बांदा, अतर्रा, कर्वी, मानिकपुर, कानपुर, घाटमपुर, भीमसेन आदि जगहों पर जाने के लिए बेहद परेशानी होती है। मजबूर होकर बसो से यात्रा करनी पड़ती है क्योंकि सुबह शाम ऐसी कोई ट्रेन नहीं है जिससे दोनों की यात्रा की जा सके उत्तर मध्य रेलवे झांसी की जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि डिंगवाही के समीप दोहरीकरण के कारण इस रूट की कुछ ट्रेनों को 11 दिसंबर तक निरस्त किया गया है। कार्य पूर्ण होते है इनका संचालन पूर्व की भांति किया जाएगा।

### सड़क हादसे मे आटो सवार व्यक्ति घायल

**गोपीगंज।** ज्ञानपुर मार्ग पर लालापुर गांव के पास मंगलवार को दिन में हुए सड़क हादसे मे जयप्रकाश 50 वर्ष निवासी मामदेवपुर भदोही घायल हो गए। मामदेवपुर निवासी जयप्रकाश रविवार को गोपीगंज थाना क्षेत्र के गिराई गांव ससुराल आए थे।मंगलवार को आटो से भदोही जा रहे थे,लालापुर के पास आटो व बाइक की टक्कर के दौरान सड़क पर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए।इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बीती रात एक बड़ा हादसा टल गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**आजमगढ़** राष्ट्रीय ओलमा कौंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना आमिर रशादी बीती रात आजमगढ़ से लखनऊ की ओर जा रहे थे। लगभग रात 11:30 बजे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 198 किलोमीटर मार्कर के पास विपरीत दिशा से अचानक एक जंगली जानवर तेज़ गति से आकर उनकी गाड़ी से टकरा गया। अचानक हुई इस टक्कर से मौलाना की स्ङ्क कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी पर अच्छी बात ये रही कि गाड़ी में मौजूद मौलाना और अन्य यात्रियों में से किसी को कोई गंभीर चोट नही आयी जिससे कि बड़ा हादसा होने से टल गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन सौभाग्य से सभी लोग सुरक्षित रहे और केवल मामूली चोटें आई। घटना की सूचना तुरंत एक्सप्रेसवे के इमरजेंसी नंबर पर दी गई, जिसके बाद पेट्रोलिंग टीम तत्काल मौके पर पहुँची। मीडिया से बातचीत में मौलाना आमिर रशादी ने इस दुर्घटना को सुरक्षा व्यवस्थाओं की गंभीर कमी और एक्सप्रेसवे प्रबंधन की बड़ी खामी करार दिया। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर नीलगाय और अन्य जंगली जानवरों से टकराव की घटनाएँ पहले भी कई हो चुकी हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

उन्होंने कहा, 'एक्सप्रेसवे पर किसी जंगली जानवर का पहुँचना ही यह साबित करता है कि सुरक्षा इंतज़ाम बेहद कमजोर हैं। यह स्थिति यात्रियों की जान को हमेशा जोखिम में डालती है। इतना महंगा टोल टैक्स देने के बाद भी यदि सुरक्षित सड़क उपलब्ध न हो, तो यह अत्यंत चिंताजनक है। पूरे एक्सप्रेसवे की तत्काल फेंसिंग कराना आवश्यक है ताकि भविष्य में किसी और के साथ ऐसी घटना दोबारा न हो। आम जनता एक्सप्रेसवे का उपयोग सुरक्षित और निर्बाध यात्रा के लिए करती है।

# टीईटी के खिलाफ 11 को दिल्ली में धरना देंगे शिक्षक

**● अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर लाखों की संख्या में जंतर-मंतर पहुंचेंगे शिक्षक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**(ललितपुर)** सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता को लेकर दिए गए आदेश के खिलाफ शिक्षक संगठनों का आंदोलन तेज हो गया है। पिछले तीन महीनों से शिक्षक संगठन जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दे रहे हैं,हस्ताक्षर अभियान चलाकर अपनी आवाज उठा रहे हैं। जिलाधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री,केंद्रीय शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापनों के बीच अब कई सांसदों ने भी संसद में टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग रख दी है। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने आनलाइन बैठक कर 11 दिसंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले धरने की रणनीति तय की। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने बैठक में जिला और ब्लाक स्तर से दिल्ली आने वाले शिक्षकों की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन अब निर्णायक चरण में है।प्रांतीय पदाधिकारियों ने भी धरने को सफल बनाने की प्रतिबद्धता जताई। संघ ने उन सांसदों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने संसद में टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ आवाज उठाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यदि टीईटी की शर्त समाप्त होती है तो उत्तर प्रदेश के लगभग दो लाख पचास हजार शिक्षक और देशभर के करीब 28 लाख शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने पदाधिकारियों से अपील की कि वे अन्य सांसदों से भी संपर्क बढ़ाएं और इस मुद्दे को संसद में उठाने का आग्रह करें, ताकि शिक्षकों को इस अव्यावहारिक आदेश से राहत मिल सके।।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ललितपुर के जिलाध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री विनोद निरंजन ने बताया कि आनलाइन बैठक के पश्चात दिल्ली में आयोजित होने वाले विशाल धरना की रणनीति तय कर ली गई है। जनपद से सैकडों की संख्या में शिक्षक- शिक्षिकाएं कल दिल्ली के लिए रवाना होंगे।उन्होंने बताया कि झांसी-ललितपुर लोकसभा के सांसद अनुराग शर्मा को पूर्व में ज्ञापन सौंपा गया है।संगठन के माध्यम से मांग की गई कि ससंद के सत्र में टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर प्रश्न करके टीईटी अनिवार्यता की समाप्ति पर चर्चा करने की मांग की है।







**इनका कहना है?**

01- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर टीईटी के विरोध में आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार कर ली गई।जनपद से सैकडों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं धरना प्रदर्शन में पहुंचेंगे। -विनोद निरंजन जिलाध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री

उत्तर -प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ललितपुर

02- वर्ष 2011 के पूर्व में चयनित शिक्षक,

शिक्षिकाओं को टीईटी परीक्षा से दूर रखा जाए। माननीय न्यायालय के आदेश के बाद से देशभर के लाखों शिक्षक,शिक्षिकाएं मानसिक तनाव से ग्रसित हैं।केंद्र सरकार द्वारा ससंद के शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे पर चर्चा कर टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए।

शकुंतला कुशवाहा -

जिलामंत्री एवं प्रदेश

संघठनमंत्री-

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ

03- हाल ही में देश के कई राज्यों के शिक्षकों ने सामूहिक रूप से स्कूलों में तालाबंदी करके टीईटी की अनिवार्यता की समाप्ति की मांग की है। टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त नहीं किया जाता है तो शिक्षक सडकों पर उतरने के लिए मजबूर होंगें। अनिल त्रिपाठी

जिला कोषाध्यक्ष

उत्तर -प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ

## गांवों को रोशन करने के नाम पर करोड़ों का खेल, स्ट्रीट लाइट खरीद में भारी भ्रष्टाचार का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गोण्डा।** जनपद की ग्राम पंचायतों में प्रकाश व्यवस्था के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का गंभीर मामला सामने आया है। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा गांवों को रोशन करने के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत में खंभों पर लगी हैलोजन लाइटों की खरीद-फरोख्त में जमकर घोटाला किया गया है।सूत्रों के अनुसार जनपद के 16 विकास खंडों के 1214 गांवों में सड़क एवं गलियों की रोशनी के लिए लाखों-करोड़ों रुपये का भुगतान कर दिया गया, जबकि मौके पर मानकविहीन और बेहद कम कीमत की लाइटें लगाई गई हैं। आरोप है कि कम दाम की लाइटों को अधिक मूल्य का दिखाकर भुगतान कराया गया और सरकारी धन की खुलेआम बंदरबांट की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि कई गांवों में लगी लाइटें कुछ ही दिनों में खराब हो गई, जिससे भ्रष्टाचार की पोल खुद ही खुल गई। शिकायत मिलने के बाद यह भी सामने आया है कि खरीद प्रक्रिया में न तो गुणवत्ता का ध्यान रखा गया और न ही निर्धारित मानकों का पालन किया गया।ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की शिकायत विभागीय अधिकारियों से लेकर उच्च प्रशासन तक की है और निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब करोड़ों रुपये खर्च किए गए, तो फिर गांव आज भी अंधेरे में क्यों डूबे हैं?

**दुकानदार की भूमिका भी संदिग्ध, भ्रष्टाचार में संलिप्तता के आरोप**

इस पूरे घोटाले में लाइट सप्लाई करने वाले दुकानदार की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकानदार ने जानबूझकर कम गुणवत्ता और बेहद सस्ती हैलोजन लाइटों की आपूर्ति की, जबकि कागजों में महंगे ब्रांड और उच्च गुणवत्ता की लाइटें दर्शाकर बिल लगाए गए। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह खेल केवल अधिकारियों तक सीमित नहीं, बल्कि इसमें दुकानदार की सीधी मिलीभगत भी शामिल है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि दुकानदार की भी संपत्ति, खरीद बिल, स्टॉक रजिस्टर और भुगतान विवरण की जांच कराई जाए, ताकि पूरे भ्रष्टाचार के नेटवर्क का पर्दाफाश हो सके। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश कि गई लेकिन पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी। कार चालक ऋषभ भी घायल

### नोएडा में 10 दिसंबर से मुफ्त राशन वितरण शुरू, करीब 2 लाख परिवार को मिलेगा लाभ

**ग्रेटर नोएडा।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के तहत राशन वितरण दस दिसंबर से शुरू हो जाएगा। इसमें अंत्योदय व पात्र गृहस्थ उपभोक्ताओं को निःशुल्क राशन बांटा जाएगा। खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 25 नवंबर निर्धारित की गई है। प्रभारी डीएसओ स्मृति गौतम ने बताया कि अंत्योदय व पात्र उपभोक्ताओं को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत निश्शुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। सुबह आठ बजे से 12 बजे व दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक ई-पास मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के उपरांत निश्शुल्क खाद्यान्न वितरित होगा। अंत्योदय कार्ड धारकों को अक्टूबर, नवंबर व दिसंबर के सापेक्ष तीन किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से कुल 54 रुपए में वितरित की जाएगी। अंत्योदय उपभोक्ताओं को प्रति राशन कार्ड 21 किलो चावल व 14 किलो गेंहू बांटा जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थ उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट तीन किलो चावल व दो किलो गेंहू का वितरण किया जाएगा।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने पति के पक्ष में तलाक के फैसले को रखा बरकरार, कहा- पत्नी का व्यवहार मानसिक क्रूरता के बराबर था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** तलाक से जुड़े पारिवारिक अदालत के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने पति के पक्ष में दिए गए तलाक के फैसले को बरकरार रखा। अदालत ने पाया कि शादी शुरू से ही अधूरी रही और अपील करने वाली पत्नी का व्यवहार मानसिक क्रूरता के बराबर था। न्यायमूर्ति अनिल क्षत्रपाल व न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने कहा कि छह मई 2017 को शादी के बाद से पति-पत्नी केवल थोड़े समय के लिए एक साथ रहे और 26 जून 2017 से लगातार अलग रह रहे हैं। अदालत ने रिकॉर्ड पर लिया कि पारिवारिक अदालत ने पाया कि काउंसलिंग सेशन और कार्यवाही के दौरान सुलह के कई प्रयासों के बावजूद दोनों पक्ष एक साथ रहना फिर से शुरू नहीं किया।

अदालत ने उक्त टिप्पणी पारिवारिक अदालत के निर्णय को चुनौती देने वाली पत्नी की याचिका पर की। पति ने तर्क दिया था कि शादी शुरू से ही अधूरी रही और अपीलकर्ता ने





शारीरिक संबंध और सामान्य वैवाहिक जिम्मेदारियां नहीं निभाई। वहीं, महिला ने आरोपों से इन्कार करते हुए तर्क दिया कि वह हमेशा प्रतिवादी के साथ रहने और अपने वैवाहिक कर्तव्यों का पालन करने के लिए तैयार थी। महिला ने दलील दी कि याची और उसके परिवार के सदस्यों ने उससे दहेज और पैसे की मांग की और ऐसी गैरकानूनी मांगों को मानने से इन्कार करने पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। हालांकि, अदालत ने पाया कि महिला द्वारा लगाए गए दहेज की मांग के आरोपों को पारिवारिक अदालत ने तथ्यों के अभाव में खारिज कर दिया था। अदालत ने कहा कि शादी के शुरूआत से ही लंबे समय तक लगातार अलग रहना इस नतीजे का समर्थन करती है कि शादी का रिश्ता शुरुआती दौर में ही बुरी तरह टूट गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### बस्ती में चौकीदार की अर्थी को कंधा देकर मिसाल बने चौकी इंचार्ज रतीश



**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबैलिया थाना क्षेत्र के डेईडीहा चौकी इंचार्ज रतीश चंचल पाण्डेय ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक सराहनीय कार्य किया है। दुबौलिया थाने पर तैनात चौकीदार परदेसी उर्फ भकालू के निधन की सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज रतीश चंचल पाण्डेय मय फोर्स के साथ ग्राम पायकपुर पहुंचे। परिवार के दुःख में सहभागी बनते हुए उन्होंने न सिर्फ अर्थी को कंधा दिया, बल्कि अंतिम संस्कार में भी पूरे सम्मान के साथ शामिल हुए। उनके इस कदम से क्षेत्र में पुलिस की मानवीय छवि की सराहना की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कठिन समय में पुलिस द्वारा किया गया ऐसा सहयोग परिवार के लिए बड़ी संबल साबित हुआ। स्थानीय लोगों ने चौकी इंचार्ज के इस संवेदनशील और मानवीय व्यवहार की प्रशंसा की है।

### गन्ना तौल केंद्र के पास गन्ने के खेत के किनारे मिली युवक की लाश



**बस्ती।** बस्ती जिले केथाना कलवारी क्षेत्र के तुरकौलिया गांव निवासी 25 वर्षीय संदीप चौधरी का शव सोमवार सुबह गांव के पूर्व स्थित गन्ना तौल केंद्र के पास गन्ने के खेत के किनारे बरामद हुआ। शव देख स्थानीय लोगों ने तुरंत परिजनों के साथ ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष कलवारी गजेन्द्र प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रहरी बंश बहादुर द्वारा सूचना दी गई थी कि गांव के संदीप चौधरी, उम्र लगभग 25 वर्ष, का शव खेत के पास सड़क किनारे पड़ा है। परिजन शव को मौके से उठाकर घर ले आए थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों के अनुसार संदीप चौधरी शराब के आदी थे तथा आए दिन घर से निकल जाते थे। रविवार की शाम भी वह शराब पीने के लिए घर से गए थे और रात में वापस नहीं लौटे। सुबह परिजनों ने खोजबीन की तो जानकारी मिली कि वह गन्ना तौल केंद्र के पास खेत के किनारे पड़े हैं। पास जाकर देखने पर कोई हरकत न होने पर परिजन उसे घर लेकर आए। परिजनों का कहना है कि मृतक लंबे समय से शराब की लत से परेशान था, खाने-पीने पर ध्यान नहीं देता था और अक्सर बीमार रहता था। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष कलवारी गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दबंगों ने तोड़ दिया दुर्गेश का घर, नेवासे पर रहते हैं दुर्गेश



**बस्ती।** बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के पिपरपाती मुस्तहकम के मूल निवासी दुर्गेश यादव ने कुदरहा पुलिस चौकी को तहरीर देकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही और न्याय दिलाने की मांग किया है। तहरीर में दुर्गेश यादव ने कहा है कि वे डिहुकपुरा उर्फ शुकुलपुर बेलवरिया गांव में नेवासे पर रहते हैं। 8 दिसम्बर सोमवार को हेमन्त, यशवंत, सर्वजीत आदि ने जबरिया उनका घर तोड़ दिया। और पूरे परिवार की जान माल की धमकी देते हुए फरार हो गए उन्होने 112 पर पुलिस को सूचना दिया किन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई। कुदरत चौकी पर शिकायत प्रार्थना पत्र दिया उन्होने दबंगों द्वारा जबरिया घर को तोड़ देने के मामले में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई और अपने जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है। लेकिन कोई कार्रवाई न होने से मजबूर होकर उच्च अधिकारियों प्रार्थना पत्र देते हुए दबंग के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग किया तथा अपने जान माल की सुरक्षा की मांग की गई लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई न होने से दबंगों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

# मतदाता सूची संशोधन में लापरवाही और फॉर्म भरने के नाम पर अवैध

**●मतदाता सूची संशोधन में लापरवाही और अवैध वसूली की शिकायतें, ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ की कार्यशैली पर उठे सवाल**

**देशव्यापी अभियान में अव्यवस्था की तस्वीरें सामने आईं**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

देशभर में चुनाव आयोग द्वारा चलाया जा रहा मतदाता सूची संशोधन अभियान एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है। गांव-गांव और मोहल्लों तक पहुंचकर मतदाता सूची को अद्यतन करने की जिम्मेदारी बूथ लेवल अधिकारियों (BLO) को सौंपी गई है, लेकिन जमीनी स्तर से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, वे व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर करती हैं।सूत्रों के अनुसार कई ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा मतदाता फॉर्म भरवाने के बदले 100 रुपये तक वसूले जाने की शिकायतें मिल रही हैं। जबकि आयोग ने इन सेवाओं को पूरी तरह निशुल्क रखा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फॉर्म भरने के नाम पर अवैध वसूली से भोले भाले ग्रामीण परेशान हैं।समस्या यहीं समाप्त नहीं होती। कई बीएलओ को फॉर्म भरने की बुनियादी प्रक्रिया का भी पर्याप्त ज्ञान नहीं है, जिसके कारण वे खुद फॉर्म भरने के बजाय दूसरों से भरवा रही हैं। अपूर्ण और गलत तरीके से भरे फॉर्म जब लेखपालों तक पहुंचते हैं, तो उनका पूरा समय त्रुटियां सुधारने में लग जाता है। इससे मतदाता सूची संशोधन की वास्तविक प्रक्रिया प्रभावित होती है और समयसीमा पर भी दबाव बढ़ता है।नियमों के मुताबिक बीएलओ को घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं से फॉर्म भरवाना था, लेकिन शिकायतें बताती हैं कि कई क्षेत्रों में बीएलओ खुद न जाकर दो-तीन लोगों के हाथ फॉर्म भिजवा देते हैं। अपूर्ण फॉर्म पुनः इकट्ठा कर जमा कर देने से पूरी प्रक्रिया असंगठित और अव्यवस्थित हो जाती है। इससे ग्रामीणों में यह धारणा भी बन रही है कि संशोधन प्रक्रिया औपचारिकता के रूप में संचालित की जा रही है, न कि गंभीरता से।लोगों का कहना है कि मतदाता सूची जैसे संवेदनशील और लोकतांत्रिक अधिकार से जुड़े कार्य में इस तरह की लापरवाही न सिर्फ प्रशासनिक कमजोरी को दर्शाती है बल्कि हजारों पात्र मतदाताओं के नाम सूची से छूटने का खतरा भी बढ़ाती है। वहीं लोगों का मानना है कि मतदाता सूची संशोधन जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य के लिए व्यापक प्रशिक्षण, निगरानी और पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जड़ें मजबूत रह सकें।

## मनरेगा साइड पर अपलोड फर्जी फोटो ने ग्राम पंचायत महेवा कुंवर के भ्रष्टाचार की खोली पोल

**●महिला मेट गौतम देवी ने पुराने फर्जी फोटो के सहारे पूर्ण किया आनलाइन फर्जी मस्टर रोलग्राम प्रधान , सचिव व टी ए से दुरंभि संधि करके मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाने में महिला मेट ने मारी बाजी**

**मिट्टी पटाई कार्य के नाम पर पूर्ण आनलाइन फर्जी मस्टर रोल का भुगतान रोकना बीडीओ हरैया के लिए बना चुनौती**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले कीतेज तर्रार जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्सना व मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल के कड़े निर्देश के बाद भी प्रत्येक विकास खण्डों में बढ़चढ़ कर भ्रष्टाचार चल रहा है और भ्रष्टाचार के रख वाले भी भ्रष्टाचार के दलदल में धंसते चले जा जा रहे हैं अर्थात् जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं तो अवश्य ही भ्रष्टाचार बढ़ेगा और भ्रष्टाचार को खत्म करना प्रदेश सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है । प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश का दावा करती है वह दावा पूरी तरह झूठी दिखाई दे रही है । विकासखण्ड हरैया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत महेवा कुंवर में महिला ग्राम प्रधान अनामिका सिंह ने मनरेगा कार्य के नाम पर फर्जी आनलाइन मस्टर रोल जारी करवाया फिर महिला मेट को मुह मांगा कमीशन दे कर पुराने फर्जी फोटो के सहारे आनलाइन जारी मस्टर रोल पर मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर फर्जी मस्टर रोल को पूर्ण किया है और अब बिना मनरेगा कार्य कराये ही पूर्ण फर्जी आनलाइन मस्टर रोल के कार्य को तकनीकी सहायक से एम बी कराकर सचिव द्वारा फाइल पर हस्ताक्षर कराकर फर्जी भुगतान कराने की तैयारी चल रही है । टीए व सचिव के द्वारा पूर्ण किये फाइल पर मनरेगा एपीओ हरैया का हस्ताक्षर होगा । अन्त में बीडीओ के हस्ताक्षर के बाद फाइल भुगतान हेतु आनलाइन फीड होगा । ग्राम प्रधान अनामिका सिंह का मतलब है कि जब सभी को कमीशन ही देना है तो धरातल पर विकास कार्य क्यों करायें ? महिला मेट गौतम देवी अपना हिस्सा कमीशन मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर वाह वाही लूट रही है । महिला मेट का उद्देश्य है कि हमें अपना हिस्सा कमीशन मिल ही रहा है चाहे ग्राम पंचायत में विकास कार्य हो या न हो हमें अपना हिस्सा कमीशन से मतलब रखना है । महिला मेट गौतम देवी ने गर्मी महीने में मनरेगा कार्य में प्रयोग पुराने फर्जी फोटो के सहारे बड़े ही बारीकी से उच्च अधिकारियों के आंख में धूल झोंककर फर्जी मस्टर रोल पूर्ण किया है । महिला मेट के द्वारा मिट्टी कार्य के नाम पर पूर्ण फर्जी मस्टर रोल का भुगतान रोकना खण्ड विकास अधिकारी हरैया के लिए चुनौती बना हुआ है । उक्त प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है ।

## विकास को समर्पित विधायक सुरेश पासी क्षेत्र वासियों को मिली विकास की बड़ी सौगात

**●132.62 लाख की लागत से कुड़वा घाट और किशनी घाट पर बनेंगे पीपी के पुल**

**विकास की मुख्य धारा से जुड़ेंगे नदी के किनारे के गांव**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार अमेठी।** 184 विधानसभा जगदीशपुर से विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री सुरेश पासी क्षेत्र के विकास को लेकर हमेशा प्रयत्नशील व समर्पित रहते हैं और विधानसभा का सर्वांगीण विकास कर रहे हैं?। विधायक के प्रयास से आज जगदीशपुर विधानसभा पूरे उत्तर प्रदेश में अपने विकास के लिए जाना जाता है, यहां की चमचमाती सड़के और शिक्षा व्यवस्था तथा चिकित्सा व्यवस्था बेहद ही सुदृढ़ है, गरीबों के सुख-दुख में भागीदार रहने वाले विधायक सुरेश पासी जहां जनसुनवाई के माध्यम से जनमानस की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण करते हैं, वहीं जनमानस के सुख-दुख में भागीदार रहते हैं तथा क्षेत्र के विकास को लेकर काफी सजग रहते हैं। और इसी कड़ी में राज्य योजनान्तर्गत (ग्रामीण) के कतिपय जनपदों के कुल तीन पाण्टून पुल के निर्माण की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें क्षेत्र के विकास को समर्पित विधायक सुरेश पासी के प्रयास से दो पाण्टून पुल जगदीशपुर विधानसभा में बनेंगे यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। जिसमें कुल 132.62 लाख की लागत से दोनों पुलों का निर्माण कार्य होगा, विधायक सुरेश पासी ने बताया कि विधानसभा अंतर्गत जगदीशपुर ब्लॉक के ग्राम सभा अतवारा में कुड़वा घाट गोमती नदी पर 62 . 54 लाख की लागत से पीपे के पुल का निर्माण कार्य होगा। वही विकासखंड शुकुल बाजार के अंतर्गत ग्राम सभा किशनी मे किशनी घाट गोमती नदी पर 70.08 लाख की लागत से पीपे के पुल का निर्माण कार्य होगा। उन्होंने कहा कि दोनों स्थानों पर पुल की अत्यंत आवश्यकता थी हजारों की आबादी को परेशानी होती थी जिसको देखते हुए पुल निर्माण का कार्य कराया गया है। पुल के निर्माण से नदी के किनारे के यह गांव विकास की मुख्य धारा से जुड़ेंगे तथा गांव में रहने वाले हजारों की आबादी को विशेष लाभ होगा। उन्होंने कहा काफी किसानों की जमीन नदी के उस पार थी पुल न होने के चलते उन्हें खेती बाड़ी में दिक्कत होती थी आने-जाने में परेशानी होती थी, पुल के निर्माण से इस पार और उसे पार के लोगों को विशेष सहूलियत होगी। वही क्षेत्र वासियों ने इस सराहनीय कार्य के लिए विधायक का आभार जताया।

## सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं पर सरकार की ढ़िलाई को लेकर बिफरे अधिवक्ता, जताया विरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़ ।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के मुद्दे पर प्रदेशव्यापी प्रतापगढ़ से निकली अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा मंगलवार को दोपहर बाराबंकी पहुंची। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की अगुवाई में लखनऊ से चलकर बाराबंकी पहुंची अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा को लेकर स्थानीय वकीलों को भी तेवर में देखा गया। अधिनियम से जुड़े मुद्दों को साथियों के बीच साझा करते हुए एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संसद सत्र में इस बार भी सरकार ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम का विधेयक पेश नही किया। उन्होने कहा कि इससे अधिवक्ताओं में असुरक्षा तथा असंतोष की भावना बढ़ती जा रही है। उन्होने कहा कि विभिन्न अधिवक्ता संगठनो से प्रदेश सरकार ने भी एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर प्रस्ताव मांगे। उन्होने कहा कि इसके बावजूद एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट लागू नही हो पा रहा है। उन्होने कहा कि सुरक्षा व सम्मान के मुद्दे पर यह आंदोलन और बढ़ेगा। एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने साथी अधिवक्ताओं को बताया कि राष्ट्रपति के नाम विभिन्न जिलों में पहुंच रही अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा के जरिए मांगो को लेकर हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन अगले माह जनवरी में सौपा जायेगा। उन्होने बताया कि इस अधिनियम में सुरक्षा के साथ युवा अधिवक्ताओ के लिए लाइब्रेरी प्रोत्साहन भत्ता, बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन आदि की मांगे भी शामिल रखी गयी है। यात्रा के प्रदेश संयोजक विकास मिश्र ने इस महत्वपूर्ण संघर्ष में अधिवक्ताओं से सहयोग व समर्थन मांगा। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता रामलखन शुक्ल, अमित कुमार शुक्ल, मालती यादव, केके पटेल, राम अवतार, सुरेशचंद्र शुक्ला, छोटेलाल वर्मा, पंकज निगम, अश्विनी सोनी, विजयकांत मिश्र, विनय कुमार, रमेश शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे।

### नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत थाना इन्हौना पुलिस द्वारा 20 ग्राम स्मैक के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त नौशाद पुत्र रहमत अली निवासी ग्राम कोटवा थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 45 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## ऑपरेशन कनविक्शन के तहत हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के अंतर्गत बलरामपुर में हत्या के एक बहुचर्चित मामले में अदालत ने दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों अभियुक्तों पर न्यायालय ने प्रति व्यक्ति 12-12 हजार रुपये के अर्थदंड का भी आदेश दिया। जानकारी के मुताबिक दिनांक 02 सितंबर 2019 को तुलसीपुर थाने में वादिनी द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ उसके पति की हत्या किए जाने की सूचना दी गई थी, जिस पर मुकदमा नंबर 176/19 धारा 302 व 201 आईपीसी के तहत पंजीकृत किया गया था। मामले की विवेचना निरीक्षक वकील पाण्डेय द्वारा की गई। जांच के दौरान घटना में संलिप्तता उजागर होने पर घनश्याम कोरी व उनकी सहयोगी चिनका देवी को अभियुक्त बनाया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में मामले की पैरवी विशेष रूप से मॉनीटरिंग सेल के तत्वावधान में की गई। पैरवी में अपर पुलिस अधीक्षक व मॉनीटरिंग सेल के नोडल प्रभारी विशाल पाण्डेय, जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी क्रि.) कुलदीप सिंह, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी बृजानंद सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक तुलसीपुर व उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही करीब चार वर्षों तक चले विचारण के बाद माननीय एएसजे, बलरामपुर की अदालत ने दोनों अभियुक्त–घनश्याम कोरी तथा चिनका देवी – को हत्या एवं सबूत मिटाने के अपराध में आजीवन कारावास व अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस विभाग ने इस निर्णय को ऑपरेशन कनविक्शन की एक बड़ी सफलता बताते हुए कहा है कि गंभीर अपराधों में दोषियों को कठोर दंड दिलाने के लिए आगे भी प्रभावी पैरवी जारी रहेगी।

## ओवरलोड वाहनों पर पुलिस की सख्ती, चारों सर्किलों में चला विशेष चेकिंग अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती पुलिस अधीक्षक बस्ती के कड़े निर्देश पर जनपद के चारों सर्किलों में ओवरलोड एवं ओवरहाइट वाहनों के विरुद्ध जोरदार चेकिंग अभियान चलाया गया। खासकर गन्ना लदे ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रालियों पर कड़ी नजर रखी गई। सैकड़ों वाहनों के चालान काटे गए और चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी दी गई।कलवारी सर्किल में ताबड़तोड़ कार्रवाई क्षेत्राधिकारी कलवारी के नेतृत्व में थाना दुबौलिया पुलिस ने रामजानकी मार्ग पर चौकसी अभियान चलाया। ओवरलोड और ओवरहाइट गन्ना लदे दर्जनों वाहनों के चालान काटे गए। वाहन स्वामियों व चालकों को स्पष्ट हिदायत दी गई कि नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।रूधौली में बस्ती-बांसी मार्ग पर सघन चेकिंग क्षेत्राधिकारी रूधौली की अगुवाई में बस्ती-बांसी मार्ग पर तैनात पुलिस टीम ने गन्ना परिवहन करने वाले ट्रक व ट्रैक्टर-ट्रालियों की गहन जांच की। ओवरलोड पाए गए सभी वाहनों का मौके पर ही चालान किया गया और चालकों को कड़ी फटकार लगाई गई।हरैया में नेशनल हाईवे पर शिकंजाक्षेत्राधिकारी हरैया के निर्देशन में थाना हरैया पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरलोड गन्ना वाहनों पर तगड़ा अंकुश लगाया। कई वाहनों के चालान काटकर चालकों को बार-बार चेतावनी दी गई कि आगे से ऐसा दुस्साहस न करें।

**सदर सर्किल में हड़िया चौकी क्षेत्र रहा निशाने पर**

क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने हड़िया चौकी क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाया। ओवरलोड एवं ओवरहाइट वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित सुरक्षा के लिए यह विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि निर्धारित भार एवं ऊंचाई से अधिक माल न लादें, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## चितौड़गढ़ नहर सफाई में लापरवाही उजागर

**●किसानों ने कहा– 'आधा-अधूरा काम कर चल रहे हैं भुगतान की तैयारी मल्दा माइनर का मामला**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पचपेड़वा/बलरामपुर।** क्षेत्र के चितौड़गढ़ सिंचाई विभाग के अंतर्गत नहरों में सिल्ट सफाई के नाम पर बड़े स्तर पर अनियमितता सामने आई है। नहरों की खुदाई का दावा किया गया, लेकिन मौके पर ली गई तस्वीरें और ग्रामीणों की शिकायतें यह स्पष्ट दिखाती हैं कि सफाई आधी छोड़-छोड़कर की गई है। कई जगह केवल ऊपर की परत हटाकर काम दिखाने की कोशिश की गई है, जबकि अंदर गहरी सिल्ट ज्यों की त्यों जमा है। स्थानीय किसानों के अनुसार बीते वर्ष भी ऐसी ही खानापूर्ति की गई थी, जिसके चलते खेतों तक पानी देर से पहुंचा और फसलें बुरी तरह प्रभावित हुईं। किसान कहते हैं कि इस बार भी वही कहानी दोहराई जा रही है। इस कार्य में केवल मिट्टी को इधर-उधर हटाकर फोटो खिंचवाने और रिपोर्ट बनाने की तैयारी है, जबकि असल काम अधूरा ही छोड़ दिया गया है।

**मौके पर साफ दिखाई दे रहा—जहां काम दिखाना था केवल वहीं मिट्टी हटाई गई**

कुछ किसानों ने बताया कि नहर के किनारे-किनारे केवल कुछ मीटर हिस्सों को साफ किया गया, और बीच का बड़ा हिस्सा बिल्कुल untouched छोड़ दिया गया। जिस कारण पानी का बहाव सुचारू नहीं रह पाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारी और ठेकेदार दोनों की मिलीभगत से किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है।

**रबी सीजन में पानी न मिलने से बड़ा नुकसान**

रबी फसल के समय गेहूं, चना, सरसों आदि को समय-समय पर सिंचाई की आवश्यकता होती है। यदि नहरों में अवरोध रहा तो गांवों के अंतिम छोर वाले खेतों में पानी पहुंच ही नहीं पाएगा। इस पूरे क्षेत्र में हजारों किसान सिंचाई के लिए इन्हीं नहरों पर निर्भर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पानी समय पर नहीं पहुंचा तो उत्पादन पर भारी असर पड़ेगा और सरकारी दावे हवा हो जाएंगे।

**टेंडर में पूरी नहर सफाई—जमीन पर आधा-अधूरा काम**

किसानों ने आरोप लगाया कि टेंडर में पूरी नहर की गहराई तक सफाई का प्रावधान है, लेकिन ठेकेदार केवल वही हिस्सा साफ कर रहे हैं, जहां उन्हें निरीक्षण की आशंका लगती है। बाकी हिस्से पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि भुगतान लेने की होड़ में काम को नाम मात्र के रूप में पूरा कर दिया जा रहा है।

**किसानों ने दिया शिकायत दर्ज कराने का फैसला**

कई गांवों के किसान अब संयुक्त रूप से शिकायत तैयार कर रहे हैं और इसे जिलाधिकारी व जिले के सिंचाई विभाग कार्यालय में सौंपने की तैयारी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सही सफाई नहीं कराई गई तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

**किसानों की कड़ी टिप्पणी**

'वास्तविक सफाई छोड़कर केवल आधा-अधूरा काम किया गया है। नहर में कचरा अभी भी भरा पड़ा है। इस तरीके से पानी कब तक पहुंचेगा किसान समझ नहीं पा रहे '–किसानों ने कहा।कुल मिलाकर सिल्ट सफाई का कार्य कागज़ों पर पूरा, जमीनी हकीकत आधी-अधूरी ग्रामीणों ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि भुगतान रोका जाए और पूरी नहर की सफाई दोबारा कराई जाए, तभी किसानों को लाभ मिल सकेगा।

### पुलिस ने दर्ज कराया मारपीट का मुकदमा



**लालगंज, प्रतापगढ़।** रास्ते के विवाद को लेकर पुलिस ने दोनों पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना के उप निरीक्षक घनश्याम यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती आठ दिसंबर को दोपहर करीब तीन बजे सांई धाम रामपुर कसिहा में पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही महेश वर्मा पुत्र लालजी वर्मा व अवधेश वर्मा पुत्र रामेश्वर वर्मा विवाद करने लगे। आरोप है कि इसी बीच महेश वर्मा पक्ष के रोहित उर्फ कल्लू, रमेश तथा दूसरे पक्ष के दिलीप, संजय तथा कुछ अज्ञात लोग सड़क पर एकत्रित होकर एक दूसरे का रास्ता अवरूद्ध करने लगे। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षो मे मारपीट भी हुई। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि उप निरीक्षक की तहरीर पर दोनों पक्षों के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सोनिया गांधी संघर्ष संवेदना एवं संगठन शक्ति की प्रतिमूर्ति हैं - नीरज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन,प्रतापगढ़ पर मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी का जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर एवं एक दूसरे को लडडू खिलाकर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसार पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि सोनिया गांधी संघर्ष,संवेदना और संगठन शक्ति की प्रतिमूर्ति हैद्य सोनिया गांधी का जीवन त्याग, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। उनके मार्गदर्शन में कांग्रेस संगठन ने सदैव मानवता और सामाजिक न्याय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।जिला प्रवक्ता मासूम हैदर एवं अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज ने कहा कि सोनिया गांधी की सोच गरीबों और वंचितों को अधिकार दिलाने के लिये हमेशा प्रेरित करती है। सोनिया गांधी का नेतृत्व सदैव देश के युवाओं को नई दिशा और प्रेरणा देता रहा है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मीरा देवी गौतम, जिला महासचिव चन्द्रनाथ शुक्ल, सुधीर तिवारी, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो. वसीम, मान्धाता ब्लॉक अध्यक्ष मो.असलम, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, फरहान प्रतापगढ़ी, जिला सचिव मो. दिलशाद,राम मनोहर गौतम, रामधन यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रंग लाई सपा नेता शुभम रस्तोगी की मेहनत



**बिसवां (सीतापुर)।** ग्राम पंचायत के बदहाल पड़े जिस मार्ग पर कुछ माह पूर्व सपा नेता शुभम रस्तोगी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर धान रोपकर विरोध जताया था, अब उस सड़क पर शासन द्वारा खड़ंजा लगवाने का कार्य शुरू करा दिया गया है। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी यह सड़क बरसात के दिनों में दलदल बन जाती थी, जिससे ग्रामीणों, किसानों और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सपा नेता शुभम रस्तोगी की शिकायत के बाद प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया और संबंधित विभाग को सड़क निर्माण की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में मार्ग पर खड़ंजा बिछाने का कार्य शुरू होने से लोगों में खुशी की लहर है। खड़ंजा लगने के बाद अब इस मार्ग पर आवागमन सुगम हो गया है। खेतों तक पहुंचना आसान हुआ है और बढ़हरपुरवा से भिटमनी मार्ग के सुधार से आसपास के गांवों को भी लाभ मिलेगा। सपा नेता शुभम रस्तोगी ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि समय पर सड़क निर्माण होने से गांव का विकास भी तेजी से आगे बढ़ेगा।

### कांग्रेसियों ने बड़े धूमधाम से मनाया पूर्व सांसद श्रीमती सोनिया गांधी का 79 वां जन्मदिन



**महराजगंज/रायबरेली।** आज दिनांक 9/12/2025 को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय महराजगंज पर एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें रायबरेली की पूर्व सांसद श्रीमती सोनिया गांधी व राज्यसभा सांसद का 79 वां जन्मदिन केक काटकर व मिठाई बांटकर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आपको बता दें कि,यह कार्यक्रम कांग्रेस कार्यालय में महराजगंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाया गया। वही कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव प्रदीप चौधरी व ब्लॉक अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व सांसद श्रीमती सोनिया गांधी के कार्यकाल में रायबरेली जिले सहित अनेक जगहों पर विकास की गंगा बही थी तथा आम जनमानस के अथक प्रयास हेतु कांग्रेस पार्टी हमेशा समर्पित रहती है। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव प्रदीप चौधरी, नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल, मंडल अध्यक्ष गया प्रसाद चौरसिया, राजकरन सिंह, निषाद अहमद, हनुमान जायसवाल, रामचंद्र सिंह, दिनेश चंद्र शुक्ला, भरत मिश्रा, राजेश भारती, रजत चौधरी, प्रिंशू वैश्य, कमलेश कुशमेश, जगमोहन, मोहम्मद साहिल सहित दर्जनों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### पुरासी गांव स्थित बाबा श्री प्राणदास की कुटी के पांच दिवसीय मेले में आखिरी दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब



**महराजगंज/रायबरेली:** महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के पुरासी गांव स्थित बाबा श्री प्राणदास की कुटी में चल रहे पांच दिवसीय मेला के अन्तिम दिन गांव की ही श्रीराधा कृष्ण रामलीला कमेटी के कलाकरों द्वारा धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन हुआ। रामलीला में भगवान श्रीराम की झांकी की आरती हुई। इसके बाद धनुष भंग की लीला का मंचन किया गया। सीता स्वयंवर के समय दूर-दूर से आए बड़े-बड़े राजा महाराजा जब शिवजी का विशाल धनुष नहीं तोड़ पाए तो राजा जनक क्रोध में आकर विलाप करने लगते हैं। विलाप देखकर लक्ष्मण जी क्रोधित हो जाते हैं। तभी भगवान श्री राम गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर धनुष भंग कर देते हैं, तब राजा जनक के चेहरे में खुशी की लहर दौड़ जाती है। वहीं दूसरी ओर धनुष टूटने पर भगवान परशुराम ने सीता स्वयंवर सभा में आकर क्रोध प्रकट करते हैं। जिसे देखने के लिए देर शाम तक भीड़ जमी रही। इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष व प्रधान प्रतिनिधि गंगा सागर पाण्डेय, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनुज तिवारी, डायरेक्टर शिवमोहन तिवारी, बी. के. मिश्रा, ओम प्रकाश शुक्ला, शिवम मिश्रा, संतोष अवस्थी, राकेश अवस्थी, रमा शंकर पाण्डेय, अंकित द्विवेदी सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# कमलापुर चीनी मिल पुनः संचालन पर श्रमिक संगठन की मांगें, प्रबंधन से बकाया भुगतान व ज्वाइनिंग की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** कमलापुर स्थित चीनी मिल के नए प्रबंधन द्वारा मिल के संचालन की प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने को लेकर श्रमिकों में आशा की नई किरण जगी है। इस अवसर पर भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ, कमलापुर की ओर से एन. आर. इन्फाकान प्रा. लि. के प्रबंधक मंडल को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए मिल के पुनः संचालन का स्वागत किया गया तथा प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। श्रमिक संगठन ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि कमलापुर चीनी मिल को वर्ष 2008-09 में बिना किसी पूर्व सूचना, ले-ऑफ, क्लोजर अथवा लॉकआउट की वैधानिक अनुमति के अचानक बंद कर दिया गया था। इस अप्रत्याशित निर्णय के चलते लगभग साढ़े तीन सौ कर्मचारी एक झटके में बेरोजगार हो गए, जिससे सैकड़ों परिवार आजीविका के संकट में आ गए। संगठन का कहना है कि वह मिल कर्मचारियों का एकमात्र प्रतिनिधि संगठन है, जिसने बीते वर्षों में बार-बार तत्कालीन प्रबंधन से संवाद कर मिल संचालन एवं कर्मचारियों के बकाया भुगतान की मांग की, किंतु जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा न तो कोई वार्ता की गई और न ही मिल को पुनः प्रारंभ करने की दिशा में कोई ठोस पहल की गई। लंबे समय तक चली इस उपेक्षा के कारण कर्मचारी और उनके परिवार भुखमरी की स्थिति तक पहुंच गए। ज्ञापन में कहा गया है कि इस अवधि में कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा, परिवार के स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर भी गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। अब, जब नए प्रबंधन द्वारा मिल के संचालन हेतु कार्य प्रारंभ किया गया है, तो संगठन ने इसे एक सकारात्मक और स्वागतयोग्य कदम बताया है।

मजदूर संघ ने प्रबंधन से मांग की है कि समस्त कर्मचारियों को अविलंब पुनः ज्वाइनिंग कराई जाए तथा विगत वर्षों से लंबित वेतन, भविष्य निधि (पीएफ) और अन्य वैधानिक देयकों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया है कि औद्योगिक शांति बनाए रखने और मिल के सफल संचालन के लिए वह प्रबंधन को हर संभव सकारात्मक सहयोग देता रहेगा। कुछ दिन पहले मैनेजमेंट अधिकारी गौतम सिंह के फैक्ट्री से स्थानांतरण को लेकर स्थानीय किसानों और कर्मचारियों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। संगठन और स्थानीय हितधारकों की ओर से उनकी पुनः फैक्ट्री में वापसी की मांग भी की जा रही है, ताकि कार्य संचालन में संतुलन और विश्वास बना रह सके।

इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए श्रमिक संगठन ने ज्ञापन की प्रतिलिपि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्रम मंत्री, मुख्य सचिव, श्रमायुक्त, जिलाधिकारी सीतापुर तथा पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी प्रेषित की है। संगठन ने शासन-प्रशासन से भी आग्रह किया है कि वे इस प्रकरण में त्वरित हस्तक्षेप कर कर्मचारियों के हितों की रक्षा करें और कमलापुर चीनी मिल में औद्योगिक शांति व सुचारु संचालन सुनिश्चित कराएं।

## महराजगंज राजकीय बालिका इंटर कालेज में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज/रायबरेली।** छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत राजकीय बालिका इंटर कालेज में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 92 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व चयनित टाप टेन दस छात्रों को मेडल ट्राफी व विज्ञान किट देकर सम्मानित किया गया।

मंगलवार को जी जी आई सी में आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम चरण में, सभी प्रतिभागियों की लिखित परीक्षा के बाद मूल्यांकन में 25 उत्कृष्ट बच्चों को अगले दौर के लिए चुना गया। वहीं द्वितीय चरण रोचक रहा। पिछले चरण में चयनित 25 बच्चों के पांच समूह बनाकर एक ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके माध्यम सेजिला स्तर पर प्रस्तावित विज्ञान क्विज और विज्ञान प्रदर्शनी के लिए कुल 10 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। चयनित छात्र-छात्राएं ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी के लिए आयुष, रजनीश, सौभाग्य, धीरज और अमरेंद्र विज्ञान माडल के माध्यम से रचनात्मक और वैज्ञानिक समझ का प्रदर्शन करेंगे। जबकि विज्ञान क्विज प्रतियोगिता के लिए प्रियांशी, आंचल, सानिया कुमारी, नेहा और और अनुराग को चयनित किया गया।

कार्यक्रम के समापन में खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने बच्चों से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में बातचीत की। उन्होंने महान वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडीसन से प्रेरणा लेने और प्रगति के पथ पर लगातार अग्रसर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर ए आर सी अंकित गुप्ता, मनीष सिंह, महेश कश्यप, मीनाक्षी पाण्डेय, पूजा सिंह, विवेक गुप्ता, सहित दर्जनों शिक्षक अनुदेशक मौजूद रहे।

### निर्धनता महा अभिशाप है तो भक्ति ही जीवन का सहारा: पं. झिलमिल महाराज

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित प्रसिद्ध बाल्हेश्वर मंदिर परिसर के पास बने गेस्ट हाउस में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के सातवे दिन कथा व्यास ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया। भाव प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथाव्यास ने कहा कि मनुष्य के जीवन में निर्धनता सबसे बड़ा अभिशाप है। इस संसार में गरीबी से बढ़कर कोई दुख नहीं है। इससे मनुष्य असहज और पीड़ित होता है। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता श्रीकृष्ण और सुदामा के जैसी होती है। कथा के अंतिम दिन प्रख्यात कथावाचक पं. झिलमिलजी महाराज ने कंस वध, अक्रूरजी आगमन और परीक्षित मोक्ष का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जिस परिवार में एक भक्त उत्पन्न होता है उसका पूरा कुल धन्य हो जाता है। ऐसी माता की प्रसव पीड़ा भी सार्थक हो जाती है। जहां सत्संग होता है वह स्थान पवित्र बन जाता है। इस प्रकार सप्ताह भर चली संगीतमय कथा का समापन हुआ। आयोजकों ने बताया कि बुधवार दोपहर 12 बजे हवन-पूजन और पूर्णाहुति होगी। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर घनश्याम सोनी, किरन सोनी, अनूप पांडेय, श्याम शुक्ला, कंचन शुक्ला, भोला सराफ, महेश प्रसाद शर्मा, जयप्रकाश श्रीवास्तव, राजू तिवारी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# निगोहां प्रेस क्लब की मासिक बैठक सम्पन्न, वरिष्ठ पत्रकारों के मार्गदर्शन में जनसमस्याओं पर व्यापक मंथन

● ...सैकड़ों की संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति, क्षेत्रीय मुद्दों के समाधान हेतु एकजुट होकर ठोस पहल का संकल्प।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** निगोहां प्रेस क्लब की मासिक बैठक मंगलवार को अत्यंत गरिमामयी और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसमें लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाने वाले पत्रकारों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर अपनी सक्रिय भूमिका दर्ज कराई। बैठक का संचालन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकार जय शुक्ला ने प्रभावशाली तरीके से किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश द्विवेदी, ललित दीक्षित, ब्रजराज सिंह, जय सिंह यादव, मान्यता प्राप्त पत्रकार योगेंद्र तिवारी और डॉ. एस. बी. सिंह सहित अनेक प्रमुख पत्रकार साथियों ने क्षेत्रीय पत्रकारिता की दिशा, जनसमस्याओं और संगठन के भविष्य को लेकर अपने महत्वपूर्ण एवं सारगर्भित विचार रखे। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने क्षेत्र में सड़क सुविधा, जलभराव, बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण, सरकारी योजनाओं की प्रगति और अपराध नियंत्रण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। सभी पत्रकारों ने इन जनहित विषयों पर प्रशासनिक स्तर से त्वरित कार्रवाई कराने का संकल्प दोहराया। बैठक में अखिलेश द्विवेदी, मुकेश द्विवेदी, विमल सिंह, ललित दीक्षित, ब्रजराज सिंह, जय सिंह यादव, उमेश गुप्ता, मुकेश मिश्रा, अशोक सिंह, प्रमोद सोनी, मोइन खान, सुनील त्रिवेदी, प्रदीप द्विवेदी, दिलीप मिश्रा, अरुण सिंह, शिवा मिश्रा, विमल गुप्ता, आरिफ मसूरी, अनुराग तिवारी, राघवेंद्र सिंह, नितिन जयसवाल, शैलेंद्र शुक्ला, रमाकांत मिश्रा, फहीम खान, आशीष पांडेय, सुनील गुप्ता, सुजीत गुप्ता, सुनील मणि सहित तीन दर्जन से अधिक पत्रकारों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि कुल संख्या सैकड़ों तक पहुंची जिसने बैठक की प्रभावशीलता और संगठन की मजबूती को और अधिक प्रदर्शित किया।

वरिष्ठ पत्रकारों ने कहा कि पत्रकारिता सिर्फ समाचार संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की सशक्त प्रक्रिया है। निगोहां प्रेस क्लब क्षेत्र की जनता और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु की तरह कार्य करता रहा है और आने वाले समय में भी जनहित के हर मुद्दे को प्राथमिकता से उठाकर उसके समाधान तक निरंतर प्रयास करता रहेगा। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि प्रेस क्लब न केवल पत्रकारिता की मर्यादा को बनाए रखेगा, बल्कि जनकल्याण के लिए अपनी भूमिका और अधिक सशक्त रूप से निभाएगा।

## कृषि सखी नेचुरल फार्मिंग प्रशिक्षण का आरंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**आजमगढ़।** कृषि विभाग, जनपद आजमगढ़ द्वारा नेचुरल फार्मिंग योजना के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, कोटवा आजमगढ़ में कृषि सखियों हेतु पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों, लागत में कमी, जैविक खाद-कीटनाशकों के निर्माण एवं खेती में आत्मनिर्भरता से जोड़ना है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रासायनिक खेती की तुलना में नेचुरल फार्मिंग न केवल मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाती है बल्कि कम लागत में बेहतर व स्वस्थ उत्पाद उपलब्ध कराती है। प्रशिक्षण के दौरान कृषि सखियों को जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत, वर्मीकम्पोस्ट, द्रव खाद तैयार करने, मल्चिंग, गोधन और गोपोषित खेती जैसी तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास कराया जाएगा। कार्यक्रम में बताया गया कि कृषि सखी प्रशिक्षण के बाद अपने-अपने क्षेत्रों में महिला किसानों को जागरूक कर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में कृषि सखियों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

### पुलिस द्वारा गैर जमानती वारंटी को किया गया गिरफ्तार

**जौनपुर।** रामपुर थाना पुलिस को आज बड़ी सफलता मिली है पुलिस टीम ने गैर जमानती वारंटी सूरज दुबे पुत्र प्रवेश दुबे निवासी गोपालापुर को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। गिरफ्तारी गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक नरेंद्र नाथ मिश्रा का0 प्रदीप यादव गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया। रामपुर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह चलता रहेगा अपराध पर शख्त और जनता के प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे।

### खुलेआम महंगे दामों पर कफ सीरप बेच मेडिकल स्टोर संचालक काट रहे चांदी

**हमीरपुर-** जान लेवा साबित हो चुका कोड़ी स्टार कफ सीरप सुमेरपुर कस्बा के ज्यादातर मेडिकल स्टोर में ब्लैक में बेचा जा रहा है। किसी तरह की छापेमारी नहीं होने से मेडिकल स्टोर संचालकों के हौसले बुलंद है। कोडिंग युक्त कफ सीरप कोडी स्टार को लेकर पूरे देश में छापेमारी का दौर जारी है।

इस प्रकरण की एसआईटी से जांच कराने की तैयारी हो रही है। जानलेवा साबित हो चुका यह कफ सीरप अब बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं हो रहा है। इसके बाद यह कस्बे के ज्यादातर मेडिकल स्टोर में धड़ल्ले के साथ दुगने दामों में बेचा जा रहा है। कस्बे में अभी तक किसी तरह की छापेमारी नहीं हुई है। इस वजह से मेडिकल संचालकों के हौसले बुलंद है और इस प्रतिबंधित कफ सीरप को धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। ड्रग इंस्पेक्टर मनोज सिंह ने बताया कि कंपनी ने सीरप में बदलाव किया। फिर भी वह मामले की जान करके कार्यवाही करेंगे।

## खंड विकास अधिकारी ने स्थाई गौशाला का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिश्रिख (सीतापुर)** मंगलवार और शुक्रवार गौशाला में निरीक्षण और श्रमदान के अभियान के क्रम में अस्थाई गौशाला गोहलारी का निरीक्षण एवं श्रमदान किया गया। निरीक्षण के समय ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे गौशाला में कुल दो केयरटेकर एवं एक पैरावेट नियुक्त हैं।कुल 81 गोवंश संरक्षित पाए गए, तिरपाल लगा मिला एक तरफ और लगाने के लिए निर्देश दिया गया, अपनी उपस्थिति में गुड का घोल बनवा कर सभी गोवंश को चारे के साथ खिलाया गया। भूसा दाना गुड़ नमक पर्याप्त मात्रा में उपलब था, पीने के पानी वाले नाद में चुना लगा पाया गया। प्रकाश व्यवस्था और बढ़ाने के निर्देश दिए गए। सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील मिला। पैरावेट को निर्देश दिया गया कि किसी भी गवर्नेंस के पोषण में कमी न होने की जिम्मेदारी उनकी है यदि कोई सामग्री उपलब्ध नहीं होती है तो समय से विकासखंड को सूचित करें किंतु उपलब्ध होने की दशा में सभी गोवंशों को वह सही समय से दी जाए। गुड़, नमक एवं कैल्शियम के लिए चूने का प्रयोग समय-समय पर सही मात्रा में किया जा रहा है अथवा नहीं इसे सुनिश्चित करना उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। मृतक गोवंश के सम्मान जनक तरीके से निस्तारण हेतु उनका स्वयं वहां पर उपस्थित होना आवश्यक है। सचिव को निर्देश दिया गया कि यदि हरा चारा उपलब्ध नहीं होता है तो साइलेज की पर्याप्त मात्रा की उपलब्धता होनी चाहिए। साइलेज उपलब्ध नहीं होने के लिए संबंधित सचिव को चेतावनी दी गई।

# परी मेकओवर एंड फैशन वर्ल्ड मैजिशियन प्रोडक्शन के द्वारा ऐतिहासिक आयोजन

● लखनऊ में पहली बार आयोजित हुआ बेयर्ड मैन मॉडल शो, देशभर के मॉडल रहे शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में फैशन जगत का एक अनूठा और ऐतिहासिक आयोजन देखने को मिला, जब परी मेकओवर एंड फैशन वर्ल्ड की फाउंडर पूनम सिंह द्वारा लखनऊ के इतिहास में पहली बार बियर्ड मैन मॉडल शो आयोजित किया गया। इस अभिनव पहल ने न केवल शहर की फैशन इंडस्ट्री को नई दिशा दी, बल्कि फ्रेशर मॉडल्स के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मंच भी प्रदान किया। कार्यक्रम में देशभर से आए मॉडल्स ने रैम्प पर अपनी दमदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस खास मौके पर भोजपुरी कलाकार एवं गायक सांकेत गिरी ने बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट शिरकत की। वहीं मालिक-ए-अवध श्वेता तिवारी और उनके पति अनुपम तिवारी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ा दिया। ज्वैलरी इंडस्ट्री की ओर से भी इस आयोजन को बड़ा समर्थन मिला। ज्वैलरी ब्रांड के प्रमुख रत्नेश अग्रवाल ने पूरे भारत से आए चुनिंदा बियर्ड मॉडल्स को अपने ब्रांड के लिए ऐड शूट का दुर्लभ अवसर प्रदान किया, जिसे मॉडल्स ने अपने करियर का बड़ा पड़ाव बताया। जिन मॉडल्स को ज्वैलरी शूट का मौका मिला उनमें –अभिषेक चंदेल, अमित पटेल, अविश पाटीदार, हरीश राठौर (मध्य प्रदेश), सुषमा शुभम जाट पंकज प्रभात जबकि महिलाओं में मोनिका गुप्ता और स्वाति शर्मा (लखनऊ) शामिल रहीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ऑर्गेनाइज़र अनूप त्रिपाठी और को-ऑर्गेनाइज़र प्रदीप दिव्यावीर की अहम भूमिका रही।

लखनऊ से संवाददाता रोशनी सोनकर की यह रिपोर्ट बताती है कि राजधानी में प्रतिभाओं के लिए अब नए मंच तैयार हो रहे हैं, जो भविष्य में फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

## कथा में मित्रता की मिसाल: श्रीकृष्ण-सुदामा प्रसंग पर छलके आंसू

● निर्धनता यहां अभिशाप है तो भक्ति ही जीवन का सहारा:पं. झिलमिल महाराज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित प्रसिद्ध बाल्हेश्वर मंदिर परिसर के पास बने गेस्ट हाउस में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई।कथाव्यास ने कहा कि मनुष्य के जीवन में निर्धनता सबसे बड़ा अभिशाप है। इस संसार में गरीबी से बढ़कर कोई दुख नहीं है। इससे मनुष्य असहज और पीड़ित होता है। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता श्रीकृष्ण और सुदामा के जैसी होती है, जिसमें न कोई स्वार्थ होता है और न ही कोई भेदभाव।कथा के अंतिम दिन प्रख्यात कथावाचक पं. झिलमिलजी महाराज ने कंस वध, अक्रूरजी आगमन और परीक्षित मोक्ष का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जिस परिवार में एक भक्त उत्पन्न होता है उसका पूरा कुल धन्य हो जाता है। ऐसी माता की प्रसव पीड़ा भी सार्थक हो जाती है। जहां सत्संग होता है वह स्थान पवित्र बन जाता है। इस प्रकार सप्ताह भर चली संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत समापन हुआ। आयोजकों ने बताया कि बुधवार दोपहर 12 बजे हवन-पूजन व पूर्णाहुति की जाएगी। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा।इस अवसर पर घनश्याम सोनी, किरण सोनी, अनूप पांडेय, श्याम शुक्ला, कंचन शुक्ला, भोला सराफ, महेश प्रसाद शर्मा, जयप्रकाश श्रीवास्तव, दुर्गा पाल, शिव गोपाल, कमला शंकर बाजपेई, अमित अवस्थी, आदर्श, राजू तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### कांग्रेस कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**केराकत (जौनपुर)।** सिहौली चौराहा स्थित कांग्रेस कार्यालय पर मंगलवार को कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं जफराबाद प्रभारी, केराकत समन्वयक डॉ. संतोष कुमार गिरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर गरीब व जरूरतमंदों के बीच फल वितरण किया। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी त्याग, समर्पण और साहस की प्रतीक हैं तथा उन्होंने उनके दीर्घायु की कामना की।

डॉ. गिरी ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कांग्रेस देश और प्रदेश में अपनी सरकार बनाएगी और युवा नेता राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। कार्यक्रम में ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मौके पर लालता चौधरी, मुकीम हाश्मी, खुर्शीद खान, राजा सूर्यबली, अफजाल अंसारी, किशोरी मिस्त्री, राजेंद्र कन्नौजिया, बासुदेव यादव, मोहम्मद सलीम, आशीष यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मलिहाबाद में सिद्धार्थ ग्लोबल स्कूल में एक भव्य स्पोर्ट्स मीट का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद।** शिक्षा के साथ छात्रों को खेलकूद से जोड़ने के उद्देश्य से सिद्धार्थ ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक भव्य स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रमोद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य लक्ष्य छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना था।

इस खेल उत्सव का शुभारंभ स्कूल के एमडी प्रमोद सिंह, मैनेजर वंदना सिंह, इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी, संजय सिंह, प्रधानाचार्य मयंक मल्होत्रा, और उप प्रधानाचार्य पायल मेहंदी दत्ता ने संयुक्त रूप से किया। खेल प्रतियोगिताओं में स्कूल के चार हाउस केस्ट्रेल हाउस, हॉक हाउस, फाल्कन हाउस और ईगल हाउस के बच्चों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया।शुभारंभ के अवसर पर एमडी प्रमोद सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में शिक्षा का जितना महत्व है उतना ही खेलों का भी है।

उन्होंने ज़ोर दिया कि खेलों में हिस्सा लेने से न केवल सेहत अच्छी रहती है बल्कि यह शारीरिक व मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल फोन का सीमित उपयोग सिर्फ शिक्षा के लिए करने और शेष समय व्यायाम पर ध्यान देने की सलाह दी।

डायरेक्टर वंदना सिंह ने बताया कि बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए ही इस स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया है। इस स्पोर्ट्स मीट में बच्चों के बीच कई रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें रिलेरेस,वॉलीबॉल,क्रिकेट,कराटे का आयोजन हुआ।वंदना सिंह ने बताया कि छात्रों के साथ-साथ स्कूल के अध्यापकों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पंकज सिंह सहित अन्य अध्यापकों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। खेलों के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वाले मेधावी छात्रों को एमडी प्रमोद कुमार सिंह, डायरेक्टर वंदना सिंह, और प्रधानाचार्य मयंक मल्होत्रा द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह बच्चों के लिए प्रेरणादायक रहा और उनके उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया।

# मानव अधिकार दिवस: सभ्यता के नैतिक विवेक का दर्पण




हर वर्ष 10 दिसंबर को दुनिया मानवता के उस मूल्य को याद करती है जो किसी भी राष्ट्र, धर्म या शासन की सीमाओं से परे है– मानवाधिकार। यह दिन कैलेंडर की एक साधारण तारीख नहीं, बल्कि उस आत्मा का उत्सव है जो मनुष्य को मनुष्य बनाती है। यह हमें याद दिलाता है कि सभ्यता का विकास केवल तकनीकी प्रगति से नहीं, बल्कि इस बात से मापा जाता है कि हम सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सबसे कमजोर व्यक्ति के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। मानव अधिकार दिवस हमें हमारे सामूहिक विवेक से यह प्रश्न पूछने का अवसर देता है कि क्या सचमुच हम उस दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ हर मनुष्य गरिमा, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जी सके।

द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका ने दुनिया को भीतर तक झकझोर दिया था। जब नस्ल, धर्म और विचार के आधार पर मनुष्यों का निर्मम संहार हुआ, तब मानवता ने महसूस किया कि सभ्यता का ढांचा कितनी आसानी से ध्वस्त हो सकता है। इसी ऐतिहासिक चेतना ने 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा को 'मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा' अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिसने पहली बार यह स्पष्ट किया कि मनुष्य के अधिकार राज्य की इच्छा नहीं हैं, बल्कि जन्मसिद्ध हैं–वे मनुष्य होने के कारण स्वतः प्राप्त हैं। इस घोषणा का पहला वाक्य– 'सभी मनुष्य जन्म से स्वतंत्र और समान गरिमा एवं अधिकारों के अधिकारी हैं '–आज भी नैतिकता का सबसे स्पष्ट और सार्वभौमिक घोषणापत्र है। यह अंतःकरण की वह आवाज़ है जो किसी एक देश या संस्कृति की नहीं, बल्कि पूरी मानवता की है।

भारत ने, स्वतंत्रता के तत्काल बाद, इन सिद्धांतों को अपने संविधान में समाहित करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। संविधान के मौलिक अधिकार नागरिकों को समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जीवन और स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता और शोषण से मुक्ति का आश्वासन देते हैं। यह न केवल राजनीतिक दस्तावेज़ है, बल्कि हमारे लोकतंत्र का नैतिक आधार भी है। 1993 में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की स्थापना इसी प्रतिबद्धता की निरंतरता है, जिसका उद्देश्य राज्य की नीतियों और कार्यवाहियों से उत्पन्न होने वाले किसी भी अन्याय की निगरानी करना है। यह आयोग उन नागरिकों की आवाज़ बनने का प्रयास करता है जो शक्ति-संरचनाओं में हाशिए पर छूट जाते हैं।

परंतु मानव अधिकार का अर्थ केवल विधिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है। यह किसी वर्ग को दिया गया उपकार भी नहीं है। यह मनुष्य की गरिमा का वह बुनियादी सिद्धांत है जो बताता है कि किसी व्यक्ति के साथ किया गया अन्याय केवल उसके विरुद्ध नहीं, बल्कि पूरी मानवता के विरुद्ध अपराध है। महात्मा गांधी ने कहा था कि 'किसी एक मनुष्य का अपमान, समूची मानवता का अपमान है।' यही व्यापकता और संवेदनशीलता मानवाधिकारों की आत्मा है। जहाँ गरिमा का हनन होता है–चाहे वह जाति के आधार पर भेदभाव हो, लिंग असमानता, धार्मिक उत्पीड़न, श्रम का शोषण, या अभिव्यक्ति पर प्रतिबंध–वहाँ मानवाधिकार खतरे में पड़ जाते हैं। आज का समय इन अधिकारों को नए प्रकार की चुनौतियों के बीच परखता है। युद्ध और आतंकवाद ने दुनिया के कई हिस्सों में नागरिक जीवन को अस्थिर कर रखा है। मध्य पूर्व और अफ्रीका के संघर्षों के कारण लाखों लोग विस्थापित हुए हैं और मूलभूत अधिकारों के लिए संघर्षरत हैं। एशिया के कई देशों में राजनीतिक असहमति पर अंकुश और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर खतरे बढ़ रहे हैं। लोकतांत्रिक देशों में भी निगरानी प्रणालियों, डेटा-संग्रह और डिजिटल प्लेटफॉर्मों के विस्तार ने निजता के अधिकार पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। वही तकनीक, जो विकास का साधन हो सकती है, कई बार नियंत्रण का साधन बनकर सामने आती है। संयुक्त राष्ट्र का 2025 का थीम– 'डिजिटल समानता और मानव गरिमा '–विश्व समुदाय को चेतावनी देता है कि तकनीकी प्रगति यदि मानवीय मूल्यों के साथ संयोजित न हो, तो वह नई असमानताओं को जन्म दे सकती है।

भारत जैसे विविधतापूर्ण समाज में मानव अधिकार विमर्श और भी जटिल हो जाता है। जाति, लिंग, वर्ग और धर्म के आधार पर भेदभाव की ऐतिहासिक परंपराएँ आज भी सामाजिक व्यवहार में दिखाई देती हैं। दलित, आदिवासी, महिला और अल्पसंख्यक समुदायों को कई बार अपने अधिकारों के लिए अत्यधिक संघर्ष करना पड़ता है। न्यायपालिका और मीडिया कई मामलों में आवाज़ उठाते हैं, लेकिन एक लोकतांत्रिक समाज का स्वास्थ्य केवल संस्थानों पर निर्भर नहीं हो सकता। सामाजिक चेतना और नागरिक संवेदनशीलता उतनी ही आवश्यक है। जब तक समाज अपने भीतर निहित असमानताओं को स्वीकार करके उन्हें मिटाने का प्रयास नहीं करेगा, तब तक मानवाधिकार केवल कानूनी वाक्यों तक सीमित रह जाएँगे।

मानव अधिकारों के साथ कर्तव्यों का संबंध भी उतना ही अनिवार्य है। अक्सर यह गलतफहमी रहती है कि मानवाधिकार केवल अधिकारों की माँग का दस्तावेज़ है। परंतु किसी समाज में अधिकारों की रक्षा तभी संभव है जब नागरिक स्वयं दूसरों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील हों। संविधान के मौलिक कर्तव्य इसी संतुलन की ओर संकेत करते हैं। अधिकार और कर्तव्य एक-दूसरे के पूरक हैं; जहाँ अधिकारों की अनदेखी अत्याचार को जन्म देती है, वहीं कर्तव्यों की उपेक्षा अव्यवस्था पैदा करती है।

21 वीं सदी ने मानवाधिकारों के दायरे को और विस्तृत कर दिया है। स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार, जलवायु न्याय, इंटरनेट पहुँच, डेटा सुरक्षा, और लैंगिक विविधता की मान्यता–ये सभी नए आयाम हैं जिनके बिना आधुनिक समाज में समता और सम्मान की कल्पना अधूरी है। जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित वे समुदाय हैं जिनके पास संसाधन और राजनीतिक शक्ति सबसे कम है। इस संदर्भ में जलवायु न्याय एक वैश्विक नैतिक ज़रूरत के रूप में उभर रहा है। इसी प्रकार डिजिटल अधिकारों की लड़ाई यह सुनिश्चित करती है कि तकनीक मानव को नियंत्रित करने का औज़ार न बने, बल्कि उसकी स्वतंत्रता और अवसरों का विस्तार करे। मानव अधिकार दिवस इसलिए महज एक स्मृति-दिवस नहीं, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी का दिन है। यह हमें याद दिलाता है कि दुनिया की वास्तविक प्रगति इस बात में नहीं है कि हमने कितने बड़े बाँध या कितनी तेज़ मशीनें बनाई हैं; बल्कि इसमें है कि हमारे समाज में सबसे कमजोर व्यक्ति कितनी गरिमा के साथ जीवन जी रहा है। जब दुनिया का हर मनुष्य भय, अपमान और भेदभाव से मुक्त होकर जी सकेगा, तभी मानव अधिकार दिवस की भावना सचमुच साकार होगी। मानवता की असली कसौटी यही है कि हम अपने भीतर और अपने समाज में कितनी दया, न्याय और समानता को जगह देते हैं। यही विवेक हमारी सभ्यता का भविष्य सुनिश्चित करेगा।

**महेन्द्र तिवारी**

# देश के कर्मचारियों को मानसिक तनाव से मुक्त करेगा 'राइट टू डिस्कनेक्ट बिल'

आज की तेज रफ़्तार तकनीकी दुनिया में मानसिक तनाव एक सार्वभौमिक समस्या बन चुका है। आधुनिक सुविधाओं से लैस होने के बावजूद हमारा सामाजिक और पारिवारिक जीवन पहले की तुलना में कहीं अधिक बोझिल और नीरस हो गया है। बच्चे हों या युवा, महिलाएँ हों या बुजुर्ग–हर किसी के जीवन में तनाव, चिड़चिड़ापन और मानसिक थकावट स्पष्ट दिखाई देती है।

स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पढ़ाई और प्रतियोगी माहौल का दबाव है, वहीं दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारी लगातार बढ़ते कार्यभार से जूझ रहे हैं। विशेष रूप से तीसरे दर्जे के कर्मचारी, जो सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों की रीढ़ हैं, सबसे अधिक मानसिक दवाब झेलते हैं। दिन भर की कड़ी मेहनत के बाद भी जब वे घर लौटते हैं, तो आराम की जगह उनके मोबाइल फोन पर लगातार निर्देश, संदेश और 'अर्जेंट' कार्यों की सूची उनका इंतज़ार करती मिलती है। वे घर में भी कार्य-तनाव से घिरे रहते हैं और सोते हुए भी अगले दिन के बोझ की चिंता से मुक्त नहीं हो पाते। स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग ने लोगों की नींद और मानसिक शांति पर पहले ही गहरा प्रहार किया है। उस पर काम और पढ़ाई का अतिरिक्त दबाव बच्चों से लेकर वयस्कों तक सभी को मानसिक रोगों की ओर धकेल रहा है। आज देश में मानसिक रोगियों की बढ़ती संख्या के पीछे दो मुख्य कारण हैं स्मार्टफोन निर्भरता और कार्य का बढ़ा हुआ बोझ। ऐसे माहौल में बेहद महत्वपूर्ण है वह पहल, जो हाल ही में लोकसभा में राष्ट्रवादी कांग्रेस की सांसद श्रीमती सुप्रिया सुले द्वारा 'राइट टू डिस्कनेक्ट बिल' के रूप में प्रस्तुत की गई है। इस बिल का मुख्य उद्देश्य है–कार्यालयीन समय समाप्त होने के बाद कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का ऑफिस-वर्क या अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने से छूट मिलना। इस ऐतिहासिक पहल का देश के सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों द्वारा खुले दिल से स्वागत किया जा रहा है। कर्मचारियों का मानना है कि यह बिल उनके दर्द और मानसिक पीड़ा को सही मायनों में आवाज़ देता है, जिसे अब तक किसी भी स्तर पर गंभीरता से नहीं सुना गया।

दुनिया के कई विकसित देशों में यह व्यवस्था पहले से लागू है, जिसमें कर्मचारियों के आराम और निजी समय की रक्षा करने के लिए कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में कर्मचारियों को कार्यालयीन समय के बाद भी ड्यूटी का भार उठाना पड़ता है।

शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य किसी भी विभाग में आप नज़र डालें कर्मचारी दफ्तर बंद होने के बाद भी लगातार निर्देशों, संदेशों और 'तत्काल कार्य' के आदेशों से घिरे रहते हैं। यह कार्यप्रणाली लंबे समय से सरकारी तंत्र की एक अनकही परंपरा बन चुकी है, जिसमें नीचे से ऊपर तक हर स्तर पर कर्मचारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों के संदेशों, फोन कॉल्स और निर्देशों के दबाव में रहते हैं। इसका सबसे बड़ा खामियाज़ा तीसरे दर्जे के उन कर्मचारियों को उठाना पड़ता है जिन पर सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने की असली जिम्मेदारी होती है। परिणामस्वरूप वे मानसिक रूप से थके हुए, अवसादग्रस्त और लगातार तनाव में रहते हैं।

अब समय आ गया है कि देश के जनप्रतिनिधि इस वास्तविकता को समझें। यदि 'राइट टू डिस्कनेक्ट बिल' संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून का रूप ले लेता है, तो यह करोड़ों कर्मचारियों के जीवन में नई ऊर्जा, संतुलन और मानसिक शांति का संचार करेगा। साथ ही यह स्वाभाविक रूप से सरकारी कार्यों की गुणवत्ता और कार्यक्षमता में भी वृद्धि करेगा। राष्ट्रीय आपदा या विशेष परिस्थितियों में यदि कर्मचारियों से अतिरिक्त समय तक काम लिया जाए, तो उसके लिए अतिरिक्त पारिश्रमिक देने का स्पष्ट और कठोर नियम होना चाहिए। यह न सिर्फ कर्मचारियों के अधिकारों को सुरक्षित करेगा, बल्कि कार्यप्रणाली को अधिक मानवीय और व्यवस्थित बनाएगा। देश के कर्मचारियों की निगाहें अब संसद पर टिकी हैं। वे बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं कि कितने माननीय सदस्य उनके इस महत्वपूर्ण अधिकार के समर्थन में खड़े होते हैं। उम्मीद है कि यह बिल जल्द ही कानून बनकर लागू होगा और देश के कर्मचारी वर्ग को मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**अरविंद रावल**

# भारत रूस सामरिक समझौते का वैश्विक प्रभाव



### यूरोपीय देशों की चिंता का कारण।

वैश्विक सामरिक परिदृश्य के निरंतर बदलते समीकरणों और विश्व राजनीति में शक्ति-संतुलन की तीव्र प्रतिस्पर्धा के बीच भारत-रूस सुरक्षा सहयोग आज एक ऐसी निर्णायक अवस्था में पहुँच गया है, जिसने न केवल दोनों देशों के संबंधों को नए आयाम दिए हैं, बल्कि विश्व व्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव डालने की क्षमता प्रदर्शित की है। जब दुनिया दो बड़े ध्रुवों अमेरिका-यूरोप-नाटो समूह और चीन-रूस शक्ति-धुरी के बीच विभाजित होती दिखाई दे रही है, तब भारत की स्वतंत्र रणनीतिक नीति और रूस के साथ उसकी निरंतर मजबूत हो रही साझेदारी वैश्विक स्तर पर चिंता, उत्सुकता और नए सामरिक विश्लेषण का विषय बन गई है। भारत-रूस रक्षा-सहयोग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि दशकों पुरानी है, जिसमें सोवियत संघ के काल से लेकर आज तक रूस भारत का भरोसेमंद सैन्य सहयोगी रहा है।

2000 में दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की और 2010 में इसे विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी का दर्जा मिला। इस संबंध के अंतर्गत रक्षा क्षेत्र को सदैव अत्यधिक प्राथमिकता प्राप्त रही भारत की वायुसेना, नौसेना और थलसेना के कई अहम प्लेटफॉर्म रूस के सहयोग से खड़े हुए, जिनमें टी-90 टैंक, सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, कामोव हेलीकॉप्टर, रक्षा-इंजन और ब्रह्मोस मिसाइल जैसी परियोजनाएँ प्रमुख उदाहरण हैं। समय के साथ-साथ दोनों देशों ने यह महसूस किया कि केवल हथियारों की खरीद-फरोख्त भविष्य की सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त नहीं होगी, इसलिए 2021 से 2031 तक का सैन्य-तकनीकी सहयोग कार्यक्रम लागू किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में सह-अनुसंधान, सह-विकास और सह-उत्पादन को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता और वैश्विक निर्यात क्षमता का विकास करना था।

इसी कड़ी में भारत-रूस के बीच नया सुरक्षा-समझौता RELOS रिसिप्रोकल एक्सचेंज का लॉजिस्टिक्स सपोर्ट सामने आया, जिसने दोनों देशों की सैन्य पहुंच, नौसैनिक संचालन क्षमता और रणनीतिक लॉजिस्टिक दक्षता को एक नए स्तर पर स्थापित किया। RELOS के तहत दोनों देशों की सेनाएँ एक-दूसरे के सैन्य अड्डों, हवाई अड्डों, समुद्री बंदरगाहों, मरम्मत सुविधाओं, ईंधन-आपूर्ति, स्पेयर-पार्ट्स और अन्य लॉजिस्टिक संरचनाओं का उपयोग कर सकती हैं। इसका सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि भारत के लिए अब अपनी सैन्य ताकत को हिंद महासागर क्षेत्र तक सीमित रखने की आवश्यकता नहीं रही, बल्कि वह आर्कटिक क्षेत्र, बाल्टिक समुद्र, सुदूर-पूर्व रूस तथा मध्य-एशिया के सामरिक गलियारों में भी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा सकेगा। वहीं रूस के लिए भारतीय नौसैनिक अड्डे, हिंद महासागर और अरब सागर के क्षेत्र में सामरिक पहुंच प्रदान करेंगे, जिससे एशिया-प्रशांत की शक्ति संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन संभव है। यही कारण है कि यह समझौता अमेरिका, नाटो और चीन के रणनीतिक विश्लेषकों के लिए चिंता का विषय बन गया है, क्योंकि यह वैश्विक शक्ति समीकरणों में एक तीसरे और स्वतंत्र ध्रुव के गठन की संभावना को सुदृढ़ करता है। भारत का यह संदेश स्पष्ट है कि वह किसी एक ध्रुव का हिस्सा बनने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार स्वतंत्र निर्णय लेने और बहुध्रुवीय विश्व-व्यवस्था को स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। चीन के संदर्भ में देखा जाए तो भारत-रूस सहयोग समुद्री सुरक्षा, आर्कटिक मार्ग और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में संतुलन स्थापित कर सकता है। यदि भारत रूसी आइस-ब्रेकर जहाजों, आर्कटिक अनुसंधान केंद्रों और उत्तरी समुद्री मार्ग का उपयोग करता है, तो यह चीन की बेल्ट-एंड-रोड और समुद्री विस्तार योजनाओं के लिए चुनौती बन सकता है।

संयुक्त रूप से निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली दोनों देशों की रणनीतिक नवाचार क्षमता का जीवंत उदाहरण है और भविष्य में ब्रह्मोस-II, लड़ाकू विमान इंजन कार्यक्रम, AIP-सबमरीन टेक्नोलॉजी और स्पेस-डिफेंस प्लेटफॉर्म जैसी परियोजनाएँ वैश्विक हथियार बाज़ार में भारत-रूस को एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित कर सकती हैद्य त्रि-सेवा सैन्य अभ्यासों की बढ़ती श्रृंखला यह संकेत देती है कि दोनों देशों का सहयोग केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि प्रशिक्षण, रणनीति और संयुक्त सैन्य क्रियान्वयन के स्तर पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। यद्यपि भविष्य की राह पूरी तरह सरल नहीं रूस की युद्ध-स्थिति के कारण रक्षा-आपूर्ति में देरी की चुनौती, भारत का पश्चिमी देशों के साथ रक्षा-सहयोग बढ़ाना और संसाधनों का विविधीकरण भारत-रूस संबंधों की व्यावहारिक परीक्षा लेंगे फिर भी RELOS जैसे समझौते यह सिद्ध करते हैं कि दोनों देशों के संबंध केवल परिस्थितिजन्य या तात्कालिक नहीं, बल्कि भरोसे, समान हितों और लंबी रणनीतिक दृष्टि पर आधारित हैं। यह समझौता इस तथ्य का प्रमाण है कि भारत अब वैश्विक मंच पर केवल दर्शक की भूमिका में नहीं, बल्कि रणनीतिक निर्णयों के निर्माता और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माता के रूप में उभर चुका है।

इसलिए भारत-रूस सुरक्षा-समझौता केवल दो देशों की द्विपक्षीय मित्रता का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि ग्लोबल स्ट्रैटेजिक आर्किटेक्चर के पुनर्निर्माण की दिशा में उठाया गया इतिहास-निर्माणकारी कदम है। यह समझौता निस्संदेह आने वाले वर्षों में वैश्विक शक्ति-संतुलन, सैन्य गठबंधनों, समुद्री-रणनीति, हथियार-प्रौद्योगिकी और भू-राजनीतिक नेतृत्व को नए स्वरूप में ढालने की क्षमता रखता है और संभव है कि भविष्य में इतिहासकार इसे 21वीं सदी की भू-रणनीति का महत्वपूर्ण टर्निंग पॉइंट बनेगा।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## कट-एंड-कवर- यह सिर्फ़ टनल नहीं, शक्ति का स्वर्ण-मार्ग है



**[ भारत की नई रणनीति: हर मौसम, हर क्षेत्र, हर लक्ष्य ]**

**[ हिमालय की ठंडी हवा में भी जलता भारत का आत्मबल ]**

लद्दाख की बर्फीली चोटियों पर, जहाँ हवा में ऑक्सीजन कम और आसमान में खतरे की आहट हर पल मंडराती है, 8 दिसंबर का दिन भारत की सामरिक यात्रा में एक मील का पत्थर बनकर दर्ज हुआ, जिसे आने वाली पीढ़ियाँ 'रणनीतिक स्वतंत्रता का दूसरा चरण' के रूप में याद करेंगी। इस दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने श्योक नदी के ऊपर बनी 920 मीटर लंबी 'कट-एंड-कवर' टनल को राष्ट्र को समर्पित करते हुए स्पष्ट कहा– 'अब न भूस्खलन हमें रोकेगा, न हिमस्खलन हमारी रफ़्तार तोड़ेगा।' यह टनल सिर्फ़ एक इंजीनियरिंग उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बदलती सीमा-नीति का एक साहसिक ऐलान है– अब हमारी सेना मौसम के रहम पर नहीं, अपनी तकनीक और संकल्प की शक्ति से संचालित होगी।

श्योक टनल अकेली नहीं आई। उसके साथ 125 रणनीतिक परियोजनाएँ राष्ट्र को सौंपी गई - 28 नई सड़कें, 93 पुल और 4 अन्य महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर। ये सात राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों में फैली हैं–लद्दाख से अरुणाचल तक, सिक्किम से मिजोरम तक। सिर्फ़ लद्दाख में ही 8 सड़कें और 28 पुलों का निर्माण पूरा हुआ है। इसका मतलब है कि दौलत बेग ओल्डी से लेकर देमचोक, न्योमा से हनले और हर फॉरवर्ड पोस्ट तक अब 365 दिन निर्बाध पहुँच संभव होगी। जो सप्लाई पहले सिर्फ़ मई से अक्टूबर तक पहुँच पाती थी, वह अब जनवरी की माइनस 40 डिग्री ठंड में भी टैंक, तोप, ईंधन और राशन के साथ लगातार आगे बढ़ सकेगी। यह नई क्षमता भारत की सीमाओं पर सिर्फ़ उपस्थिति नहीं बढ़ाती–यह हमारी सामरिक स्वतंत्रता को एक नए, निर्णायक युग में ले जाती है।

ये आँकड़े सिर्फ़ कंक्रीट और स्टील के नहीं, नए भारत के आत्मविश्वास और संकल्प के प्रतीक हैं। 2014 से अब तक बीआरओ (बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन) ने 33,000 किमी से अधिक समतलीय सड़कें बनाई हैं–यानी धरती की परिधि के लगभग 80% के बराबर एक अभियान्त्रिक चमत्कार। लद्दाख-अक्साई चिन सेक्टर में जहाँ 2014 में मात्र 190 किमी ऑल-वेदर कनेक्टिविटी थी, आज यह बढ़कर 1,400 किमी से अधिक की अभेद्य जीवनरेखा बन चुकी है। ज़ोजिला, अटल टनल, श्योक टनल और आने वाली निम्मू-पदम-दारचा सड़क–ये सभी मिलकर उस रणनीतिक कवच का निर्माण कर रहे हैं, जिसके सामने चीन की कथित स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' के मुकाबले भारत का 'डायमंड नेकलेस ऑफ स्टील' तेजस्वी होकर उभर रहा है।

रक्षा मंत्री ने जिस संयम और साहस का ज़िक्र किया, उसका जीवंत उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिला। पहलगाम हमले के बाद जब पूरा देश आक्रोश से भरा था, तब भारतीय सेना ने वह किया जो एक परिपक्व और आत्मविश्वासी शक्ति करती है–सटीक, सीमित और लक्ष्यभेदी कार्रवाई। यह संयम किसी कमजोरी का नहीं, बल्कि उस नई शक्ति का प्रमाण था जो अब हमारे पास है। मज़बूत लॉजिस्टिक्स, चौबीसों घंटे चलने वाली सप्लाई लाइन और हर मौसम में सक्षम इंफ्रास्ट्रक्चर ने हमें वह क्षमता दी कि हम चुन-चुन कर लक्ष्य साधें और फिर शांति से वापस लौट आएँ। यही है नई भारतीय सेना–जो क्रोध में भी विवेक रखती है, और विवेक से ही विजय सुनिश्चित करती है। श्योक टनल का एक महत्व ऐसा भी है जिसका ज़िक्र सार्वजनिक मंचों पर कम ही होता है। यह सुरंग पार्टापुर से दौलत बेग ओल्डी तक की दूरी को चौदह किलोमीटर कम कर देती है, और सबसे बड़ी बात–यह मार्ग संपूर्ण रूप से हिमस्खलन क्षेत्र से बाहर है। इसका अर्थ साफ़ है - अब सीमाओं पर कार्रवाई मौसम की दया पर नहीं, भारत की इच्छा पर निर्भर करेगी। और यही वह बदलाव है जो चीन को हर क्षण याद दिलाएगा कि किसी भी भूल का उत्तर अब तुरंत, सटीक और निर्बाध मिलेगा।

ये परियोजनाएँ केवल सैन्य शक्ति का विस्तार नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन की शुरुआत भी हैं। लद्दाख के चांगथांग क्षेत्र के न्योमा में जहाँ पहले वर्ष में मात्र चार महीने विद्यालय खुलते थे, अब बच्चे दिसंबर की कठोर ठंड में भी पढ़ाई जारी रख सकेंगे। हनले के दूरस्थ बौद्ध गाँवों तक अब एम्बुलेंस और स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँच सकेंगी। अरुणाचल के तूतिंग और मेचुका जैसे सीमांत क्षेत्रों तक जब सड़कें पहुँच गई, तो वहाँ के बच्चों के सपनों में भी नई रोशनी आ गई–अब वे भी आईआईटी, एम्स और बड़े संस्थानों का लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं। सीमा की सुरक्षा और सीमांत का विकास–आज ये दोनों किसी अलग दिशा की यात्राएँ नहीं; एक ही राष्ट्र-धर्म के दो अविभाज्य रूप बन चुके हैं।

जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'सीमा सड़क संगठन राष्ट्र-निर्माण का सच्चा सैनिक है ', तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं, बल्कि धरातल की कठोर सच्चाई थी। ये वही अदम्य वीर हैं जो 19,000 फीट की प्राण-लेवा ऊँचाई पर भी बुलडोज़र और ड्रिल मशीनें चलाकर उन स्थानों को मार्ग देते हैं जहाँ सामान्य व्यक्ति खड़े रहने भर से भी थक जाए। चलाते हैं। इनके हाथों में भले ही औज़ार हों, पर दिलों में जलती है देशभक्ति, समर्पण और कर्तव्य की ऐसी ज्वाला, जो पर्वतों की बर्फ़ को भी पिघला दे। आज जब दुनिया 'धुंध-छाया युद्ध (ग्रे ज़ोन वॉरफेयर)' और 'टुकड़ा-टुकड़ा अतिक्रमण (सैलामी स्लाइसिंग)' जैसी चालों की बात करती है, भारत ने जवाब में 'कंक्रीट एंड कनेक्टिविटी' की नीति अपना ली है।

श्योक सुरंग का उद्घाटन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि भारत के नए आत्मबल और अटल संकल्प का उद्घोष था– 'हम मौसम की क्रूरता से नहीं घबराते, हम मौसम को अपनी सैन्य इच्छा के अनुसार पराजित करते हैं। हम दुश्मन की मंशाओं से भयभीत नहीं होते, हम उसकी हर चाल को अपनी दृढ़ता से ध्वस्त कर देते हैं।' लद्दाख की इन बर्फ़ से ढकी पर्वत-शृंखलाओं में आज जो इस्पात और कंक्रीट डाला गया है, वही कल भारत की अजेयता, तत्परता और अटूट सुरक्षा-ढाल का प्रमाण बनेगा। अब न भूस्खलन का भय, न हिमस्खलन की बाधा–बस भारत माता की जय और भारतीय सैनिक की निश्चय-पूर्ण विजय।

**प्रो. आरके जैन**

# भारत में बढ़ते प्रदूषण का कारण क्या वास्तव में हमारा गैरजिम्मेदाराना व्यवहार है?



पर्यावरण प्रदूषण आज मानवता के समक्ष सर्वाधिक भयावह चुनौतियों में से एक और इसका प्रमुख कारण है मानव जनित प्रदूषण।भारत में प्रदूषण की समस्या अक्सर उद्योगों, वाहनों, बढ़ते शहरी विस्तार और सरकारी तंत्र की कमियों से जोड़ी जाती है, परंतु सच्चाई यह है कि प्रदूषण को बढ़ाने में नागरिकों के गैरजिम्मेदाराना कृत्य भी बड़े और निर्णायक कारक हैं।एक आंकड़े के अनुसार वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 76 प्रतिशत उर्जा उत्पादन और उपभोग से जुड़ा हुआ है,जो मानव की असंयत उर्जा खपत की प्रवृत्ति को दर्शाता है। वास्तव में देखा जाए तो पर्यावरण संकट किसी एक संस्था, नीति या व्यवस्था का परिणाम नहीं, बल्कि सामूहिक व्यवहार की गलत दिशा का प्रतिफल है। हमारी छोटी-छोटी लापरवाहियाँ मिलकर एक बड़े राष्ट्रीय संकट में बदल जाती हैं।

सबसे सामान्य और हानिकारक व्यवहार है कचरे को अनियमित रूप से इधर- उधर फेंकने की प्रवृत्ति। अधिकांश शहरों में सड़कें, ग्रीन बेल्ट, सार्वजनिक स्थल, नाले, नदी, तालाब किनारे आदि सभी जगह धर, दुकान , फैक्टरी आदि से निकले कचरा का ढेर दिखना इस बात का प्रमाण है कि हमने स्वच्छता को आदत नहीं, केवल अवसर भर समझा है। कई लोग कचरे को खुले में जला देते हैं, जिससे उसके जहरीले तत्व वायु में फैलकर मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुँचाते हैं। सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बावजूद इसका निरंतर उपयोग नागरिक जिम्मेदारी की कमी को दर्शाता है।

वाहनों का अनियंत्रित उपयोग, साझा न करने की प्रवृत्ति तथा पब्लिक ट्रांसपोर्ट को कम महत्व देने की सोच ने भी प्रदूषण बढ़ाने का काम किया है। छोटी दूरी पर भी निजी वाहन का उपयोग, समय पर प्रदूषण जांच न कराना, सर्विसिंग की अनदेखी करना और पुराने धुआँ छोड़ने वाले वाहनों का उपयोग तथा ई-वाहनों को कम महत्व देने का ही परिणाम है अवांछित कार्बन उत्सर्जन। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कचरा, पराली और पत्ते जलाने की परंपरा अब भी जारी है, जिससे पीएम2.5 और पीएम10 जैसे सूक्ष्म कण तेजी से वातावरण में फैलते हैं।

जल प्रदूषण के लिए भी नागरिकों के कई आचरण सीधे जिम्मेदार हैं। नदियों और तालाबों में मूर्तियाँ, फूल, कपड़े और घरेलू कचरा विसर्जित करना, धार्मिक आस्था के नाम पर जलस्रोतों को कचरा-घर बनाना पर्यावरणीय संवेदनहीनता का प्रतीक है। घरों, दुकानों, उद्योगों का बिना उपचार का गंदा जल नदी,तलाब, नालों आदि में छोड़ देना अंततः जलस्रोतों को विषैला बना देता है।

ध्वनि प्रदूषण के मामले में भी नागरिकों की मनमानी किसी से छिपी नहीं है। तीव्र ध्वनि वाले डीजे, विविध अवसरों पर पटाखों का अत्यधिक उपयोग, धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में लाउडस्पीकरों की ऊँची आवाज, वाहनों में अनावश्यक होर्न आदि का उपयोग सब मिलकर शोर का ऐसा वातावरण बनाते हैं जो स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कई लोग देर रात तक ध्वनि स्तर के नियमों की खुली अवहेलना भी करते हैं।

ऊर्जा और संसाधनों के दुरुपयोग में भी हमारा व्यवहार जिम्मेदार है। एसी और बिजली का अनावश्यक प्रयोग, पानी को बिना कारण बहने देना, बोरवेल का अत्यधिक दोहन और वर्षाजल-संग्रह को नजरअंदाज करना आदि भी संसाधनों पर दबाव बढ़ाते हैं। इसके साथ पेड़ों की कटाई, हरित-आवरण की अनदेखी और रोपित वृक्षों के संरक्षण में रुचि की कमी भी कहीं न कहीं प्रदूषण को और बढ़ाती है।

ओन लाइन वस्तुओं को मंगाने की बढ़ती प्रवृत्ति,त्योहारों के दौरान प्लास्टिक सजावट, रासायनिक रंगों और पटाखों का अत्यधिक उपयोग यह दर्शाता है कि हम उत्सवों में स्वस्थ पर्यावरण को शामिल करना अब भी नहीं सीख पाए हैं। कचरा प्रबंधन नियमों, ट्रैफिक कानूनों और पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों की लगातार अवहेलना 'नियम केवल दूसरों के लिए हैं' वाली मानसिकता को उजागर करती है।

सत्य यही है कि प्रदूषण केवल सरकारी असफलता का परिणाम नहीं, बल्कि हमारे गैरजिम्मेदाराना आचरण का दर्पण भी है। जब तक हम स्वयं पर्यावरणीय अनुशासन नहीं अपनाएँगे, तब तक सुधार केवल कागज़ों और घोषणाओं तक सीमित रहेगा और हम दिल्ली वासी जैसे पर्यावरण प्रदूषण को कोसते रहेंगे। क्योंकि समाधान नीति में नहीं, नागरिक के चरित्र में छिपा है।

पर्यावरण प्रदूषण रोकने में सरकारों को भी जिम्मेदार संस्था के रूप भूमिका निभाने की आवश्यकता है क्योंकि वहां भी हममें से ही कोई बैठा है। पर्यावरण कानूनों को बिना भेदभाव के प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करने की जरुरत है साथ ही स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ बनाना और अपशिष्ट प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था करना , जिम्मेदाराना व्यवहार के लिए नागरिकों को प्रेरित करना भी उसके प्रमुख दायित्व में से एक हैं।इतना ही नहीं पेड़-पौधों के संवर्धन- संरक्षण,जल स्रोतों की नियमित साफ-सफाई और शहरी हरियाली बढ़ाने जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सरकारें प्रदूषण नियंत्रण को प्रभावी बना सकती है, बशर्ते बनाना चाहें। मेरा ऐसा मानना है कि जब तक हर भारतीय और सरकारें स्वयं को पर्यावरण का रक्षक नहीं समझेंगे तब तक भारत में प्रदूषण संकट के बादल गहराते जाने की ही संभावना है, प्रदूषण मुक्त होना एक दिवास्वप्न जैसा है।

**डा.मनमोहन प्रकाश**


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सेमरडाड़ी के श्याम मिश्रा ने ष्ठ में हासिल किया पांचवां स्थान, हिंदी शोध में रचेंगे नई इबारत



**खजनी** – गोरखपुर खजनी ब्लॉक अंतर्गत सेमरडाड़ी गांव निवासी श्याम मिश्रा ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के हिंदी विभाग में पीएचडी में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्याम मिश्रा ने विश्वविद्यालय स्तर पर पांचवां स्थान प्राप्त किया है। श्याम मिश्रा 'डिजिटल मीडिया के दौर में हिंदी' विषय पर शोध करेंगे। उनके शोध का उद्देश्य सोशल मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव में हिंदी भाषा की बदलती भूमिका और चुनौतियों का अध्ययन करना है। श्याम मिश्रा की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर, खजनी से हुई। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीए (हिंदी ऑनर्स), एमए (हिंदी) तथा हिंदी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया। साहित्य और मीडिया में गहरी रुचि के चलते वे समसामयिक विषयों पर विभिन्न समाचार पत्रों में निरंतर लेखन भी करते रहे हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने संयुक्त परिवार के सहयोग, गुरुजनों के मार्गदर्शन तथा माता-पिता के त्याग और तपस्या को दिया है। उनकी उपलब्धि से गांव सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### मंच संचालन के लिए जे.पी. तिवारी को मिला सम्मानपत्र



**देवरिया।** दिवानी न्यायालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट मंच संचालन के लिए संरक्षण अधिकारी जे.पी. तिवारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जे.पी. तिवारी को सम्मानपत्र प्रदान किया। अधिकारियों ने उनके संयमित, प्रभावी और गरिमापूर्ण मंच संचालन की सराहना करते हुए इसे न्यायालय एवं जनपद के लिए प्रेरणादायक बताया।

### भारतीय सर्वजन पार्टी की राष्ट्रीय समिति के पदाधिकारी चयनित

**देवरिया।** भारतीय सर्वजन पार्टी की उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक में मंगलवार को राष्ट्रीय समिति के पदाधिकारियों का चुनाव केंद्रीय चुनाव अधिकारी हरिशंकर निषाद तथा सहायक चुनाव अधिकारी श्रीमती प्रियंका निषाद की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव में अशोक निषाद को लगातार चौथी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। अन्य निर्वाचित पदाधिकारियों में माया निषाद राष्ट्रीय महासचिव, राम प्रसाद राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, संजय श्रीवास्तव राष्ट्रीय कार्यालय सचिव तथा रामवृक्ष राव राष्ट्रीय प्रभारी शामिल हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक निषाद ने अभिषेक निषाद को राष्ट्रीय महासचिव, संजय श्रीवास्तव को राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा धनबाद निवासी तेज नारायण सिंह पटेल को राष्ट्रीय प्रभारी पद पर मनोनीत किया है। श्री पटेल को बिहार व झारखंड का प्रभार भी सौंपा गया है।

### हर व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में पराविधिक स्वयंसेवकों की अहम भूमिकाः जनपद न्यायाधीश

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया की ओर से संवर्धन योजना के तहत पराविधिक स्वयंसेवकों (अधिकार मित्र) के क्लस्टर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। जिला न्यायाधीश ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने में पराविधिक स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें समाज के कमजोर तबकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि पराविधिक स्वयंसेवकों को न केवल न्यायिक प्रणाली के बारे में जानकारी देनी चाहिए, बल्कि साधारण विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने हेतु भी प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, विभिन्न जिलों के सचिव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, संरक्षण अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# ग़ोला क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन, शराब व हरे पेड़ों की कटान पर भाजपा बूथ अध्यक्ष का बड़ा आरोप

### ●एडीजी के निरीक्षण से पहले गोपालपुर में गूंजा विरोध

### पुलिस-प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप, कार्वाई की उठी मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला –गोरखपुर** – गोला थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के बढ़ते बोलबाले के खिलाफ सोमवार देर रात भाजपा के बूथ अध्यक्ष ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। मौके पर एडीजी अशोक मुथा जैन के औचक निरीक्षण के दौरान उनकी अनुपस्थिति में यह शिकायत उनके कार्यालय प्रभारी निरीक्षक शशिकांत को सौंपी गई। शिकायत पत्र में अवैध मिट्टी खनन, अवैध शराब बिक्री, प्रतिबंधित हरे पेड़ों की कटान और सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े किए गए हैं। गोपलापुर निवासी एवं



भाजपा बरईपुरा उर्फ पड़ौली बूथ अध्यक्ष गुड्डू राय ने बताया कि गोला थाना क्षेत्र में लगातार बड़े पैमाने पर जेसीबी मशीनों से सरकारी भूमि का अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। कई बार सूचित करने के बावजूद स्थानीय पुलिस कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है। आरोप लगाया गया कि इस गोरखधंधे के पीछे पुलिस व प्रशासन की मिलीभगत है।

उन्होंने कहा कि तरैना पुल के निकट जंगल क्षेत्रों में अवैध शराब के साथ सुअर के मांस की बिक्री, कटाई और पकाने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। यहां आए दिन उत्पात, झगड़े और असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बनी रहती हैं, जिससे स्थानीय लोग भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि क्षेत्र में हरे एवं प्रतिबंधित पेड़ों की अंधाधुंध कटान हो रही है, जिसे पुलिस-प्रशासन की शह मिली हुई है। कई बार थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी, राजस्व विभाग तथा वन विभाग को शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई गईं। उन्होंने कहा,

अगर सत्तारूढ़ पार्टी का बूथ अध्यक्ष होने के बावजूद मेरी शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हो रही, तो आम जनता को न्याय कैसे मिलेगा? उन्होंने प्रशासन पर सीधे तौर पर आरोप लगाया कि अवैध कारोबारियों को संरक्षण देकर क्षेत्र की कानून व्यवस्था को खतरे में डाला जा रहा है। 'लोग परेशान हैं, लेकिन अवैध धंधा बंद कराने वाला कोई नहीं' – शिकायतकर्ता ने कहा। इस दौरान कार्यालय प्रभारी निरीक्षक शशिकांत ने शिकायत पत्र प्राप्त करते हुए मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया और कहा कि तथ्यों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में बढ़ रही अवैध गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग तेज होती जा रही है।

### नवनिर्मित मकान का दिवाल जोड़ते समय पाइट से गिरकर राजगीर मिस्त्री की हुई मौत



**गोलाबाजार गोरखपुर**– गोला थाना क्षेत्र के ग्राम सुरदापार राजा में मंगलवार की दोपहर नव निर्मित मकान की दिवाल जोड़ते समय पाइट से नीचे गिर कर राजगीर मिस्त्री की तत्काल घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर गोला पुलिस मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया प्राप्त विवरण के अनुसार गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बाड़ी तरया निवासी राजू पुत्र भिखारी प्रसाद उम्र 45 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। मंगलवार को सुरदापार राजा में जयप्रकाश भारती के यहां नव निर्मित मकान की दिवाल जोड़ रहा था दोपहर में अचानक पाइट से नीचे गिर पड़ा। लोग प्राइवेट चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे लेकिन उसके प्राण नहीं थे। सूचना पर पुलिस आकर शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पिता का एकलौता पुत्र था।उसके पास 16 बर्ष की एक पुत्री है।

### हत्या के प्रयास में पुलिस ने वांछित दो अभियुक्तों को दबोचा

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया संजीव सुमन के निर्देश पर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चल रहे अभियान के तहत रुद्रपुर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास से जुड़े मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अभियान का संचालन अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद कुमार पांडेय के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर हरिराम यादव के पर्यवेक्षण में किया गया। थाना रुद्रपुर में दर्ज मु.अ.सं. 444/2025, धारा 115(2), 352, 351(3) बीएनएस तथा बढ़ोत्तरी धारा 191(2)/109(1) बीएनएस से संबंधित मामले में वांछित अभियुक्त अजय वनवासी पुत्र दिनेश वनवासी तथा धर्मेंद्र विश्वकर्मा पुत्र राम भरोसा विश्वकर्मा, दोनों निवासी एकला मिश्रौलिया सुअरहा टोला, थाना रुद्रपुर, को मुखबिर की सूचना पर हड़ही पुल मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध नियमित कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## दारा सिहं को पटखनी देने वाले पहलवान ब्रह्मदेव मिश्रा की मनी 50वी पुण्यतिथि

### ●व्यक्ति आगे बढ़ता है चुनौती को स्वीकार करने का साहस दृढ़ इच्छा शक्ति की कोई सीमा नहीं गिरवर मिश्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी**– गोरखपुर खजनी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रुद्रपुर खजनी में सोमवार को अखाड़ा संचालन गिरवर मिश्र की अध्यक्षता में विश्व विजेता दारा सिंह को पटखनी देने वाले अंतरराष्ट्रीय पहलवान स्वर्गीय ब्रह्मदेव मिश्र की 50वीं पुण्यतिथि मनाई गई श्री मिश्र ने कहा कि व्यक्ति आगे बढ़ता है चुनौतियों को स्वीकार करने का साहस दृढ़ इच्छा शक्ति की कोई सीमा नहीं अपनी जिंदगी में सफलता के लिए सोच विश्वास करें सपने देखे और साहस करें स्वर्गीय ब्रह्मदेव मिश्र की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर उनकी याद में 25 जोड़ कुश्ती दंगल कराई गई कुश्ती के मुख्य जोड़े प्रकाश ,अंश जगदीश, नागेंद्र राजनाथ ,आदर्श गोपाल, विनोद गोविंद, मधु सुरेश ,सुरेंद्र विनोद, पारस अभिषेक, जगत सुरेंद्र ,राजनाथ, राजा सूरज ,अभिनव ,अंकुश सूरज, रिंकू आदित्य, निखिल अजीत ,सत्येंद्र पंकज, वेद प्रकाश अभिषेक, आशु बृहस्पति, गंगेश आकाश, रिंकू अंकुश ,अभिनव अजय ,पंकज अंश ,सोनू की कुश्ती बराबरी पर रही दंगल में प्रमुख रूप से प्रेम शंकर मिश्रा, गणेश शंकर मिश्रा, डॉक्टर उदय प्रकाश मिश्रा, अमर मोदी मिश्रा, श्रीप्रकाश मिश्रा,ज्ञ अभिजीत शुभम मिश्रा, आदित्य, आकाश, हर्ष देव, किशन, अनूप शटर, अखिलेश, अमरजीत, मनीष, गोविंद, सूरज, दिव्यांश, पारस रेफरी की भूमिका राष्ट्रीय सुदामा पहलवान व सुरज यादव संचालन शुभम पहलवान और अभिजित मिश्र ने किया।

## डीएम ने रात्रि में किया औचक निरीक्षण, रैन बसेरों की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने सोमवार देर रात नगर पालिका परिषद बलरामपुर क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर रेलवे स्टेशन, बस अड्डा सहित नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरों में की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस दौरान उन्होंने ठंड से बचाव के लिए किए गए प्रबंधों पर विशेष ध्यान दिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जरूरतमंदों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रैन बसेरा प्रबंधन से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और साफ-सफाई तथा कंबलों की पर्याप्त व्यवस्था रखने तथा अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर




अलाव का प्रबंध तत्काल किया जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति खुले में रात गुजारने को मजबूर न हो। जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर मौजूद यात्रियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठंड के इस मौसम में प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना है तथा रैन बसेरों में हर संभव सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।आधिकारिक टीम के साथ किए गए इस निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग कर्मियों ने लगाया कैम्प, ढाई लाख रुपये हुये जमा, 25 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ तहसील के बर्डपुर विद्युत उपकेन्द्र के ग्राम पंचायत अलीदापुर के टोला रिसालातपुर परैया गांव मे पावर हाउस के कर्मचारियों द्वारा बिजली विभाग का कैंप लगाया गया। बिजली उपभोक्ताओं को सरकार की ओर से संचालित लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। जेईअरुण कुमार ने बताया कि बिजली बिल के भुगतान से जुड़े महत्वपूर्ण योजनाओं को बताया गया। बिजली बिल के बकायेदारों ने ढाई लाख रुपये जमा किये, जबकि 25 बिजली उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। बिजली बिल भुगतान के लिये रजिस्ट्रेशन कराने वाले लोगों को योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिये प्रेरित किया गया। रजिस्ट्रेशन कराने वाले लोग सीएससी से ऑनलाइन बिल भुगतान भी कर सकेंगे। इस दौरान जेई अरुण कुमार , संविदा कर्मी संतोष यादव, रामजीत गौड़, बाबूलाल, गोपाल मौर्या, राकेश गौतम, अजीज आदि लोग उपस्थिति रहे।

**आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का शुरू हुआ प्रशिक्षण**

शोहरतगढ़ ब्लॉक संसाधन केन्द्र के कम्पोजिट विद्यालय शोहरतगढ़ में समग्र शिक्षा के अंतर्गत विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की स्क्रीनिंग हेतु को-लोकेटेड आंगनवाड़ी केंन्द्रो की कार्यकत्रियों का ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को शुरू हुआ। प्रशिक्षक विशेष शिक्षक जितेन्द्र कुमार व रामभरत ने केन्द्र के कार्यकत्री को विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को चिन्हित करने का तरीका बताया। विशेष शिक्षक जितेंद्र कुमार ने कहा कि बिना भेदभाव को सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना शासन की मंशा है। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिये सभी की सहभागिता आवश्यक है। सरकार दिव्यांग बच्चों की समुचित शिक्षा के लिये विभिन्न प्रकार के उपकरणों के अलावा शिक्षा व्यवस्था पर ध्यान दे रही है। बच्चों को चिन्हित कर उन्हें लाभ दिलाया जायेगा। प्रशिक्षण में ब्लॉक क्षेत्र के सभी को-लोकेटेड आंगनवाड़ी केंन्द्रो की कार्यकत्रियों की मौजूदगी रही।

## मिशन शक्ति के तहत छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महिला सुरक्षा एवं बाल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को कोतवाली पुलिस की मिशन शक्ति टीम द्वारा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि मिशन शक्ति टीम द्वारा कटरा बलीपुर स्थित कान्वेंट स्कूल में छात्र छात्राओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें बाल संरक्षण एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा स्कूल के बच्चों को गुड टच बैड टच के बार में विस्तार से जानकारी दी गयी। वहीं विमेन पॉवर हेल्प लाईन 1090, चाइल्ड हेल्प लाईन 1098, महिला हेल्प लाईन 181 आदि महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में भी जागरूक किया गया। कोतवाल ने कहा कि इस प्रकार की जागरूकता से बच्चों में सतर्कता एवं आत्मविश्वास को मजबूती मिल सकेगी।

### पीएचसी शाहबाजपुर में जल्द शुरू होगी प्रसव सुविधाः सीएमओ

**देवरिया।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाजपुर का निरीक्षण किया और मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। सीएमओ ने निर्देश दिया कि केंद्र पर शीघ्र प्रसव सुविधा शुरू कराई जाए। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

निरीक्षण के दौरान नियमित टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण कार्यक्रमों तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। सीएमओ ने मरीजों से अच्छा व्यवहार करने और सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में उपलब्ध सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान व प्रबंधन पर विशेष बल देने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर डीएमएचसी विश्वनाथ मल्ल व राय कमलेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## रेनेसां यूनिवर्सल के तत्वावधान में स्मृति संवर्धन पर विचार गोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां गोरखपुर**– रेनेसां यूनिवर्सल के तत्वावधान में मुरारी इंटर कॉलेज परिसर में 'स्मृति संवर्धन में जैव मनोविज्ञान की भूमिका' विषय पर एक भव्य, व्यापक एवं अत्यंत ज्ञानवर्धक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के हजारों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विषय से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य सिद्धविद्यानंद अवधूत ने जैव मनोविज्ञान विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए ध्यान साधना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि पठन-पाठन में स्मरण शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नियमित ध्यान अभ्यास से स्मरण शक्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

विद्यार्थियों को चेतन, अवचेतन और अचेतन मन की अवधारणा से भी परिचित कराया और बताया कि इन तीनों मन की सही समझ व्यक्ति के मानसिक विकास और स्मृति संवर्धन में सहायक होती है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने यह भी बताया कि मस्तिष्क की कार्यप्रणाली, भावनात्मक संतुलन, एकाग्रता और जीवनशैली स्मरण शक्ति को गहराई से प्रभावित करती है। विद्यार्थियों को स्मृति मजबूत करने के लिए संतुलित आहार, सकारात्मक सोच, नियमित अभ्यास और अनुशासित दिनचर्या अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रधानाचार्य मेजर साकेत जी ने किया, इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

# टेट के सवाल को लेकर 10 को दिल्ली कूंच करेंगे शिक्षक

### ●26 दिसम्बर को होगा जनपदीय अधिवेशनः बैठक में उठे मुद्दे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक प्रेस क्लब सभागार में जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 11 दिसम्बर को राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर टेट अनिवार्यता के सवाल को लेकर दिल्ली के जन्तर मन्तर पर आयोजित धरना प्रदर्शन में हिस्सेदारी के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विन्दुओं पर विचार किया गया । बैठक को सम्बोधित करते हुये संघ अध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि 10 दिसम्बर को बड़ी संख्या में शिक्षक अपने-अपने साधन, रेल व बसों द्वारा दिल्ली के लिये कूंच करेंगे। संघ के जिला मंत्री राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि आगामी 22 दिसम्बर को प्रेस क्लब सभागार में जनपदीय अधिवेशन के लिये पदाधिकारियों का नामांकन, 24 को जांच और नाम वापसी होगी। 26 दिसम्बर को जिला बेसिक अधिकारी कार्यालय परिसर में जनपदीय अधिवेशन सम्पन्न होगा जिसमें पदाधिकारियों का निर्वाचन होगा। बैठक में शिक्षकों के पदोन्नित, चयन वेतन मान, प्रतिकर अवकाश आदि मुद्दों पर विचार करने के साथ ही मांगे न माने जाने पर संघर्ष का निर्णय लिया गया।यह जानकारी देते हुये जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, सदर अध्यक्ष शैल शुक्ल, इन्द्रसेन मिश्र, चन्द्रभान चौरसिया, देवेन्द्र वर्मा, रीता शुक्ला, रामपाल चौधरी, सतीश शंकर शुक्ल, राजीव पाण्डेय, विकास पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय, रिकूं पाण्डेय, श्रवण कुमार, राजेश चौधरी, पटेश्वरी निषाद, शिवम शुक्ल, विजय वर्मा, अनूप चौधरी, उमाशंकर मणि, दिनेश वर्मा, मारूफ खान, सुनील पाण्डेय, भैयाराम राव, सत्य प्रकाश पाठक, पटेश्वरी निषाद, उदयशंकर पाण्डेय,ज्ञानदास, विवेक कुमार के साथ ही अनेक शिक्षक और संघ पदाधिकारी शामिल रहे

## कुश्ती दंगल में दमदार मुकाबले, पहलवानों की फुर्ती ने जीता दर्शकों का दिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर, विकासखंड पचपेड़वा।** विकासखंड पचपेड़वा के ग्राम ठुडवलिया में राष्ट्रीय एकता विचार कुश्ती दंगल का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। दंगल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना और युवाओं को खेल भावना से जोड़ना रहा। इस मौके पर भाजपा के पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज भी ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक खेलों को लेकर अपार उत्साह देखने को मिलता है। वहीं आयोजकों व स्थानीय ग्रामीणों ने अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया। दंगल में आसपास के जिलों के अलावा कई राज्यों से आए नामचीन पहलवानों ने अपना बेहतरीन कौशल दिखाया। एक-एक दांव-पेंच तथा खिलाड़ियों की ताकत और फुर्ती देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। अखाड़े में चले मुकाबले इतने कड़े रहे कि कई बार दर्शकों में उत्सुकता और रोमांच की लहर दौड़ती रही। दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों का हौसला लगातार बढ़ता गया। अखाड़े में हर जीत-हार पर तालियों और जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। मंच से लगातार उद्घोषणाएं होती रहीं, जिससे खेल का वातावरण और भी ऊर्जावान बना रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम प्रधान सहित स्थानीय युवाओं की अहम भूमिका रही, जिन्होंने पूरी व्यवस्था संभालते हुए दंगल को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। ग्रामीणों ने कहा कि आने वाले वर्षों में भी इस तरह के आयोजन जारी रहेंगे, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का मंच मिलता रहे और पारंपरिक खेलों की विरासत संरक्षित होती रहे।

## ऑपरेशन कनविक्शन के तहत हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के अंतर्गत बलरामपुर में हत्या के एक बहुचर्चित मामले में अदालत ने दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों अभियुक्तों पर न्यायालय ने प्रति व्यक्ति 12-12 हजार रुपये के अर्थदंड का भी आदेश दिया। जानकारी के मुताबिक दिनांक 02 सितंबर 2019 को तुलसीपुर थाने में वादिनी द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ उसके पति की हत्या किए जाने की सूचना दी गई थी, जिस पर मुकदमा नंबर 176/19 धारा 302 व 201 आईपीसी के तहत पंजीकृत किया गया था। मामले की विवेचना निरीक्षक वकील पाण्डेय द्वारा की गई। जांच के दौरान घटना में संलिप्तता उजागर होने पर घनश्याम कोरी व उनकी सहयोगी चिनका देवी को अभियुक्त बनाया गया।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में मामले की पैरवी विशेष रूप से मॉनीटरिंग सेल के तत्वावधान में की गई। पैरवी में अपर पुलिस अधीक्षक व मॉनीटरिंग सेल के नोडल प्रभारी विशाल पाण्डेय, जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी क्रि.) कुलदीप सिंह, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी बृजानंद सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक तुलसीपुर व उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही करीब चार वर्षों तक चले विचारण के बाद माननीय एएसजे, बलरामपुर की अदालत ने दोनों अभियुक्त– घनश्याम कोरी तथा चिनका देवी – को हत्या एवं सबूत मिटाने के अपराध में आजीवन कारावास व अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस विभाग ने इस निर्णय को ऑपरेशन कनविक्शन की एक बड़ी सफलता बताते हुए कहा है कि गंभीर अपराधों में दोषियों को कठोर दंड दिलाने के लिए आगे भी प्रभावी पैरवी जारी रहेगी।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत बलरामपुर पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

### ●स्कूलों व बाजारों में चले कार्यक्रम, महिला हेल्पलाइन नम्बरों की दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत आज जनपद भर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देशन में विभिन्न थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल द्वारा स्कूलों, कॉलेजों सहित सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर संवाद स्थापित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिला बीट अधिकारियों ने ग्राम चौपाल आयोजित कर महिलाओं की समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही निस्तारण का प्रयास किया। वहीं छात्राओं व आमजन को वूमेन पॉवर लाइन-1090, आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं की उपयोगिता से अवगत कराया गया।अभियान के अंतर्गत घरेलू हिंसा, गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध, महिला अधिकारों व संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी महिलाओं को परिचित कराया गया तथा सूचना पम्पलेट वितरित किए गए। इसी क्रम में स्थानीय थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों की सुविधाओं और वहां मिलने वाली सहायता सेवाओं के बारे में भी महिलाओं को जानकारी दी गई, ताकि वे किसी भी समस्या की स्थिति में निसंकोच इन सेवाओं का लाभ उठा सकें।अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना तथा समाज में नारी के सम्मान, गरिमा और सुरक्षा को सशक्त बनाना है। बलरामपुर पुलिस का कहना है कि नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन मिशन शक्ति अभियान की मूल आधारशिला है, और इसी कड़ी में पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार सक्रिय प्रयास जारी हैं, ताकि जिले की हर महिला भयमुक्त तथा स्वाभिमानी जीवन का अनुभव कर सके।

## संक्षिप्त खबरें

### दो दिन पूर्व हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा माल बरामद आरोपियों को भेजा जेल



**बरेली**/क्यों लड़िया 2 दिन पूर्व ठिरिया बन्नो जान के क्रेशर व्यापारी के कोलू पर हुई चोरी में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के ठीक 2 दिन बाद घटना का खुलासा करते हुए गांव बिहारीपुर अब्दुल रहमान के विकास पुत्र रामपाल कांता प्रसाद पुत्र हरिशंकर निवासी बिहारीपुर को आज सुबह मुखबिर की सूचनापर अप्सरा नदी के बंद के पास से दोनों अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी की घटना में गए सामान के बतौर एक संदूक दो चिट बंद लिफाफे भी मिले एक में 5850 रूपए थे दूसरे में 5820 रुपए निकले साथ ही बैंक पासबुक एटीएम कार्ड पैन कार्ड ए-श्रमिक कार्ड समेत सामान बरामद हुआ पुलिस को मिली सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजबली सिंह उप निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह कांस्टेबल नीरज कुमार राजीव कुमार श्रवण कुमार आज की टीम ने दोनों अपराधियों को अप्सरा नदी पर बने बांध के पास से पकड़ लिया पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### गोला चेयरमैन ने किया फीता काटकर मिश्रा जी स्वीट हाउस का उद्घाटन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला लखीमपुर रोड पर केन ग्रोवर डिग्री कालेज के सामने मिश्रा जी स्वीट हाउस का नवीन उद्घाटन गोला नगर पालिका के चेयरमैन विजय शुक्ल रिंकू ने बैदिक मंत्रोच्चारण के पश्चात फीता काटकर किया है। इस अवसर पर होटल के मालिक ग्राम प्रधान सोमनाथ मिश्र व पारुल मिश्र ने उनको प्रतीक चिह्न भेट कर सम्मानित किया है। होटल के मालिक ने बताया कि हमारे यहां शुद्ध खोये की मिठाई व देशी घी से निर्मित नमकीन हर समय सस्ते मूल्य पर उपलब्ध रहेगी।

### जिला अध्यक्ष के आवास पर केक काटकर मनाया जायेगा डाक्टर प्रवीण तोगड़िया का जन्मोत्सव

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिला कमेटी गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी द्वारा जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के नेतृत्व में दिनांक 12/12/2025 दिन शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया जी के जन्म दिवस पर दोपहर 2:00 बजे जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के निज निवास पंजाबी कालोनी गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी पर केक काटकर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किए जायेंगे। जिसमें सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थिति रहेंगे है।

### अज्ञात कारणों से घर में लगी भीषण आग, लाखों का सामान राख मजदूर परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़



**मैगलगंज खीरी।** थाना मैगलगंज क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी निवासी छोटे लाल राज के घर में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने पूरे परिवार की सालों की कमाई राख कर दी। हादसा इतना भयावह था कि देखते ही देखते मोटरसाइकिल, परचून की दुकान का पूरा सामान, घरेलू दस्तावेज, राशन सामग्री तथा संपूर्ण गृहस्थी आग की लपटों में स्वाहा हो गई।पीड़ित परिवार को लाखों रुपये का भारी नुकसान हुआ है।छोटे लाल राज मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनके ऊपर लगभग 10 से 12 सदस्यों की जिम्मेदारी है। अचानक आग लगने से घर में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर खाक हो चुका था। ग्रामीणों के मुताबिक आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और चिंता का माहौल है। पीड़ित परिवार के सामने अब रहने, खाने और रोज़मर्रा की जरूरतों को पूरा करने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे दोबारा अपने जीवन की शुरुआत कर सके।

# नई दिल्ली झंडेवाला में बाबा पीर रतन नाथ मंदिर पर प्रशासनिक कार्रवाई से रोष

## ● खीरी में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर संरक्षण की माँग



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** नई दिल्ली झंडेवाला स्थित पौराणिक मंदिर दरगाह श्री बाबा पीर रतन नाथ जी महाराज (पेशावर वाले) पर 29 नवंबर को भूमि विकास प्राधिकरण और नगर निगम द्वारा की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई के बाद जिले भर में तीव्र आक्रोश फैल गया है। पलिया, लखीमपुर,गोला, खीरी, भीरा और धौरहरा क्षेत्र में रहने वाले हजारों सेवक परिवार इस घटना को धार्मिक विरासत पर हमला मानते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।घटना के विरोध में मंदिर के प्रबंधक मानिक चन्द्र अरोड़ा (मंदिर दरगाह श्री बाबा पीर रतन नाथ जी महाराज – मोहल्ला अहिरान-2, पलिया कलां, जिला लखीमपुर खीरी) की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को विस्तृत ज्ञापन भेजा गया है। ज्ञापन में माँग की गई है कि मंदिर परिसर की भूमि मंदिर को ही आवंटित की जाए, ध्वस्तीकरण के दौरान लगाई गई लोहे की बैरिकेडिंग हटाई जाए तथा सीमा-बंदी के पुनर्निर्माण की अनुमति दी जाए। समिति ने कहा है कि यह केवल एक भवन नहीं, बल्कि सनातन धर्म की प्राचीन और प्रमाणिक परंपरा का केंद्र है, जिसकी रक्षा आवश्यक है।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि मंदिर पर 1948 से कब्जे और 1973 से भूमि भू-पट्टा रिकॉर्ड उपलब्ध है, ऐसे में बिना विधिक आदेश और बिना किसी नोटिस के की गई कार्रवाई न्यायसंगत नहीं मानी जा सकती। समिति ने कहा कि इस तरह का कदम श्रद्धालुओं की भावनाओं के विरुद्ध है और प्रशासन द्वारा निष्पक्षता नहीं बरती गई।मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में मंदिर की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्ता भी दर्ज है। दस्तावेज़ के अनुसार यह स्थल लगभग 1365 वर्ष प्राचीन है और इसे आदि गुरु गोरखनाथ जी के परम शिष्य श्री श्री 1008 बाबा पीर रतन नाथ जी महाराज द्वारा स्थापित किया गया था। वर्तमान में 31वें ईश्वरीय स्वरूप गद्दी पर विराजमान हैं और लाखों श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक धारा को जीवित रखते हुए मानव सेवा, गौ सेवा और धर्म प्रचार के कार्य निरंतर चल रहे हैं।समिति ने यह भी बताया कि प्रतिदिन मंदिर में अमृत बेला की आरती, रामनाम जप, सत्संग, निरंतर लंगर सेवा, गरीबों को भोजन व कंबल वितरण तथा चिकित्सा शिविरों के माध्यम से दवा वितरण किया जाता है। ऐसे में इस धार्मिक सेवा केंद्र को क्षति पहुँचाना भक्त समाज की भावना पर गहरा आघात है।ज्ञापन में प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया है कि कथित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान मंदिर की बाउंड्रीवाल, पुष्प वाटिका, पानी की टंकियाँ, सीवर लाइन, अस्थाई लंगर, प्रसाद हाल, लोहे के मुख्य द्वार और विद्युत कक्ष तक को तोड़ दिया गया, जबकि बार-बार आग्रह करने पर भी अधिकारियों ने आदेश की प्रति उपलब्ध नहीं कराई और केवल 'ऊपर से आदेश है' कहकर कार्रवाई जारी रखी।ज्ञापन भेजे जाने के बाद अब जिले के साधु-संत समाज, सेवक परिवार और धार्मिक संगठनों में चर्चा तेज हो गई है। पलिया और गोला क्षेत्र में सामूहिक बैठक बुलाने की तैयारी चल रही है, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। श्रद्धालुओं का कहना है कि वे कानून की मर्यादा में रहते हुए अपनी विरासत की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और मुख्यमंत्री से अपेक्षा है कि विश्वभर के सनातन अनुयायियों की आस्था व भावना को ध्यान में रखते हुए मामले का संज्ञान लिया जाएगा और प्राचीन धार्मिक विरासत की सुरक्षा हेतु आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

## शिशु वाटिका लखीमपुर में त्रि दिवसीय प्रांतीय निरीक्षण सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखीमपुर खीरी।** विद्या भारती वार्षिक शैक्षिक निरीक्षण योजना के अंतर्गत सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका लखीमपुर खीरी में आज तीन दिवसीय 7 दिसंबर से 9 दिसंबर 2025 को उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पार्चन कर भैया बहिनों द्वारा वार्षिक गीत प्रातः स्मरण, हनुमान चालीसा, कहानी एवं हमारा लक्ष्य सुनाकर निरीक्षिका बहनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वंदना के पश्चात शिशु वाटिका संचालिका श्रीमती हीरा सिंह ने मंचासीन अतिथियों का परिचय एवं सम्मान किया। आदरणीया मंजू मंध्यान शिशु वाटिका प्रमुख एवं आदरणीया रेनुका श्रीवास्तव जी आप दोनों सरस्वती शिशु वाटिका मालवीय नगर गोण्डा आई। सभी शिशुओं द्वारा घोष ड्रम के साथ योग कराया गया। राम आयेंगे भजन के साथ ताली योग भी कराया गया। कक्षा कक्ष शिक्षण कार्य में देखा गया। दोनों निरीक्षका बहनों ने वंदना सभा में भैया बहनों को प्रेरक कथा एवं गीत सुनकर अनुशासन उत्साह और आगे बढ़ने का संदेश दिया निरीक्षण टीम द्वारा विद्यालय की समग्र शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया गया कक्षाओं की स्वच्छता, छात्रों के बैठने का आसान, शिशुओं का दिन के अनुसार वेश एवं आचार्या बहिनों का वेश का निरीक्षण किया। कार्यालय की विभिन्न पंजियों का रख-रखाव एवं सभी पंजियों का निरीक्षण भी किया । भैया बहिनों की डायरी, कापी आदि। भोजनवेला एवं वन्दे मातरम् का भी सूक्ष्मता के साथ निरीक्षण किया। आचार्या दैयन्दिनी एवं विभिन्न विभाग की विभाग पंजिया देखी गई अंत में दोनों बहिनों ने समस्त शिक्षिका बहिनों के साथ बैठकर समीक्षा कर विभिन्न बिंदुओं पर वार्ता की। विद्यालय की प्रत्येक कक्षा, कार्यालय व्यवस्था, परिसर की स्वच्छता ,शैक्षणिक वातावरण की सराहना की सफल आयोजन में समस्त शिक्षिकाओं बहनों का एवं कर्मचारी भैया बहिनों का भी योगदान सराहना भी की। विद्यालय दिनों दिन प्रगति की ओर बढ़े ऐसी शुभकामना दी।

### श्रीमद्भागवत अमृत कथा के तीसरे दिवस सती चरित्र और शिव महत्व की चर्चा हुयी

**लखीमपुर खीरी।** स्थानीय नौरंगाबाद मोहल्ला स्थित चंदेल लॉन एक बार फिर दिव्य अध्यात्म की पावन सुगंध से महकने लगा, 7 दिसंबर से आरंभ हुये श्रीमद्भगवत भक्ति ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिन वृन्दावन धाम से पधारे पण्डित अमित कृष्ण जी महाराज ने शिव महत्व, सती कथा का दिव्य प्रसंगों से श्रोताओं को अभिभूत किया। लगातार 18 वर्षो से अनवरत चल रहा यह आध्यात्मिक उत्सव अब नगर की पहचान बन चुका है, एक ऐसा आयोजन, जहाँ भागवत का अमृत केवल सुनाई नहीं देता, बल्कि जनमानस के हृदय में उतरकर जीवन का मार्ग प्रकाशवान करता है। आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा की मधुर, मनोमुग्धकारी रसधारा बहाएँगे। उनके श्रीमुख से निःसृत अमृतमयी वाणी न केवल श्रोताओं को भक्ति की ओर ले जा रही है, बल्कि जीवन के जटिल प्रश्नों का दिव्य समाधान भी प्रदान कर रही है। आयोजन समिति के महासचिव एवं भारत विकास परिषद संस्कृति शाखा, लखीमपुर के अध्यक्ष एड. आर्येन्द्र पाल सिंह ने एक विज्ञप्ति जारी कर उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में शैलेन्द्र कुमार मौर्या सहित भारी तादाद में मोहल्ला वासी व नगर वासियों के अतिरिक्त दूर दराज क्षेत्रों से भी भक्तगण पधार रहे हैं।

## आठ दिवसीय 12वां दशहरा मेला एवं श्री रूद्र महायज्ञ का भव्य मंगल कलश यात्रा के प्रारंभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मितौली** क्षेत्र के ग्राम सडिलवा स्थित शिवदानी बाबा सेवा संस्थान के तत्वाधान में गत वर्षो के भांति इस वर्ष भी आठ दिवसीय 12वां दशहरा मेला एवं श्री रूद्र महायज्ञ आयोजन हो रहा है ।श्री वृंदावन धाम से मुरली गोपाल लीला दर्शन मंडल द्वारा कलाकारों द्वारा सुंदर रामलीला और रासलीला का आयोजन किया जाएगा। आज प्रथम दिवस बृहस्पतिवार को शिव दानी बाबा प्रांगण से भव्य मंगल कलश यात्रा शुभारंभ ट्रैक्टर ट्रॉली, मोटर साइकिल, चार पहिया वाहनों द्वारा भारी संख्या बड़े ही धूमधाम से गाजे बाजे के साथ, बम बम भोले, हर हर महादेव, जय श्रीराम के जय घोष करते हुए कस्ता मितौली होते हुए यात्रा पौराणिक कष्ट हरण बाबा धाम पहुंचकर आचार्य मंडल द्वारा वैदिक विधि विधान से वैदिक मंत्रों उच्चारण कर पूजन अर्चन हुआ सर्वप्रथम मुख्य यजमान दिलीप सिंह ने कलश में पवित्र कठिना नदी से पवित्र जल भरा इसके उपरांत माताओ बहनों अपने-अपने कलशो में पवित्र जल भारा।

कार्यक्रम इस प्रकार 02 अक्टूबर 2025 दिन बृहस्पतिवार गणेश पूजन मंगल कलश यात्रा,03 अक्टूबर 2025 दिन शुक्रवार रामलीला व रासलीला का शुभारम्भ,04 अक्टूबर 2025 दिन शनिवार राम जन्म, मुनि आगमन, ताड़का वध का मंचन, 05 अक्टूबर 2025 दिन रविवार पुष्प वाटिका, सीता स्वयंवर, परशुराम लक्ष्मण संवाद,06 अक्टूबर 2025 दिन सोमवार रामवन गमन, दशरथ मरण, सीता हरण का मंचन, 07 अक्टूबर 2025 दिन मंगलवार उड़ान हबलों की सांस्कृतिक कार्यक्रम उड़ान हौसलों की, 08 अक्टूबर 2025 दिन बुधवार राम सुग्रीव मित्रता, बाली वध, लंका दहन का मंचन, 09 अक्टूबर 2025 दिन बृहस्पतिवार रावण दहन एवं विशाल भण्डारा का आयोजन किया जायेगा।ग्राम प्रधान संडिलवा मेला अध्यक्ष दिलीप सिंह तोमर, मदन शुक्ला प्रधान सरैंया, रमेश वर्मा दरी, सोनू सिंह संदिलवा,अखिलेश मिश्रा पत्रकार मितौली, रामू शुक्ला, कल्लिया रामपुर, दिनेश त्रिपाठी पत्रकार, जे.जे. राम राठौर, रमेश वर्मा, मनमोहन दीक्षित संगम सिंह, विमल सिंह, अमर सिंह, माता बहने व समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी काफी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर पुलिस पिकेट पिपरझला की फोर्स मौजूद रहा।

## जिला कारागार में स्वास्थ्य सुविधाओं का सीएमओ ने किया निरीक्षण

### ● निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखीमपुर खीरी।** जिला कारागार में मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण सुबह करीब 12 बजे किया गया, जिसमें जेल अधीक्षक व चिकित्सालय स्टाफ मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं, नेबुलाइज़र, ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर तथा दवाओं की उपलब्धता की सीएमओ द्वारा जानकारी ली गई। चिकित्साधिकारी ने बताया कि सभी आवश्यक दवाएं एवं उपकरण जेल चिकित्सालय में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। जेल में निरुद्ध कैदियों में 33 महिलाएं शामिल हैं। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि लगभग 50 बंदी डायबिटीज से ग्रस्ति हैं, इन सभी की टीवी की जांच के निर्देश सीएमओ द्वारा जिला क्षय रोग अधिकारी/डिप्टी सीएमओ और डॉ प्रमोद कुमार रावत को दिए हैं, साथ ही ईएनटी विशेषज्ञ द्वारा जेल में भ्रमण कर कैदियों की जांच करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी कैदियों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों द्वारा दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा भी की गई। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी एड्स व टीबी संबंधी जांच जेल में निरुद्ध बंदियों की जा चुकी है।

### पीलीभीत में सनसनीखेज घटना, युवक ने खुद को गोली मार कर की आत्महत्या

**पीलीभीत।** शहर की सदर कोतवाली क्षेत्र के देशनगर मुहल्ला के आम के बाग में युवक ने गोली मारकर खुदकुशी कर ली। उसकी जेब से तीन जिंदा कारतूस मिले है। सूचना के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है। अभी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शहर के बीचों-बीच स्थित देश नगर मोहल्ले में स्थित आम के बाग में सुबह गोली चलने की खबर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। घटनास्थल पर युवक का शव पड़ा था और पास में तमंचा कारतूस का एक खोखा और तीन जिंदा कारतूस भी मिले हैं। मामले की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने वहां से साक्ष्य एकत्रित किए।

**सीओ ने दी जानकारी-** सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। घटना के हर पहलू के अनुसार जांच की जा रही है। सर्वप्रथम युवक की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

### थाना हैदराबाद पुलिस टीम ने शान्ति भंग करने वाले 03 अभियुक्तो को किया गिरफ्तार



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थानाध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में थाना हैदराबाद खीरी की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 09.12.2025 को शान्ति भंग करने वाले 03 अभियुक्तगण 1.मटरु शर्मा पुत्र जमुना प्रसाद उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम मोहम्मदाबाद थाना हैदराबाद जिला खीरी 2.हेमराज पुत्र जवाहर उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम तकिया थाना हैदराबाद जिला खीरी 3.अंकित कुमार पुत्र राजेश कुमार उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम तकिया थाना हैदराबाद जिला खीरी को अन्तर्गत धारा 170/126/135 बी0एन0एस0एस0 में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे**

1. उप निरीक्षक अशोक कुमार सिह चौकी प्रभारी अजान,आरक्षी राजू वर्मा, संजीव कुमार थाना हैदराबाद मुख्य रूप से सामिल रहे।

## भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक आयोजित की दिया ज्ञापन



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली**/विकास खंड भदपुरा कार्यालय के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक आयोजित की गई इस बैठक में चार सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सोपा गया इसके तहत किशनपुर कुईया से विक्रमपुर जाने वाली सड़क पक्की कराए जाने कुछ किसानों के फ्री बोरिंग किए जाने के ऑनलाइन आवेदन होने के बाद भी बोरिंग नहीं हो पाए हैं।

इन्हें शीघ्र करवाया जाए कुछ किसानों की वृद्धा पेंशन आवेदन किए बरसों बीत जाने के बाद भी पेंशन स्वीकृत नहीं हुई इसे स्वीकृत कराया जाए ओसवाल चीनी मिल किसानों का 70 करोड रुपए दबाए बैठा है भुगतान न होने पर किसान परेशान है शीघ्र भुगतान दिलाया जाए यूनियन के पदाधिकारी ने नवाबगंज तहसील प्रांगण में चल रहा धरना सफल बनाने के लिए किसानों के भारी संख्या में पहुंचने की अपील की।

गई ताकि वहां के किसानों को न्याय मिल सके यहां के खंड विकास अधिकारी के उपस्थित न होने पर किसान यूनियन का ज्ञापन ए पी ओ सुमित कुमार ने इसमें सम्मिलित इसमें सम्मिलित सुरेंद्र पाल शर्मा भोले राम रविंद्र बाबू रामेश्वर दयाल गिरधारी लाल राम बहादुर तुलाराम प्यारेलाल पुत्तूलाल सूर्य प्रकाश छत्रपाल राकेश कुमार सेवाराम मेवाराम मिश्रीलाल प्यारेलाल लाल बहादुर कृष्ण पाल सोमवती नारायण लाल अविनाश कुमार भोले राम फतेहचंद हीरालाल आदि लोग प्रमुख थे।

## हृदय विदारक, मां का शव देखते ही इकलौता बेटा बिलख पड़ा सभी हुए गमगीन

### ● बरेली हाईवे पर हादसे में रिठौरा की नीलम वर्मा की मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली**/रिठौरा। बरेली-पीलीभीत हाईवे पर रिठौरा कस्बे के निकट सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में नगर पंचायत कर्मी अरविंद वर्मा की पत्नी नीलम वर्मा (45) की दुखद मृत्यु हो गई। मंगलवार दोपहर जब पोस्टमार्टम के बाद उनका शव घर पहुंचा, तो मृतका के इकलौते बेटे विनायक वर्मा का करूणा रूदन सुनकर पूरा कस्बा शोकाकुल हो गया।

हादसा रिठौरा में मस्तान मियां की मजार के पास हुआ। रिठौरा की नयी बस्ती निवासी अरविंद वर्मा, दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य के बेटे हैं। अपनी पत्नी नीलम के साथ स्कूटी से बरेली जा रहे थे। तभी पीलीभीत की ओर से आ रही तेज रफ्तार कैंटर ने पीछे से टक्कर मार दी। दंपति उछलकर नीचे गिर गए। राहगीरों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने नीलम को मृत घोषित कर दिया।

**बेटे विनायक और बेटी आराध्या का रूदन देख पसीजा दिल**

मृतका नीलम वर्मा का शव मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे पोस्टमार्टम हाउस से उनके घर पहुंचा। शव को देखते ही उनका इकलौता बेटा विनायक वर्मा और बेटी आराध्या वर्मा फूट-फूट कर रोने लगे। विनायक के इस हृदय विदारक रूदन से वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गई, और माहौल बेहद गमगीन हो गया। पति अरविंद वर्मा की तहरीर पर थाना हाफिजगंज में कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

शमशान घाट पर भारी गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया, मुखाग्नि पति अरविंद वर्मा ने दी।इस दौरान इस दुःख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने



वालों में ,ब्लाक प्रमुख भोजीपुरा योगेश पटेल, पूर्व ब्लाक प्रमुख बिथरी चैनपुर देवेंद्र सिंह, आशीष पटेल, हरेंद्र पटेल, चेयरमैन शकुंतला देवी, अशोक कुमार गुप्ता, अंजलि गुप्ता, धनपाल सिंह,राकेश कुमार उर्फ आरके कश्यप, जगदीश गंगवार,सभासद नीरज कुमारी, समाजसेवी दिनेश भास्कर, प्रदीप कुमार गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्य प्रभु दयाल शर्मा, मुन्ना कनौजिया, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## आर एम ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज में प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** आर.एम.ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज लखीमपुर खीरी में आज विभिन्न प्रतियोगिताओं कम्प्यूटर प्रतियोगिता, चेस प्रतियोगिता, कैरम प्रतियोगिता तथा भारत को जानो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं न केवल प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करती हैं। उन्होंने बच्चों को सतत प्रयास करने, अनुशासन बनाए रखने और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा दी।

श्री वर्मा जी ने विजेताओं की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धियां विद्यालय के गौरव को बढ़ाने वाली हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ- साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला आशीष सिंह, कामिनी, प्रदीप तथा समस्त शिक्षकगण तथा सभी छात्र- छात्राएँ मौजूद रहे। अंत में विजेताओं ने अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बीआरसी रोटहां में राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता सम्पन्न

**भदोही।** ब्लॉक संसाधन केंद्र रोटहां में मंगलवार को राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक के जूनियर स्तर के कुल 189 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम चरण की परीक्षा के बाद चयनित 27 विद्यार्थियों की द्वितीय चरण की वस्तुनिष्ठ परीक्षा खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर आज़ाद की देखरेख में तथा एआरपी, डायट प्रवक्ता चाँदनी सिंह और डायट मेंटर वंदना भारती की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता हेतु टॉप फाइव में साक्षी पटेल (उच्च प्राथमिक विद्यालय बरदहां) प्रथम, आदित्य पाल एवं नितिन (कंपोजिट विद्यालय भुलईपुर) द्वितीय, राजन (कंपोजिट विद्यालय याकूबपुर) तृतीय और शिवम पटेल (उच्च प्राथमिक विद्यालय बरदहां) चतुर्थ स्थान पर चयनित हुए। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों के विद्यालय प्रबंध समिति खातों में विज्ञान प्रदर्शनी मॉडल निर्माण के लिए 3000 रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर हिंदी एआरपी चंद्रकांत पटवा, एआरपी अखलाक अहमद, मुकुल कुमार सिंह, कन्हैया लाल जायसवाल और मुकेश कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## अध्यापक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता का प्रमोद ने संसद में उठाया मुद्दा, सरकार से समाधान पर दिया जोर

**राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता के वक्तव्य को लेकर प्राथमिक शिक्षकों में झलकी खुशी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मंगलवार को संसद में अध्यापक पात्रता परीक्षा के अहम मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने शून्यकाल के दौरान राज्यसभा में प्राथमिक शिक्षकों से जुड़े इस महत्वपूर्ण प्रश्न को उठाते हुए कहा कि सक्षम न्यायालय द्वारा 01 सितम्बर 2025 से अध्यापक पात्रता परीक्षा के तहत कक्षा एक से आठ तक के सभी शिक्षकों के लिये अनिवार्य किया गया है। उन्होने कहा कि इनमें वह सभी शिक्षक शामिल हैं जिनकी नियुक्ति पहले चाहे जिस भी वर्ष में हुई हो। उन्होने सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि इस निर्णय के बाद प्रतापगढ़ जिले समेत उत्तर प्रदेश में लगभग दो लाख प्राथमिक शिक्षक एवं पूरे देश में लगभग पचीस लाख शिक्षक प्रभावित होगे। अध्यापक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से जुड़े अहम प्रश्न को संसद में उठाये जाने को लेकर यहां प्राथमिक शिक्षकों में प्रसन्नता देखी गयी। उन्होने कहा कि इससे शिक्षकों में असमंजस, तनाव तथा अपनी सेवा को लेकर असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गयी है। उन्होने यह भी कहा कि ऐसे में इस निर्णय से प्रभावित शिक्षकों का मानसिक तनाव बढ़ गया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने सरकार के समक्ष इस मुद्दे को गंभीरता से रखते हुए कहा कि पहले से नियुक्त शिक्षकों पर यह व्यवस्था लागू करना पूरी तरह से अनुचित और अन्याय पूर्ण है। उन्होनें कहा कि इससे शिक्षकों में जहां अपनी सेवा को लेकर चिन्ता व्याप्त हो गयी है तथा वहीं उनका मनोबल भी टूट रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि शिक्षकों के चिंतित एवं तनाव में होने के कारण विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होनें यह भी कहा कि इस स्थिति में शिक्षा व्यवस्था में अस्थिरता उत्पन्न हो रही है। उन्होने कहा कि वर्षो से सेवा दे रहे अनुभवी शिक्षकों को अचानक सेवा मुक्त करने की आशंका शिक्षा के अधिकार की मूल भावना के विपरीत है। उन्होने सदन में सरकार को बताया कि कि देश के विभिन्न राज्यों में ''अध्यापक पात्रता परीक्षा अलग अलग तिथियों में लागू की गयी है। उन्होने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश में इसे 27 जुलाई 2011 से प्रभावी किया गया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सबसे ज्यादा चिंताजनक यह है कि न्यायालय के हालिया निर्णय के अनुसार अध्यापक पात्रता परीक्षा लागू होने के पहले से नियुक्त शिक्षकों पर भी इसे लागू करने की अनिवार्यता कर दी गयी है। उन्होने कहा कि इस व्यवस्था के अनुसार पहले से नियुक्त शिक्षकों को सेवा में बने रहने अथवा पदोन्नत होने के लिये दो वर्षो के भीतर उन्हें अध्यापक पात्रता परीक्षा टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है




अन्यथा उन्हें अनिवार्य सेवा निवृत्ति दे दी जायेगी। सांसद प्रमोद तिवारी ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि केन्द्र सरकार से मांग की है कि वह समुचित हस्तक्षेप करते हुये भारत सरकार के आधीन पचीस अगस्त 2010 से पूर्व एवं उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन 27 जुलाई, 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवारत रहने तथा पदोन्नति हेतु अध्यापक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता से मुक्त करने के लिये आवश्यक वैधानिक एवं नीतिगत अथवा अन्य उचित कदम उठाये जिससे लाखों शिक्षकों के भविष्य एवं देश को विद्यालयीय शिक्षा व्यवस्था के संकट से बचाया जा सके।उन्होनें मानवीय आधार पर शिक्षकों के इस गंभीर समस्या के समाधान कराये जाने पर भी जोर दिया। उन्होने शिक्षकों के भविष्य एवं छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए अध्यापक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को तत्काल समाप्त कराये जाने पर जोर दिया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के राज्यसभा में दिये गये वक्तव्य की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी विज्ञप्ति के जरिए दी गयी है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित.



**जनपद भदोही–** आज दिनांक 8ण्12ण्2025 को ज्योति बाल विधामंदिर इण्टर कालेज पीपर गॉव में मिशन शक्ति 5ण्0 के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला शक्ति केंद्र द्वारा कार्यक्रम में बाल विवाह की सामाजिक व कानूनी जटिलताओं पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन किया गयाएश्रीमती प्रियंका गुप्ता तथा रेशमा भारतीय द्वारा कहा कि किसी भी बच्चे काए चाहे वह लडका हो या लडकी कम उम्र में विवाह नही होना चाहिए। विवाह की कानूनी उम्र लड़कों की 21 वर्ष और लड़कियों की 18 वर्ष है । बाल विवाह न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित करता हैए बल्कि यह कानूनन दंडनीय अपराध भी है। ऐसे मामलों की सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर देने की अपील की ए समय से पूर्व विवाह उनकी शिक्षाए स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास पर गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने बालकएबालिकाओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने का संदेश दिया। इसके साथ ही बालकध्बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपत भी दिलाई गयी। महिला कल्याण विभाग द्वारा आन्नद मौर्या एंव बालक बालिकाए उपस्थित रहे!

### औराई में मेथिल एसिड से भरा टैंकर पलटा, सड़क पर फैला केमिकल; फायर ब्रिगेड ने संभाला मोर्चा

**औराई।** महाराजगंज बाजार स्थित एचपी पंप के सामने मेथिल एसिड से लदा टैंकर अचानक पलट गया। टैंकर का अगला टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ता हुआ दूसरी लेन पर जा गिरा। गनीमत रही कि हादसे के समय सड़क सुनसान थी, वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। चालक को हल्की चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार उन्नाव से केमिकल लेकर कोलकाता जा रहा टैंकर सुबह करीब 5 बजे दुर्घटनाग्रस्त हुआ। चालक अविनाश यादव, निवासी पसरिया बीघापुर, उन्नाव ने बताया कि अचानक आगे का टायर फटने से वाहन नियंत्रण खो बैठा और पलट गया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी औराई चमन सिंह चावड़ा तथा कोतवाल मनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। 112 पुलिस व नेशनल हाईवे क्रेन की सहायता से टैंकर को सीधा कराया गया। हादसे के बाद सड़क पर मेथिल एसिड पानी की तरह फैल गया था, जिससे आग लगने का खतरा बढ़ गया। स्थिति को गंभीर देखते हुए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने पूरे मार्ग को साफ कराया और केमिकल को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस द्वारा हाइड्रा की मदद से टैंकर को हटाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया गया है। कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि टैंकर फुल लोड था, जिससे कुछ एसिड जमीन पर फैल गया था। एहतियात के तौर पर पूरे क्षेत्र को कुछ समय के लिए खाली कराया गया। वाहन मालिक को भी घटना की सूचना दे दी गई है।

### रैपुरी गांव में विषाक्त पदार्थ से विवाहिता की मौत

**पिता ने लगाया हत्या का आरोप**

**गोपीगंज।** थाना गोपीगंज क्षेत्र के रैपुरी गांव में रविवार की रात विषाक्त पदार्थ सेवन से एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी सज्जन गौतम की पत्नी कविता गौतम (24 वर्ष) की रविवार रात हालत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई। सूचना पर सोमवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा। मृतका के एक माह की एक पुत्री भी है। मृतका के पिता शारदा प्रसाद गौतम, निवासी शिवसेवक पट्टी कोइरौना, ने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में उनकी बेटी का विवाह रैपुरी गांव निवासी हंसलाल गौतम के पुत्र सज्जन गौतम से हुआ था। शादी में दहेज स्वरूप एक बाइक व 51 हजार रुपये नकद दिया गया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष द्वारा अधिक दहेज की मांग को लेकर बेटी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। पिता ने तहरीर में पति सज्जन, सास हिरावती, जेठ सुरेश, जेठानी रागिनी और ननद विंदू देवी पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। कोतवाल शैलेश कुमार राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दहेज उत्पीड़न व हत्या की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दिव्यता, संस्कृति और सनातन परंपरा से ओतप्रोत एक अद्वितीय वैदिक पाणिग्रहण संस्कार का आयोजन सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजापुर।** बाबा विश्वनाथ की तपोभूमि काशी में हरिहरपुर स्थित दि भारत सेलिब्रेशन लॉन एंड रिसॉर्ट में दिव्यता, संस्कृति और सनातन परंपरा से ओतप्रोत एक अद्वितीय वैदिक पाणिग्रहण संस्कार का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमे उपस्थित जन-समुदाय को वैदिक युग की शुचिता, सात्विकता और पवित्रता का साक्षात अनुभव कराया। इस महामंगल महोत्सव में पाणिग्रही दीर्घायुष इंजीनियर सौरीश शर्मा 'अमन', राष्ट्रीय अध्यक्ष–भारत मानवता संस्थान तथा पाणिग्रहिता दीर्घायुषी कु. प्रिंसी शर्मा, अतिथि सहायक आचार्या का पावन वैवाहिक सूत्रबद्ध सम्पन्न हुआ, जो अपने-अपने परिवारों की सेवा, विनम्रता और संस्कार की उज्ज्वल परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रतीक बना। यह समूचा आयोजन साहित्यकार एवं संस्कृति-सेवी श्री रमेश कुमार शर्मा 'लेखक', प्रांत परावर्तन प्रमुख–धर्म प्रसार विभाग, विश्व हिन्दू परिषद, काशी प्रांत के पुण्य-सान्निध्य, मार्गदर्शन एवं विशिष्ट संरक्षकत्व में सम्पन्न हुआ। इस दिव्य संस्कार की गरिमा को परम पूज्य गुरुजनों की मंगलमयी उपस्थिति ने और अधिक आलोकित किया, जिसमे परम् पूज्य महान्त श्री कमल नयन दास शास्त्री जी महाराज (उत्तराधिकारी–परम् पूज्य महान्त श्री नृत्यगोपाल दास जी महाराज, श्री अयोध्या जी), परम् पूज्य महामण्लेश्वर नवनीत जी महाराज, किन्नर अखाडा, परम् पूज्य आचार्य महन्त भारत भूषण दास जी महाराज (पीठाधीश्वर–श्री गुरु रविदास जन्मस्थान मंदिर, सीरगोवर्धनपुर), परम् पूज्य आचार्य महन्त रामेश्वर दास जी महाराज (उपाध्यक्ष–अखिल भारतीय संत समिति), परम् पूज्या महान्त श्री नृत्यगोपाल दास जी महाराज, श्री अयोध्या जी), परम् पूज्य महामण्लेश्वर नवनीत जी महाराज, किन्नर अखाडा, परम् पूज्य आचार्य महन्त भारत भूषण दास जी महाराज (पीठाधीश्वर–श्री गुरु रविदास जन्मस्थान मंदिर, सीरगोवर्धनपुर), परम् पूज्य आचार्य महन्त रामेश्वर दास जी महाराज (उपाध्यक्ष–अखिल भारतीय संत समिति), परम् पूज्या राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी बिन्दू बहन जी तथा परम् पूज्य महन्त रामशरण दास जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही । इन संतों के आशीर्वाद और दिव्य उपस्थिति ने सम्पूर्ण वातावरण को देवत्व की उज्ज्वल आभा से दीप्त कर दिया। सूर्योदय की प्रथम किरण से लेकर सूर्यास्त की अंतिम स्वर्णिम आभा तक चले इस वेदमय आयोजन में मंडप, वेदी, तोरण, दीप, पुष्प और संपूर्ण परिसर को वैदिक शिल्प एवं सांस्कृतिक बोध के अनुसार सजाया गया, जिससे वातावरण में सात्विकता, श्रद्धा और ईश्वरीय ऊर्जा का अनवरत संचार बना रहा। प्रवेश द्वार पर आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य चंदन-तिलक, पुष्प एवं अंगवस्त्र के साथ 'अतिथि देवो भवः' की सनातनी परंपरा का सजीव स्वागत दृश्य सबके हृदय में गहन श्रद्धा उत्पन्न कर रहा था। पूरे आयोजन में वेद-उपनिषदों की शिक्षाओं, धर्माश्रम के आदर्शों, मूल हिन्दू संस्कारों और प्राचीन भारतीय जीवन-पद्धति का संतुलित और सहज सजीव चित्रण प्रस्तुत



रहा, जिससे यह समारोह केवल विवाह न होकर संस्कृति-शिक्षा का जीवंत विद्यालय बन गया। सनातन वैदिक पाणिग्रहण संस्कार महामंगल महोत्सव की समस्त विधियाँ 21 श्रेष्ठ कर्मकाण्डवेत्ता विद्वान आचार्यो द्वारा वेदों के मूल मंत्रों के साथ सम्पन्न हुई, जिनकी ध्वनि से वातावरण में शुद्धता, पवित्रता और दिव्यता का स्पंदन निरंतर बना रहा। लगभग 2000-2500 श्रद्धेय अतिथि सनातनी वेशभूषा में सम्मिलित हुए–पुरुष धोती-कुर्ता या कुर्ता-पायजामा में और महिलाएँ भारतीय साड़ी या सूट में सुसज्जित रहीॡ जिससे सम्पूर्ण परिसर प्राचीन भारतीय गृहस्थ आश्रम की अनुभूति से आलोकित रहा। सनातन वैदिक पाणिग्रहण संस्कार महामंगल महोत्सव को अपनी शुभकामनाओं से विभूषित करने वाले प्रमुख विभूतियों में से महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार जी (रांची, झारखण्ड), मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी (उत्तर प्रदेश) तथा उप-मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य जी के प्रतिनिधि के रूप में श्री लाल प्रताप सिंह जी, माननीय श्री सोहन लाल श्रीमाली जी (उपाध्यक्ष–राज्य पिछड़ा आयोग, उ.प्र.), 'पद्मश्री' श्री चन्द्रशेखर सिंह जी (किसान वैज्ञानिक), गौरव नन्द जी, विधान सभा प्रत्याशी, मैनपुरी, वरिष्ठ भाजपा नेता, 'पद्मश्री' श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव जी (प्रख्यात कजरी गायिका) आदरणीय श्री जीत नारायण सिंह जी (भारत के मुख्य न्यायाधीश के छोटे सगे भाई), आदरणीय श्री मुनेश्वर मिश्र जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ एवं प्रधान संपादक सहजसत्ता), आदरणीय श्री ललन सिंह जी (पूर्व अध्यक्ष, अखिल भारतीय सामाजिक समरसता अभियान, काशी प्रांत), आदरणीय श्री कन्हैया अग्रवाल जी, प्रबंधक-लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कालेज, आदरणीय श्री रामचरन शर्मा जी (पूर्व पुस्तकालयाध्यक्ष, लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज) श्री भानु प्रताप सिंह जी, समाज चिंतक, लखनऊ, के साथ ही साथ आयोजन के श्रेष्ठतम स्तम्भ के रूप में श्री गणेश प्रसाद जी (वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी), श्री दुर्गा प्रसाद साहू जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष–भारतीय राष्ट्रीय वैश्य महासंघ, श्री राजकुमार शर्मा जी (प्रभारी निरीक्षक, थाना लंका, वाराणसी) एवं अनेको गढ़मान्य अतिथियों ने पूरे उत्सव को संगठन, अनुशासन और सांस्कृतिक आदर्शो से सुशोभित किया।

समरसता भोज में बिना लहसुन-प्याज का शुद्ध सात्विक भोजन परोसा गया, जिसे वनवासी समाज द्वारा निर्मित हरे पत्तों की पत्तलों तथा कुम्हार भाईयों द्वारा निर्मित मिट्टी के पात्रों में प्रस्तुत किया गया, जिससे पृथ्वी, जल और अग्नि तत्वों की पवित्रता अक्षुण्ण बनी रही। यह भोज सामाजिक समदृष्टि, सर्वसमावेशिता और सनातन धर्म की समरस परंपरा का आत्मीय प्रतीक बना। सनातन वैदिक पाणिग्रहण संस्कार महामंगल महोत्सव में चौलर लोकनृत्य, कथक, कजरी, लोक एवं शास्त्रीय संगीत जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने काशी की प्राचीन लोकधारा, भाव-संवेदना और भारतीय जीवन-दर्शन को पुनः जनमानस के समक्ष प्रतिष्ठित किया। संत-महात्मा, शिक्षाविद, चिकित्सक, किसान, श्रमिक, न्यायकर्ता और समाज के विविध वर्गों की उपस्थिति ने यह उद्घोषित किया कि सनातन धर्म की आत्मा एकत्व, समरसता और करुणा में ही निवास करती है। इस पवित्र महामंगल महोत्सव को संस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक आधार प्रदान करने वाले अनेक सम्माननीय व्यक्तित्व–संस्कार भारती, अखिल भारतीय धोबी विकास मंच, विविध सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रवासी भारतीय, अधिवक्ता, शिक्षक, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं मीडिया जगत के सहयोगी बंधू , निरंतर सहभागी रहे एवं समस्त परिजनों ने अपनी सौहार्दपूर्ण सेवाभाव, अनुशासन और समर्पित परिश्रम से आयोजन को भव्यता और गरिमा की ऊँचाइयों पर पहुँचाया। पूरे महामंगल महोत्सव की दिव्यता को सभी श्रद्धेय अतिथियों ने अपने आशीर्वाद और मार्गदर्शन से जो परम महत्ता प्रदान की, उसने इस आयोजन को केवल एक पारिवारिक उत्सव न रहने देकर धर्मबल, संस्कारबल और राष्ट्रबल का जागरण बना दिया। यह वैदिक पाणिग्रहण संस्कार, महामंगल महोत्सव विशेषतः युवा पीढ़ी के लिए एक युगांतकारी संदेश लेकर आया, जो– 'जब तक वैदिक संस्कार जीवित हैं, तब तक भारत की आत्मा अमर है। '

**शीर्षक**

सनातन वैदिक पाणिग्रहण संस्कार का महामंगल महोत्सव सम्पन्न ' 'काशी में वैदिक पाणिग्रहण संस्कार का दिव्य महामंगल महोत्सव सम्पन्न ' 'दिव्यता और संस्कृति से ओतप्रोत वैदिक महामंगल महोत्सव सम्पन्न ' 'वेदमय वातावरण में वैदिक पाणिग्रहण संस्कार का महामंगल महोत्सव सम्पन्न ' 'काशी की पावन धरती पर वैदिक विवाह का महामंगल महोत्सव सम्पन्न ' 'धर्म, संस्कृति और सात्विकता का महामंगल महोत्सव सम्पन्न ''भारतीय संस्कारों का गौरवमयी-वैदिक महामंगल महोत्सव सम्पन्न ' 'सनातन संस्कृति के उत्थान हेतु वैदिक पाणिग्रहण संस्कार महामंगल महोत्सव सम्पन्न ' 'वेद-धर्म परंपरा के मध्य भव्य वैदिक महामंगल महोत्सव सम्पन्न '

## सुरक्षित नारीॡ समृद्ध प्रदेशॡ मिशन शक्ति का यही संदेश

● महिला सुरक्षा,सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान।



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान फेज-5.0 के तहत जनपदीय पुलिस अधिकारी, महिला बीट आरक्षी/एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं नए आपराधिक कानून, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, साइबर अपराधों के प्रति तथा शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी प्रदान कर किया जा रहा जागरुक – महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान फेज-5.0के तहत अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में जनपद में महिला बीट आरक्षी/एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से क्षेत्र में भ्रमण कर प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों/कॉलेजों/कोचिंग संस्थानों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों व गांवों में जाकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0स्वानिधि योजना,पी0एम0सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा बाल विवाह, पाक्सो एक्ट, एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत बाल विवाह एवं बालश्रम तथा महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जा रहा है तथा छोटे-छोटे बच्चों को गुडटच-बैडटच के बारें में बताया गया और किसी भी समस्या के बारे में अपने अभिभावकों या पुलिस को अवश्य अवगत कराने के सुझाव दिये गये । सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट्फार्मो के सुरक्षित उपयोग एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरते जाने वाले विभिन्न एहतियात के बारें में, साइबर अपराधों एवं डिजिटल अरेस्ट के बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर फ्रॉड की घटना घटित होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करने व उसके द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करें। अपनी जन्मतिथि, नाम, मोबाइल नंबर, आदि का इस्तेमाल कभी भी पासवर्ड बनाने में ना करें, एक ही पासवर्ड का प्रयोग विभिन्न सेवाओं वेबसाइट और ऐप में ना करें, अनजान व्यक्तियों से प्राप्त वीडियो कॉल को रिसीव ना करें, अपने निजी और बैंकिंग डिटेल्स को किसी के साथ फोन या ईमेल पर एसएमएस के जरिए शेयर ना करें, फ्री वाई-फाई का इस्तेमाल करने से बचें तथा शॉपिंग और बैंकिंग के लिए इसका इस्तेमाल कदापि न करें। साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन नम्बर-1930 सहित विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों यथा-1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया ।

## किसान मोर्चा ने किया विद्युत विभाग पर प्रदर्शन

● विधेयक रद्द करने सहित कई मांगों का ज्ञापन सौंपा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** अखिल भारतीय संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को बड़ी संख्या में किसानों ने विद्युत वितरण प्रखंड भदोही के अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने बिजली व्यवस्था से जुड़े मुद्दों तथा नए विधेयकों के विरोध में अपनी मांगें उठाते हुए ज्ञापन सौंपा। किसानों ने विद्युत विधेयक 2025 को रद्द किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। उनका कहना था कि इस विधेयक से न तो उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा और न ही किसानों को, बल्कि बिजली महंगी होने से आम जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगी बिजली के कारण कई घरों में अंधेरा छा सकता है। किसानों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में अन्य प्रमुख मांगें शामिल रहीं जिसमे स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया बंद की जाए,रबी फसल की सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति दिन में सुनिश्चित की जाए,पुराने एवं जर्जर तारों तथा खंभों को बदला जाए,बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों को स्थायी किया जाए,बीज विधेयक 2025 को रद्द किया जाए तथा खेती को कार्पोरेट नियंत्रण से मुक्त रखा जाए। किसान नेताओं ने कहा कि उनकी मांगें पूरी तरह जनहित से जुड़ी हैं और इन पर शीघ्र कार्रवाई आवश्यक है। प्रदर्शन के दौरान इंद्र देव पाल, जगन्नाथ मौर्या, अमृतलाल मौर्य, अमृत, रामचन्द्र पटेल, रामजीत यादव, केशव प्रसाद, ज्ञान प्रकाश प्रजापति, बनारसी सोनकर, हृदय लाल यादव, ज्वाला प्रसाद, सालिक राम यादव, सुशील कुमार श्रीवास्तव, श्रीराम बिंद, मिवाई लाल, सुशीला श्रीवास्तव, भूलाल पाल, सोहन सहित अनेक किसान उपस्थित रहे। किसानों ने चेताया कि यदि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को आगे और तेज किया जाएगा।

## गोपीगंज में 'न्यू लाइफ मेडिकेयर क्लिनिक' का शुभारंभ

● ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी सुलभ व आधुनिक दिशा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोपीगंज।** ग्रामीण क्षेत्र को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में गोपीगंज में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए न्यू लाइफ मेडिकेयर क्लिनिक का भव्य उद्घाटन किया गया। हाजी कारी इमाम गुलाम मुर्तुजा ने नियाज़ के बाद फीता काटकर क्लिनिक का शुभारंभ किया। उद्घाटन के अवसर पर मुफ्त स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ उठाया। क्लिनिक का संचालन डॉ. सगूफा अख्तर बी.यू.एम.एस., जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय, नई दिल्ली करेंगी, जो स्त्री रोग, जनरल फिज़िशियन एवं सर्जरी के क्षेत्र में अनुभव रखती हैं। उन्होंने बताया कि क्लिनिक का उद्देश्य ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में आधुनिक, सुलभ तथा किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। कई महिलाओं ने कहा कि क्षेत्र में महिला चिकित्सक की उपलब्धता से उन्हें काफी सुविधा और राहत मिलेगी, क्योंकि परामर्श में अब झिझक नहीं होगी। स्थानीय लोगों ने क्लिनिक के संचालन को गोपीगंज की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए सकारात्मक कदम बताया। उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ. आशुतोष पांडे, डॉ. आर.के. बिंद, डॉ. विजय गौतम, डॉ. असलम अंसारी, डॉ. बदरूदजमा, डॉ. आशुतोष यादव, डॉ. नंदलाल, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. शगुफ्ता अख्तर, डॉ. मुकेश, डॉ. स्वप्निल सिंह, माबूद खान, मोहम्मद सोनू समेत कई लोग मौजूद रहे।

## उपकेंद्र पाली बंद होने से 20 गांवों के 1200 किसान परेशान, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**भदोही।** साधन सहकारी समिति ज्ञानपुर के उपकेंद्र पाली के बंद होने से क्षेत्र के लगभग 20 गांवों के करीब 1200 किसान भारी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। किसानों ने सोमवार को जिलाधिकारी भदोही को ज्ञापन सौंपकर उपकेंद्र को पुनः चालू कराने की मांग की। किसानों ने बताया कि पाली उपकेंद्र वर्षों से न्याय पंचायत और वारी न्याय पंचायत के किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराता रहा है। लेकिन लंबे समय से उपकेंद्र बंद रहने के कारण किसानों को खाद समय से नहीं मिल पा रहा है, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। किसानों को अब 15 किलोमीटर दूर अन्य केंद्रों से खाद लाना पड़ रहा है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ गए हैं। ज्ञापन में ग्राम सभा पाली द्वारा किसान सेवा सहकारी समिति के पक्ष में भूमि आवंटित होने का भी उल्लेख किया गया है। गाटा संख्या 398, रकबा 0.053 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित होने के बावजूद अभी तक समिति को भूमि का नामांतरण नहीं मिल सका है। किसानों ने जिलाधिकारी से निवेदन किया कि उपकेंद्र पाली को तत्काल प्रभाव से पुनः चालू कराया जाए, ताकि क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को राहत मिल सके और उन्हें खाद-बीज के लिए भटकना न पड़े।

## भटकी हुई मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को पुलिस ने घर पहुँचाया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए भदोही पुलिस ने एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुँचाकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। घटना 06 दिसंबर की रात करीब 10 बजे की है, जब पीआरवी 7673 को सूचना मिली कि थाना औराई क्षेत्र के भगवानपुर गांव में एक आंशिक रूप से विचलित महिला भटक कर पहुंच गई है। सूचना मिलते ही पीआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुँची और महिला को सुरक्षित मिशन शक्ति केंद्र, औराई ले जाया गया। वहां तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने धैर्यपूर्वक व सहजता से बातचीत कर उसके परिजनों का पता लगाया। महिला के परिजन ग्राम सागरपुर बवई, थाना सुरियावां निवासी हैं। वे तत्काल औराई आने में असमर्थ थे, ऐसे में पुलिस टीम ने स्वयं महिला को उसके घर पहुंचाकर परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया। महिला को सुरक्षित घर पहुंचाने की यह संवेदनशील पहल परिजन ही नहीं, बल्कि आमजनमानस द्वारा भी खूब सराही जा रही है। पुलिस अधीक्षक भदोही श्री अभिमन्यु मांगलिक ने भी पुलिस टीम की तत्परता और मानवीय कार्य की सराहना की।

## भटकी हुई मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को पुलिस ने घर पहुँचाया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए भदोही पुलिस ने एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुँचाकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। घटना 06 दिसंबर की रात करीब 10 बजे की है, जब पीआरवी 7673 को सूचना मिली कि थाना औराई क्षेत्र के भगवानपुर गांव में एक आंशिक रूप से विचलित महिला भटक कर पहुंच गई है। सूचना मिलते ही पीआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुँची और महिला को सुरक्षित मिशन शक्ति केंद्र, औराई ले जाया गया। वहां तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने धैर्यपूर्वक व सहजता से बातचीत कर उसके परिजनों का पता लगाया। महिला के परिजन ग्राम सागरपुर बवई, थाना सुरियावां निवासी हैं। वे तत्काल औराई आने में असमर्थ थे, ऐसे में पुलिस टीम ने स्वयं महिला को उसके घर पहुंचाकर परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया। महिला को सुरक्षित घर पहुंचाने की यह संवेदनशील पहल परिजन ही नहीं, बल्कि



आमजनमानस द्वारा भी खूब सराही जा रही है। पुलिस अधीक्षक भदोही श्री अभिमन्यु मांगलिक ने भी पुलिस टीम की तत्परता और मानवीय कार्य की सराहना की।

## किसान मोर्चा ने किया विद्युत विभाग पर प्रदर्शन

●विधेयक रद्द करने सहित कई मांगों का ज्ञापन सौंपा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** अखिल भारतीय संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को बड़ी संख्या में किसानों ने विद्युत वितरण प्रखंड भदोही के अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने बिजली व्यवस्था से जुड़े मुद्दों तथा नए विधेयकों के विरोध में अपनी मांगें उठाते हुए ज्ञापन सौंपा। किसानों ने विद्युत विधेयक 2025 को रद्द किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। उनका कहना था कि इस विधेयक से न तो उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा और न ही किसानों को, बल्कि बिजली महंगी होने से आम जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगी बिजली के कारण कई घरों में अंधेरा छा सकता है। किसानों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में अन्य प्रमुख मांगें शामिल रहीं जिसमे स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया बंद की जाए,रबी फसल की सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति दिन में सुनिश्चित की जाए,पुराने एवं जर्जर तारों तथा खंभों को बदला जाए,बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों को स्थायी किया जाए,बीज विधेयक 2025 को रद्द किया जाए तथा खेती को कार्पोरेट नियंत्रण से मुक्त रखा जाए। किसान नेताओं ने कहा कि उनकी मांगें पूरी तरह जनहित से जुड़ी हैं और इन पर शीघ्र कार्रवाई आवश्यक है। प्रदर्शन के दौरान इंद्र देव पाल, जगन्नाथ मौर्या, अमृतलाल मौर्य, अमृत, रामचन्द्र पटेल, रामजीत यादव, केशव प्रसाद, ज्ञान प्रकाश प्रजापति, बनारसी सोनकर, हृदय लाल यादव, ज्वाला प्रसाद, सालिक राम यादव, सुशील कुमार श्रीवास्तव, श्रीराम बिंद, मिवाई लाल, सुशीला श्रीवास्तव, भूलाल पाल, सोहन सहित अनेक किसान उपस्थित रहे। किसानों ने चेताया कि यदि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को आगे और तेज किया जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## 'दि' वर्किंग न्यूज रिपोर्टर्स क्लब नैनी का पुनर्गठन

### अध्यक्ष बने नरेंद्र श्रीवास्तव सचिव शिवमूरत केसरवानी उपाध्यक्ष राहुल जायसवाल।



**नैनी (प्रयागराज)।** 'दि' वर्किंग न्यूज रिपोर्टर्स क्लब नैनी की एक बैठक मंगलवार की दोपहर तकरीबन एक बजे छिवकी रोड स्थित श्रीराम वाटिका में संपन्न हुई। बैठक में संगठन का पुनर्गठन किया गया। जिसमें नरेंद्र श्रीवास्तव को अध्यक्ष व शिवमूरत केसरवानी को सचिव मनोनीत किया गया। इसी तरह गौरव केसरवानी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राहुल जायसवाल को उपाध्यक्ष, देवाशीष श्रीवास्तव को संगठन मंत्री, अखिलेश शुक्ला कोषाध्यक्ष, नसीम अहमद को प्रचार मंत्री बनाया गया। इसके अलावा हजारीलाल कुशवाहा, राजीव वर्मा, राजीव जायसवाल को संरक्षक, श्याम वर्मा एवं राहुल कुशवाहा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक के माध्यम से सभी पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्यों ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

## माधव ज्ञान केंद्र में तृतीय सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न

**नैनी, प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र नैनी प्रयागराज में मंगलवार को तृतीय ससशक्ति संगम कार्यक्रम दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की प्रस्तावना विद्यालय की आचार्या आशा ने रखी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता सुश्री रेखा चूड़ासमा (अखिल भारतीय बालिका शिक्षा संयोजिका एवं कार्यकारिणी सदस्य, ससशक्ति की केंद्रीय टोली के सदस्य) थीं। इन्होंने अपने अमूल्य विचार कुटुंब प्रबोधन के अंतर्गत पारिवारिक मूल्यों एवं जीवन शैली पर रखें। उषा मिश्रा (शिक्षाविद रा.से.स. निधि प्रमुख (काशी प्रान्त) ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका को स्पष्ट किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मीना श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य ज्वाला देवी इंटर कॉलेज ममफोर्डगंज प्रयागराज) थी। कार्यक्रम की मुख्य अध्यक्षता कीर्ति गौतम (सदस्य उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग) ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में नागरिक कर्तव्यों के विषय में विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर ऐतिहासिक मातृ आदर्श की झलकियां आचार्या रत्ना कुशवाहा के नेतृत्व में प्रदर्शित की गई, जिनमें विद्यालय की मातृ शक्तियों ने हरमन कौर (रुचि सिंह) कल्पना चावला (अर्चना त्रिपाठी) रानी दुर्गावती(रानी जायसवाल) सानिया नेहवाल (अंशु सिंह) तथा मातंगी हजारा (प्रमिला गुप्ता) ने मंचन किया। कार्यक्रम में श्रीमती प्रियंका मिश्रा द्वारा 10 प्रश्नोत्तरियों के माध्यम से मातृ शक्तियों से प्रश्न पूछे गए साथ ही कुछ विशिष्ट माताओं में विनीता द्विवेदी (समाजसेविका) और गीता द्विवेदी (समाजसेविका)का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम की प्रमुख संयोजिका आचार्या वंदना सिन्हा (जिला बालिका प्रमुख) थी। कार्यक्रम का संचालन मन्नो ने किया।

## कांग्रेस ने पूछा- इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने में माहिर पीएम इन सवालों का जवाब देंगे



**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पंडित नेहरू पर तुष्टिकरण के आरोप लगाए जा रहे हैं। लेकिन क्या प्रधानमंत्री, जो इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने में माहिर हैं, इन सवालों का जवाब देंगे?''कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेताओं लालकृष्ण आडवाणी तथा जसवंत सिंह ने मोहम्मद अली जिन्ना की तारीफ की थी। उन्होंने कहा, ''वह कौन-से भारतीय नेता थे जिन्होंने 1940 के दशक की शुरुआत में बंगाल में उस व्यक्ति के साथ गठबंधन सरकार बनाई थी, जिसने मार्च 1940 में लाहौर में पाकिस्तान प्रस्ताव पेश किया था? जवाबः श्यामा प्रसाद मुखर्जी।'' रमेश का कहना है, ''वह कौन से भारतीय नेता थे जिन्होंने जून 2005 में कराची में जिन्ना की खुलकर तारीफ़ की थी? जवाबः लाल कृष्ण आडवाणी। वह कौन-से भारतीय नेता थे जिन्होंने अपनी 2009 में प्रकाशित पुस्तक में जिन्ना की प्रशंसा की थी? जवाबः जसवंत सिंह।''

# तहसीलदार ने ग्राम प्रधान व लेखपाल को पराली जलाने पर दिए सख्त निर्देश, दो लोगों पर एफआईआर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** यमुनापार बारा तहसील क्षेत्र में पराली जलाने की बढ़ती शिकायतों के बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है।इसी क्रम में तहसीलदार बारा रोशनी सोलंकी ने निरीक्षण अभियान चलाकर तातारगंज गांव के दो किसानों पर पराली जलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। निरीक्षण के दौरान सौखीलाल पुत्र भाईलाल और हरविलास सिंह निवासीगण ग्राम तातारगंज,अपने खेतों में पराली जलाते हुए पाए गए उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई की गई है।इस प्रशासनिक कार्रवाई के बाद क्षेत्र में किसानों के बीच पराली प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ी है।तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी करने वाले किसानों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पराली जलाने को पर्यावरण, मिट्टी की उर्वरक क्षमता और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताया।जिससे सांस संबंधी बीमारियां हुआ प्रदूषण का स्तर भी बढ़ता है निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सोलंकी ने किसानों को पराली ना जलाने और इसके प्रबंधन के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए वैकल्पिक साधनों की जानकारी दी।इनमें मल्चर हैप्पी सीडर, एक्स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम और रोटावेटर जैसी मशीन शामिल हैं।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा इन आधुनिक उपकरणों पर सब्सिडी भी दी जा रही है, ताकि किसान पराली को उपयोगी रूप में परिवर्तित कर खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ा सके तहसील प्रशासन ने ग्राम प्रधानों लेखपालों और संबंधित विभागों को अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखने और पराली जलाने की किसी भी घटना की तुरंत रिपोर्ट करने का निर्देश दिया। नियमों की उलझन को रोकने के लिए राजस्व टीम को भी सक्रिय कर दिया गया है।इस कार्रवाई के बाद कई गांव में किसान पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों पर विचार कर रहे हैं। कुछ किसानों ने प्रशासनिक दिशा निर्देशों की सराहना करते हुए कहा कि इन यंत्रों से किसानों को काफी सहूलियत होगी और पैदावार भी बढ़ेगी।

## एसआईआर को लेकर करछना विधायक ने किया छिवकी का निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नैनी, प्रयागराज।** करछना विधायक पीयूष निषाद ने मंगलवार को छिवकी स्थित प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर एसआईआर फॉर्म भराने की प्रगति का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने उपस्थित बीएलओ से जानकारी ली कि अब तक कितने फार्म जमा हो चुके हैं और कितने शेष हैं। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि घर-घर संपर्क कर शेष फॉर्म जल्द से जल्द भरवाए जाएँ ताकि समय सीमा के भीतर दस्तावेजीकरण पूरा किया जा सके।करछना विधायक पीयूष निषाद ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक भी की जिसमें उन्होंने संगठन स्तर पर टीमों को सक्रिय करते हुए हर बूथ पर मतदाता सत्यापन अभियान को गति देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करती है और प्रत्येक मतदाता का नाम सही तरीके से शामिल होना बेहद आवश्यक है। इसी क्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं की टीम ने बूथ संख्या पर पहुंचकर लोगों को एसआईआर फॉर्म वितरण किए और उन्हें सही तरीके से भरकर जल्द जमा करने के लिए जागरूक किया। स्थानीय नागरिकों में भी इस अभियान को लेकर उत्साह और सहयोग देखा गया। अभियान के दौरान मंडल उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, बूथ अध्यक्ष भारत भूषण तिवारी, विजय शंकर, ओम श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, पार्षद आलोक भारतीय सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सतर्क रहें! ई-श्रम कार्ड बनाने के नाम पर भोले भाले लोगों को किया जा रहा है तबाह

**प्रयागराज।** आज दोपहर समय लगभग एक बजकर तीन मिनट पर एक फोन आया, जिसका नंबर 9982513692था,नाम संदीप कुमार बताया है।वह फोन पर कहा श्रम कार्ड से छः हजार पांच सौ रुपिया लेबर आफिस से भेजा जा रहा है, और तुरंत ही पांच हजार रुपिया का मेसेज भेज दिया, और थोड़ी देर मे पंद्रह हजार दूसरा मैसेज भेज दिया,और बोला कि आपको धोखे से पंद्रह सौ के स्थान पर पंद्रह हजार रुपिया भेज दिया गया है। अतः आप तेरह हजार पांच सौ रुपिया वापस कर दीजिए तुरंत इसी नंबर पर। जबकि पैसा भेजा ही नही गया था। जब बैलेंस चेक किया तो कोई पैसा नही भेजा गया था।

## 175 फिट ऊंचे खंभे पर चढ़कर शराबी का हंगामा, पौवा पीकर 60 साल के बुजुर्ग ने छकाया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** यमुनापार बारा तहसील क्षेत्र में 60 साल के एक शराबी ने पुलिस को 3 घंटे तक जमकर छकाया। कई पैवा पीने के बाद माता प्रसाद निषाद नाम का शख्स बिजली के हाईटेंशन लाइन के 175 फीट ऊंचे खंभे पर चढ़कर जोर-जोर से चिल्लाने लगा,कि मैं गांधी हूं,कूद जाऊंगा,सुधर जाओ, खनन चालू करो। वह चीख-चीखकर मत्स्य विभाग के अधिकारियों को बुरा भला भी कहता रहा। उसकी इस हरकत से ग्रामीणों की भीड़ लग गई। परिवार वाले भी पहुंचे। हर कोई उसका वीडियो बनाने लगा।लोगों ने समझाया,लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। अंत में हाईटेंशन लाइन को बंद कराया गया। पुलिस ने डराया,लोगों ने समझाया,तब जाकर वह नीचे आया। पुलिस ने उसका मेडिकल कराने के बाद घर वालों के साथ उसे भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में भी वह कुछ नहीं बता सका।अत्यधिक नशे में रहने की वजह से पूछताछ नहीं हो सकी। मामला घूरपुर थानांतर्गत बीकर गांव का है। सोमवार देर शाम माता प्रसाद निषाद ने बिजली के खंभे पर चढ़कर हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू कर दिया। कभी वह एक हाथ से खंभा पकड़कर लटकता,तो लोग नीचे से चिल्लाने लगते तो वह हंसता। कोई उसे शोले का धर्मेंद्र कहने लगा,तो वह बोला, मैं गांधी हूं,तुम सब पागल हो,पुलिस को बुलाओ, खनन शुरू करो, मछली भी नहीं पकड़ने देते। इसी प्रकार वह उल्टी- सीधी बातें करता रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी उसे बहुत समझाया। जब पुलिस और गांव के युवक टावर पर चढ़ने की कोशिश करते, तो वह कूद जाने की धमकी देने लगता। करीब 3 घंटे के हंगामे के बाद वह नीचे आया।बीकर गांव निवासियों ने बताया कि शराब के नशे में वह अक्सर ऐसी हरकतें करने लगता है। थाना प्रभारी घूरपुर दिनेश सिंह ने बताया कि बिजली विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद करने के बाद उसे नीचे उतारा गया।उसके इस हरकत से लोग परेशान रहे। परिवार वालों को बुलाकर उसे भेज दिया गया है।



## बुलडोजर लेकर सब कुछ खत्म नही कर सकते:दिल्ली HC ने अजमेर दरगाह मे तोड़फोड़ से पहले केंद्र से स्टेकहोल्डर्स की बात सुनने को कहा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को अजमेर शरीफ दरगाह में इमारतों को गिराने के प्रस्तावित फैसले पर सवाल उठाया, और कहा कि सरकार अस्पष्ट नोटिस के आधार पर तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं कर सकती [सैयद मेराज मियां बनाम यूनियन ऑफ इंडिया और अन्य]। जस्टिस सचिन दत्ता ने कहा कि 13वीं सदी की सूफी दरगाह में ढांचों को गिराने से पहले स्टेकहोल्डर्स को कारण बताओ नोटिस दिए जाने चाहिए और नेचुरल जस्टिस के सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए।कोर्ट ने टिप्पणी की, 'आप सिर्फ बुलडोजर लेकर जाकर सब कुछ खत्म नहीं कर सकते। आपका नोटिस बहुत ही अस्पष्ट है। '

कोर्ट दरगाह के वंशानुगत खादिम सैयद मेहराज़ मियां द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय और नाज़िम दरगाह कमेटी के कार्यालय को 22 नवंबर के आदेश को वापस लेने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इसमें कहा गया था कि आदेश में दरगाह परिसर के अंदर और बाहर कई स्थायी और अस्थायी निर्माणों को गिराने का निर्देश दिया गया है, जिसमें खादिमों की सीटें भी शामिल हैं, बिना उन्हें निष्पक्ष सुनवाई का कोई मौका दिए।

सीनियर एडवोकेट शादान फरासत और एडवोकेट चयन सरकार याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए और कहा कि जिन निर्माणों को गिराने की बात कही जा रही है, वे अतिक्रमण नहीं हैं।फरासत ने कहा कि फिलहाल, दरगाह का प्रबंधन करने के लिए कोई दरगाह कमेटी नहीं है और दरगाह के मामलों का प्रबंधन सरकार द्वारा नियुक्त एक नाज़िम कर रहा है, जिसके पास ऐसे निर्देश जारी करने की शक्ति नहीं है।

केंद्र सरकार के स्थायी वकील (CGSC) अमित तिवारी सरकार की ओर से पेश हुए और याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ने अस्थायी ढांचे बनाए हैं।तिवारी ने आगे कहा कि नाज़िम पद पर है और कमेटी की सभी शक्तियों का प्रयोग नाज़िम द्वारा किया जाता है। इस बीच, कोर्ट ने कहा कि 6 नवंबर को उसने केंद्र सरकार को तीन महीने के भीतर अजमेर शरीफ दरगाह कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया था, लेकिन इस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है।इसके बाद, कोर्ट ने केंद्र सरकार को दरगाह की कमेटी बनाने की प्रक्रिया में तेज़ी लाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को परिसर में बने स्ट्रक्चर को हटाने से पहले कारण बताओ नोटिस जारी करने का भी निर्देश दिया है। 'प्रतिवादी नंबर 1 [केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय] दरगाह कमेटी के गठन में तेज़ी लाएगा। इसे जल्द से जल्द किया जाए। कोई भी जल्दबाजी वाला कदम उठाने से पहले, प्राकृतिक न्याय का पालन किया जाएगा। 'अगली सुनवाई की तारीख 23 फरवरी, 2026 है।



### गोवा नाइट क्लब अग्निकांड के बाद NRAI का एक्शन, देश भर के रेस्तरां-बार और क्लबों के लिए डिटेल्ड एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब में भीषण अग्निकांड के बाद राष्ट्रीय रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NRAI) ने देशभर के रेस्तरां, बार और नाइट क्लब संचालकों को कड़े अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी में सभी प्रतिष्ठानों से तत्काल आंतरिक सुरक्षा ऑडिट करने, वैध फायर NOC रखने जैसे कई उपाय अपनाने को कहा गया है। एनआरएआई से देशभर के पांच लाख से अधिक रेस्तरां, बार व नाइट क्लब जुड़े हुए हैं। हाल में गोवा के एक नाइट क्लब में लगी आग में 25 लोगों की मौत हो गई है, जिसके बाद से राज्य सरकार और केंद्रीय एजेंसियों ने जांच और सख्त दिशा-निर्देशों की प्रक्रिया तेज की है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि क्लब के पास अग्निशमन सेवा विभाग की वैध एनओसी नहीं थी और वहां फायर अलार्म, स्प्रिंकलर, स्मोक वेंटिलेशन, आपात निकासी और रोशनी जैसे बुनियादी इंतजाम बेहद खराब थे। एनआरएआई के महासचिव प्रकुल कुमार द्वारा जारी पत्र में संचालकों से कहा गया है कि वे अग्नि सुरक्षा को रोजमर्रा के संचालन का हिस्सा बनाएं। सभी रेस्तरां, बार और क्लब यह सुनिश्चित करें कि उनके पास वैध फायर एनओसी हो और उसमें दिए गए सभी शर्तों का पूरी तरह पालन हो। इसी तरह, वे कर्मचारियों को नियमित फायर-ड्रिल के माध्यम से प्रशिक्षित करें, आपात निकासी पर कोई रुकावट न होने दें, उसके साइनेज स्पष्ट हो और भीड़ क्षमता से अधिक लोगों को अंदर न जाने दें। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी जगहों पर स्मोक/हीट डिटेक्टर, फायर अलार्म, स्प्रिंकलर, हाइड्रेंट, होज रील और आग बुझाने के यंत्र अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। विद्युत सुरक्षा पर भी जोर देते हुए अस्थायी, ओवरलोडेड या असुरक्षित वायरिंग को तुरंत हटाने और केवल प्रमाणित विद्युत उपकरणों के उपयोग की अपील की गई है।

## बहन की शादी में शामिल होना चाहता है दिल्ली दंगों का आरोपी उमर खालिद, अंतरिम जमानत के लिए लगाई याचिका

**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत में उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों की साजिश मामले में आरोपी उमर खालिद ने अपनी बहन के विवाह में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत की मांग को लेकर याचिका दाखिल की। उमर ने 14 दिसंबर से 29 दिसंबर तक जमानत मांगी है और उसकी बहन का विवाह शादी 27 दिसंबर को है। खालिद इस मामले में अन्य आरोपितों के साथ अवैध गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपित है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेई ने मामले को 11 दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। इससे पहले दो वर्ष पूर्व उमर खालिद को अपनी दूसरी बहन के विवाह में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी। उनकी अन्य जमानत याचिकाएं दिल्ली हाई कोर्ट और कड़कड़डूमा कोर्ट में खारिज हो चुकी हैं। खालिद की वर्तमान जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

## इफको में कार्यरत सूर्य मणि पाण्डे को PHD की उपाधि मिली






● एमिटी विश्वविद्यालय लखनऊ से केमिस्ट्री में डॉक्टर जया पाण्डे के नेतृत्व में कर रहे थे रिसर्च।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको फूलपुर प्रयागराज चीफ केमिस्ट पद पर कार्यरत सूर्य मणि पाण्डे ने लखनऊ के एमिटी विश्वविद्यालय से श्रद्धस्र की उपाधि प्राप्त की है। श्री पाण्डे 2021 बैच में अप्लाई किया था और डॉ जया पाण्डे के निर्देशन मेंचार वर्ष के बाद उन्हें यह सफलता मिली। उनके शोध का विषय PHYSICOCHEMICAL PROFILING OF CROP RESIDUES AND THEIR APPLICATIONS FOR SUSTAINABLE PRACTICES था। श्री पाण्डे 2016 से इफको फूलपुर में प्रयोगशाला में कार्यरत है और इस समय चीफ केमिस्ट के पद पर हैवे मूलतः प्रतापगढ़ के गारापुर के निवासी। सबसे बड़ी बात है कि श्री पाण्डे को हाल ही में एक महत्वपूर्ण पेटेंट भी प्राप्त हुआ है, जो उनके शोध और नवाचार की एक बड़ी उपलब्धि है। उनके श्रद्धस्र उपाधि मिलने पर इफको ऑफिसर्स असोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

## निजी जमीनों पर भी दबंग कर रहे कब्जा, दस्तावेज होने पर भी बेघर हुए दंपत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** यमुनापार बारा तहसील क्षेत्र में जमीन पर अवैध कब्जे का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में लालापुर थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुर,बघला दुबहा निवासी सुधा सिंह ने एसडीएम बारा के कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी निजी पैतृक संपत्ति पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है।सुधा सिंह के अनुसार विवादित भूमि शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के निराला नगर, लखनपुर में स्थित है, जिसका आराजी संख्या 1250 है।यह जमीन उनके ससुर स्वर्गीय उदयभान सिंह ने वर्ष 1982 में खरीदी थी,और उस पर एक मकान भी बना लिया था।उदयभान सिंह का निधन 2014 में हो गया।

इसके बाद यह संपत्ति परिवार के नाम पर ही दर्ज रही।पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2012 में उनके पति अजय कुमार सिंह एक मामले में बाहर चले गए थे। इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए वर्ष 2019 में अजीत उर्फ बबलू, उनकी पत्नी उमा सिंह और जगजीवन श्रीवास्तव ने कथित तौर पर जमीन और मकान पर कब्जा कर लिया। आरोप है कि आरोपियों ने पहले घर में ताला लगाया, फिर उस पर नया निर्माण कर लिया। पत्नी सुधा सिंह का दावा है कि उनके पास जमीन से संबंधित सभी मूल दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने इस संबंध में कई बार थाने लेखपाल और राजस्व विभाग में शिकायत की,लेकिन अब तक कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम से मांग किया है, कि अवैध कब्जे को तत्काल हटाया जाए,और उनकी



पुश्तैनी संपत्ति उन्हें वापस दिलाई जाए। उन्होंने दबंगई करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग रखी है।सुधा सिंह ने चेतावनी दी कि जल्द ही इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह आंदोलन करने और उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने पर विवश होगी। सुधा सिंह ने यह भी कहा कि यह संपत्ति उनके बच्चों और उनकी एकमात्र संपत्ति है।उनके पास कागजात होने के बावजूद उन्हें बेघर किया गया है। उन्होंने प्रशासन से न्याय की गुहार

## सैनिक हत्याकांड के आखिरी आरोपी काली की तलाश में दबिश तेज, परिजनों से पूछताछ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** यमुनापार तहसील व थाना करछना क्षेत्र के अंतर्गत धरवारा में सेना के जवान विवेक की हत्या में शामिल आखिरी आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पिछली दो रातों में पुलिस ने आरोपी काली की तलाश में दबिश दी, किन्तु वह पुलिस के हाथ नहीं लगा। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गया। अब पुलिस आरोपी के परिजनों से पूछताछ कर रही है धरवारा गांव निवासी विवेक सिंह पुत्र उमाकांत सिंह सेवा के इंटेलिजेंस विभाग में दिल्ली में तैनात थे पिता उमाकांत सिंह सेवा से सूबेदार पद से रिटायर्ड हुए हैं विवेक सिंह दो भाइयों में छोटे थे और 3 साल पहले उनकी शादी प्रतिभा से हुई थी दोनों से तीन वर्षीय एक बेटा वेदांत है वह अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी लेकर घर आए थे शनिवार की देर रात वह अपने चार पहिया वाहन से आ रहे थे कोलार से लौटते समय धरवारा मोड़ के पास स्कार्पियो सवार कुछ यौकोने ओवरटेक करने के मामले में उनसे विवाद करने लगे विवाद बढ़ने पर स्कॉर्पियो स्वरों ने विवेक सिंह पर लोहे की रात से हमला कर दिया और उन्हें बुरी तरह पीठ पीठ कर अधमरा कर दिया इसके बाद हमलावर मौके से भाग निकले गंभीर रूप से घायल विवेक को घर वालों ने लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर उन्हें मिलिट्री हॉस्पिटल लखनऊ ले जाया गया जहां रविवार की देर रात उनकी मौत हो गई। घटना में शामिल सभी आरोपी नैनी के चक्र के रहने वाले हैं पुलिस के वहां नंबर के आधार पर राजू कुमार सेवा में हवलदार राजकमल पांडे दरोगा दिनेश कुमार यादव राजीव अग्रहरि और भाई लाल यादव सब चक्र के रहने वाले डीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने कहा की सेवा की जवान के मौत के मामले में अब तक छह आरोपियों को जेल भेजा गया है एक अन्य की तलाश जारी है।

## Agra Gwalior Highway पर बच गई पुलिसकर्मियों की जान, चौकी में जा घुसा तेज रफ्तार कैंटर

**आगरा।** Agra Gwalior Highway स्थित सैंया चौराहे पर बनी पुलिस चौकी को सोमवार रात्रि में तेज रफ्तार केंटर ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही कि चौकी में बैठे पुलिसकर्मी 10 मिनट पहले ही गश्त पर निकले थे। आगरा-ग्वालियर हाईवे स्थित सैंया चौराहे पर पुलिस चौकी बनी हुई है। जिसमें 24 घंटे पुलिस कर्मी मौजूद रहते हैं। सोमवार रात को भी पुलिस मौजूद थी तथा घटना से 10 मिनट पहले ही जवान गश्त पर निकले थे। इसके बाद धौलपुर की ओर से आ रहे केंटर ने चौकी में टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा केंटर चालक को पकड़ कर थाने ले गई। एसओ गुरविंदर सिंह ने बताया कि केंटर ने तेज गति में होने से चौकी में टक्कर मार दी है। बड़ा हादसा होने से बच गया, अन्यथा पुलिसकर्मियों की जान भी जा सकती थी। चालक के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट बार काउंसिल में 30% महिला रिज़र्वेशन का दिया आदेश दिया, 10% सीटों पर को-ऑप्शन की भी इजाज़त

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** एक ऐतिहासिक आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निर्देश दिया कि स्टेट बार काउंसिल में 30% सीटों पर - जहां चुनाव अभी नोटिफ़ाई नहीं हुए - महिला वकीलों को रिप्रेज़ेंट किया जाना चाहिए। इस साल के लिए कोर्ट ने आदेश दिया कि 20% सीटें महिला सदस्यों के चुनाव से और 10% को-ऑप्शन से भरी जानी चाहिए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि उन काउंसिल के संबंध में को-ऑप्शन का प्रस्ताव उसके सामने रखा जाए, जहां महिलाओं की संख्या काफ़ी नहीं हो सकती है।

कोर्ट ने कहा कि उन छह बार काउंसिल में महिलाओं के लिए सीटें तय करना समझदारी नहीं होगी, जहां चुनाव की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, 'हालांकि, हमें यह पक्का करना होगा कि आंध्र प्रदेश, पंजाब एंड हरियाणा, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना की उन चार बार काउंसिल में जो महिला सदस्य चुनाव लड़ रही हैं/लड़ने का प्रस्ताव दे रही हैं, वे पूरे जोश के साथ चुनाव लड़ेंगी और वकील-वोटर भी यह पक्का करने की कोशिश करेंगे कि बार की महिला सदस्यों को सही रिप्रेजेंटेशन मिले।

बिहार और छत्तीसगढ़ की बार काउंसिल के चुनाव भी नोटिफाई किए गए हैं। इसलिए इन दो बार काउंसिल को भी बाहर रखा जाना है। जहां तक बाकी बार काउंसिल की बात है, यह निर्देश दिया जाता है कि 30% सीटों पर बार एसोसिएशन की महिला सदस्य रिप्रेजेंट करेंगी, जिसमें से 20% सीटें चुनाव से और 10% को-ऑप्शन से भरी जाएंगी। को-ऑप्शन के बारे में एक प्रस्ताव इस कोर्ट के सामने रखा जाएगा। जहां भी बार की महिला सदस्य 20% सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए आगे आने में हिचकिचा रही हैं, ऐसी बार काउंसिल में भी को-ऑप्शन का प्रोसेस शुरू किया जाएगा ताकि आखिर में महिलाओं को 30% रिप्रेजेंटेशन मिल सके। '

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने योगमाया एमजी और शेहला चौधरी की याचिका पर यह ऑर्डर पास किया। इस याचिका में बार काउंसिल में महिलाओं के लिए रिज़र्वेशन की मांग की गई थी। पिछले हफ्ते, कोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) से कहा था कि वह स्टेट बार काउंसिल में 30% महिलाओं का रिप्रेजेंटेशन पक्का करने के लिए कदम उठाए। कोर्ट ने BCI से आज तक एक प्रपोज़ल लाने को कहा था।

BCI के चेयरपर्सन सीनियर एडवोकेट मनन कुमार मिश्रा ने सोमवार को कहा कि BCI, सिद्धांत के तौर पर यह मानता है कि स्टेट बार काउंसिल में कम-से-कम 30% महिलाओं के लिए रिज़र्वेशन होना चाहिए। हालांकि, इस साल के लिए बार काउंसिल को महिला कैंडिडेट को को-ऑप्ट करके पोस्ट भरने की इजाज़त दी जानी चाहिए। उन्होंने प्रपोज़ किया कि 15% सीटें महिला मेंबर के को-ऑप्शन से भरी जाएं। हालांकि, बेंच ने कहा कि को-ऑप्शन सिर्फ़ 10% सीटों तक ही सीमित होना चाहिए।

सीनियर एडवोकेट मीनाक्षी अरोड़ा ने कहा कि सभी स्टेट बार काउंसिल में 30% महिला रिज़र्वेशन का एक जैसा ऑर्डर प्रैक्टिकल नहीं हो सकता, क्योंकि कई राज्यों में प्रैक्टिस करने वाली महिला वकीलों का परसेंटेज बहुत कम है। सीनियर एडवोकेट शोभा गुप्ता और एडवोकेट श्रीराम परक्कट पिटीशनर योगमाया की ओर से पेश हुए। एडवोकेट डॉ. चारू माथुर दूसरी पिटीशनर शेहला चौधरी की ओर से पेश हुईं।

तमिलनाडु बार काउंसिल के को-चेयरमैन, के बालू ने करुणाकरण एओआर के ज़रिए एक इंटरवेंशन एप्लीकेशन फाइल की, जिसमें 30 परसेंट रिप्रेजेंटेशन का सपोर्ट किया गया। उनकी ओर से पेश हुए सीनियर वकील ने कहा कि 'एक बार चेयरमैन हमेशा चेयरमैन रहता है' वाली सिचुएशन है, जिसे बदलने की ज़रूरत है। सीनियर वकील विनय नवरे जन अदालत की ओर से पेश हुए, जो वकीलों का एक एनजीओ है और वकीलों के लिए काम करता है, जिसने भी एक इंटरवेंशन फाइल किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में 155 गर्भवती महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**पाकुड़िया, पाकुड, झारखंडः–** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 9 दिसम्बर को कुल 155 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य जांच टीम में डॉ. गंगा शरण साह एवं डॉ. प्रीतम कुमारी शामिल थे, जिन्होंने गर्भवती महिलाओं का रक्त, आयरन, वजन एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाएं प्रदान कीं। जांच के दौरान तकनीशियन निगेश प्रसाद और अटल प्रसाद के साथ मेडिकल स्टाफ अलख निरंजन प्रसाद, राजकुमार, शैलेन्द्र सोरेन, नित्य पाल, प्रभात दास, बवीता कुमारी और बीना मुर्मू उपस्थित थे। डॉक्टरों ने गर्भवती महिलाओं को भोजन में मौसमी फल और हरी सब्जियां शामिल करने की सलाह दी। साथ ही भारी घरेलू कार्यो से बचने तथा हल्के कार्य करने की हिदायत दी, जिससे शारीरिक स्फूर्ति बनी रहे। एक प्रश्न के उत्तर में डॉक्टरों ने बताया कि नियमित जांच से गर्भवती महिलाओं को कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं, विशेषकर प्रसव के समय होने वाली जटिलताओं से बचाव में यह अत्यंत सहायक होता है। बताते चलें कि प्रत्येक माह की 9 तारीख को प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों से स्वास्थ्य सहिया के साथ बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य जांच हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचती हैं।

### जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष ने जिला संगठन प्रभारी प्रमोद पटेल को अंग वस्त्र से किया सम्मानित

**पटना–** गोपालगंज बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए को मिली प्रचंड बहुमत एवं ऐतिहासिक जीत की शानदार सफलता का श्रेय जनता दल (यूथ) ने अपने संगठन से जुड़े जमीनी कार्यकर्ताओं को दिया है, गत शनिवार को पटना जदयू प्रदेश मुख्यालय कर्पूरी सभागार में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक श्री उमेश सिंह कुशवाहा जी द्वारा एक भव्य सामान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी के जिला संगठन प्रभारीयों, जिला अध्यक्षों, विधानसभा प्रभारीयों एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था! भव्य समान समारोह में बिहार विधानसभा विधानसभा चुनाव 2025 में सिवान जिला में पार्टी एवं एनडीए द्वारा शानदार जीत व प्रदर्शन के लिए जनता दल के प्रदेश महासचिव सह सिवान जिला संगठन प्रभारी एवं गोपालगंज के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल को आठ में से 7 सीट जीतने पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद श्री संजय कुमार झा जी एवं प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक श्री उमेश सिंह कुशवाहा जी द्वारा समारोह में मंच पर अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया , गौरवतलब है कि सिवान जिले में आठ विधानसभा सीट में से पहली बार सात विधानसभा सीटों पर एनडीए की प्रचंड जीत हुई है जिसमें बड़हरिया, महाराजगंज, जिरादेई से जनता दल (यूथ) की जीत हुई है वही सिवान सदर, गोरेया कोठी , दरौंदा से भाजपा प्रत्याशी अपनी जीत दर्ज किए हैं और सुरक्षित दरौली विधानसभा क्षेत्र से लोजपा (आर) के प्रत्याशी पहली बार चुनाव जीत कर विधानसभा पहुंचे हैं जिसमें सिवान सदर विधानसभा सीट से बिहार सरकार में स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडे जी पहली बार विधानसभा चुनाव में अपनी जीत दर्ज कर शानदार प्रदर्शन किया हैं! प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि जिला संगठन प्रभारी , विधानसभा प्रभारी, जिला अध्यक्ष, अपने अपने क्षेत्र मे गांव- गांव ,बूथ- बूथ तक पहुंच कर वोटरों को जोड़ने, पार्टी के नीतियों को घर-घर पहुंचने वाले हजारों कार्यकर्ताओं को पार्टी के द्वारा आज सम्मानित किया गया है यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा आज जदयू की ओर से आयोजित इस ऐतिहासिक सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य उन तमाम , कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करना है जिन लोगों ने रात दिन मेहनत करके माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतने का काम किया है हम अपने सभी लाखों लाख कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं उनके प्रति शुभकामना व्यक्त करते हैं धन्यवाद देते हैं! पार्टी ने घोषणा की है कि जिन कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर मजबूत पकड़ बनाए रखी है जनता के बीच पार्टी की योजनाओं और कार्यों को प्रभावित तरीके से पहुंचने का काम किया है उन्हें हम मंच पर सम्मानित करना चाहते हैं! इस कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशस्वी विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के साथ-साथ राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद संजय कुमार झा जी, प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक उमेश सिंह कुशवाहा जी , मंत्री श्रवण कुमार जी , सुनील कुमार जी ,मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह जी अनिल कुमार जी वासुदेव कुशवाहा जी डॉद्ब नवीन आर्य जी विधान परिषद में मुख्य सचेतक पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे!

# कार्यकर्ताओं के पार्टी छोड़ने पर आजसू की कड़ी प्रतिक्रिया, संगठन और मजबूत होने का दावा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवघर, झारखंडः–** आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर हाल के राजनीतिक घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि 'इक्का-दुक्का पत्ते गिर जाने से पेड़ नहीं गिर जाता, आजसू पार्टी बरगद का पेड़ है।' जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि देवघर जिले में आजसू पार्टी का मजबूत जनाधार है और संगठन किसी का मोहताज नहीं है। आदर्श लक्ष्य ने बताया कि जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी 2029 के चुनाव की तैयारियों में पूरी सक्रियता के साथ जुट गई है। युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा बूथ स्तर पर पार्टी ढांचे को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एनडीए सहयोगी दलों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने सलाह दी कि गठबंधन के भीतर तोड़फोड़ की राजनीति से बचना चाहिए, क्योंकि इससे गठबंधन की एकजुटता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि पार्टी अनुशासन को कमजोरी न समझा जाए और जो लोग भ्रम फैला रहे हैं, उन्हें स्पष्ट संदेश है कि 'ईंट का जवाब पत्थर से देना हम भी जानते हैं। 'उल्लेखनीय है कि हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में आजसू पार्टी के कुछ कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए थे, जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। इसी पृष्ठभूमि में आजसू नेतृत्व की यह प्रतिक्रिया सामने आई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कुछ लोगों के जाने से पार्टी कमजोर नहीं होती, बल्कि इससे संगठन और अधिक दृढ़ संकल्प और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का अवसर पाता है। उन्होंने दावा किया कि आजसू पार्टी देवघर में अपने संगठनात्मक विस्तार और जनाधार को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्यरत है।

# उपायुक्त ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः–** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध मेडिकल उपकरणों के पूर्ण उपयोग एवं नियमित संचालन को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि एनसीडी स्क्रीनिंग डेटा का एक सप्ताह के भीतर करेक्शन कर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। छोटी समस्याओं का समाधान संबंधित पदाधिकारी अपने स्तर से प्राथमिकता के आधार पर करें। लेप्रोसी के संदेहित मामलों की स्क्रीनिंग आगामी 10 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। फाइलेरिया एवं मलेरिया से संबंधित मामलों का डेटा कैप्चर कर स्क्रीनिंग कार्य को गति प्रदान की जाए। उन्होंने बच्चों के टीकाकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही एमटीसी का नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग का भी निर्देश दिया गया। डॉक्टरों द्वारा किए गए स्कूल विजिट की एंट्री सुनिश्चित करने तथा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आए मोतियाबिंद मरीजों के डेटा का सहिया के माध्यम से क्रॉस वेरिफिकेशन कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, जिले में उपलब्ध एम्बुलेंस सेवाओं, वैक्सीन प्रबंधन, ओपीडी संचालन, मशीनी उपकरणों और दवाइयों के बेहतर उपयोग व प्रभावी प्रबंधन पर भी जोर दिया गया। सभी एमओआईसी को साप्ताहिक समीक्षा बैठक करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने विशेष रूप से टीबी मरीजों की निगरानी पर बल देते हुए सिविल सर्जन को इसकी साप्ताहिक समीक्षा करने का निर्देश दिया। बैठक के समापन पर उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों चिकित्सकों, नर्सों, एएनएम तथा सहिया को अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने की हिदायत दी। कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई किए जाने की भी चेतावनी दी गई। बैठक में उपायुक्त के साथ भू अर्जन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, डीपीएमयू, यक्ष्मा पदाधिकारी, मलेरिया पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## जेएसएससी सीजीएल में बरही के सात छात्रों का चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः–** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही बरही प्रखंड के लिए यह खबर किसी खुशखबरी से कम नहीं रही। प्रखंड के सात होनहार युवाओं के चयन से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। गाँव-मोहल्लों में बधाइयों का दौर शुरू हो गया है, वहीं परिजन और शुभचिंतक मिठाइयाँ बाँटकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के श्रीनगर निवासी सत्यम यादव पिता ईश्वर यादव का चयन एएसओ के पद पर हुआ है। उल्लेखनीय है कि सत्यम यादव इससे पूर्व बरही अंचल में ग्रामीण पुलिस चौकीदार के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे थे। सीमित संसाधनों और जिम्मेदारियों के बीच सत्यम ने निरंतर मेहनत और लगन से पढ़ाई जारी रखी, जिसका परिणाम आज उनकी सफलता के रूप में सामने आया है। इसी श्रीनगर गांव के एक अन्य छात्र अजय यादव पिता श्याम यादव का भी जेएसएससी सीजीएल में चयन एएसओ पद पर हुआ है। अजय यादव की सफलता ने यह साबित कर दिया कि निरंतर परिश्रम और स्पष्ट लक्ष्य के साथ तैयारी करने से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। इधर बरही प्रखंड के कोल्हुआकला गांव निवासी दीपक यादव पिता मणिलाल यादव को भी एएसओ के पद पर चयन मिला है। दीपक यादव पंसस प्रतिनिधि मणिलाल यादव के पुत्र है। उनकी सफलता से गांव में खासा उत्साह है और स्थानीय लोग इसे आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत मान रहे हैं। वहीं, कुण्डवा बरही निवासी अजय यादव पिता द्वारिका यादव का चयन बीएसओ के पद पर हुआ है। अजय यादव पहले से ही आईआरबी में पदस्थापित थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत करते हुए इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल की। उनकी उपलब्धि से उन्होंने संदेश दिया है कि नौकरी के साथ भी लक्ष्य साधा जा सकता है, बशर्ते संकल्प मजबूत हो। दुलमाहा गांव निवासी कृष्णा राणा पिता डिलो राणा का चयन भी बीएसओ पद के लिए हुआ है। खास बात यह है कि कृष्णा राणा इससे पहले रेलवे में पदस्थापित थे। सुरक्षित नौकरी के बावजूद उन्होंने अपने करियर को नई दिशा देने का फैसला किया और अपनी मेहनत से इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की। धनवार पंचायत के लठियां गांव निवासी अजय यादव पिता स्व. जगदीश यादव का चयन सीआई के पद पर हुआ है। अजय यादव की इस सफलता को ग्रामीण उनके कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और अनुशासित अध्ययन का परिणाम बता रहे हैं। स्वर्गीय जगदीश यादव के सुपुत्र द्वारा हासिल की गई यह उपलब्धि पूरे गांव के लिए गर्व का विषय बन गई है। वहीं, बबलू कुमार यादव पिता किशुन यादव का चयन एएसओ के पद पर हुआ है। उल्लेखनीय है कि बबलू कुमार यादव इससे पूर्व अपर समाहर्ता के कार्यालय हज़ारीबाग में अपनी सेवाएँ दे रहे थे। प्रशासनिक माहौल में कार्य करते हुए भी उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और दृढ़ संकल्प के साथ इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की। सातों अभ्यर्थियों की इस सफलता पर पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं।

# अस्वस्थ चल रहे प्रखंड अध्यक्ष का हालचाल जानने रिम्स पहुंचे? महेशपुर विधायक? प्रो.स्टीफन मरांडी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुडिया, पाकुड़, झारखंडः–** पाकुड़िया झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा अस्वस्थ चल रहे है और रांची स्थित रिम्स अस्पताल में भर्ती है।उनका हाल जानने के लिए महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी रिम्स अस्पताल पहुंचे और मिल कर वर्तमान स्वास्थ्य की स्थिति का जायजा लिया। उनके परिजनों को ढांढस दिलाया तथा ईश्वर से उनके स्वास्थ्य के जल्द बेहतर होने की कामना किया। मालूम हो कि मोतीलाल जी समाज के कुरीतियों के खिलाफ हमेशा अपनी आवाज बुलंद करते रहे है। वे आन्दोलन? के समय से ही झामुमो के साथ जुड़कर पार्टी को मजबूत बनाने का काम करते रहे है। इस मौके पर विधायक प्रो.मरांडी जी ने बताया मोतीलाल हांसदा पार्टी के वरिष्ठ व कर्मठ कार्यकर्त्ता के रूप में काम किया है हुए वें लगातार प्रखंड अध्यक्ष रहे है । इनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए ईश्वर से कामना करता हूं की वें जल्द स्वस्थ होकर हमसब के बीच पहुचे और पार्टी के लिए कम करें।

### शादी का वादा कर दो साल तक करता रहा शोषण, पुलिस ने आरोपी युवक को घर से किया गिरफ्तार

**बलिया** की दोकटी थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक युवती से शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी दिनेश पासवान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को संबंधित धाराओं के तहत न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई 9 दिसंबर को दोकटी थाने में एक युवती द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर की गई। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि दिनेश पासवान नामक युवक ने उसे शादी का झांसा देकर पिछले दो साल से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने आरोपी से शादी करने के लिए कहा, तो उसने इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोकटी थानाध्यक्ष ने तत्काल एक टीम गठित की। उपनिरीक्षक आशुतोष मध्देशिया के नेतृत्व में कांस्टेबल नरसिंह पटेल और महिला कांस्टेबल कविता चौहान की टीम ने आरोपी दिनेश पासवान पुत्र कुंवर पासवान के ह्रदयपुर स्थित आवास पर दबिश दी। पुलिस ने उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी और पीड़िता के बयान के आधार पर दिनेश पासवान के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।

### प्रेमिका से मिलने की जिद में युव ने खाया जहरः ननिहाल पहुंचकर किया आत्मघात, इलाज के दौरान मौत




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के अमहर उत्तर पट्टी सरया गांव में मंगलवार को प्रेम प्रसंग ने एक युवक की जान ले ली। अपने प्रेम संबंध के विरोध से आहत 22 वर्षीय अभय कुमार ने प्रेमिका के ननिहाल में ही जहर खाकर आत्महत्या कर ली। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक अभय कुमार, नगरा थाना क्षेत्र के चचया गांव निवासी वीरेंद्र राम का पुत्र था। अभय का प्रेम प्रसंग पड़ोस की एक युवती से चल रहा था, लेकिन युवक की लगातार जिद और दबाव से परेशान होकर युवती के परिजनों ने उसे उसके ननिहाल रसड़ा क्षेत्र के अमहर उत्तर पट्टी सरया भेज दिया था। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह अभय बाइक से वहीं पहुंच गया। उसने प्रेमिका को साथ चलने के लिए दबाव बनाया, लेकिन प्रेमिका और उसके परिजनों ने इनकार कर दिया और उसे वहां से जाने के लिए कहा। इसी बीच आवेश और निराशा में अभय ने वहीं जहर खा लिया, जिससे वह अचेत होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक कृपाशंकर वर्मा, रसड़ा और नगरा थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। अचेत अभय को रसड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल बलिया रेफर कर दिया गया। परिजन उसे मऊ लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार गुप्ता का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बरही की पेयजल संकट को लेकर विधानसभा में उठा मुद्दा, विधायक मनोज यादव ने लंबित जलापूर्ति योजना पर सदन का कराया ध्यानाकर्षण

● तिलैया डैम से जलापूर्ति योजना अब तक अधूरी, जल्द होगा निर्माण कार्य पूरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः–** बरही के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का गंभीर मुद्दा झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान उठा। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने सदन में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाते हुए बरही प्रखंड के लिए वर्षों से लंबित तिलैया डैम जलापूर्ति योजना को अविलंब पूर्ण कराने की मांग की। विधायक श्री यादव ने सदन को अवगत कराया कि तिलैया डैम से बरही क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की योजना विगत 15 वर्षों से राज्य सरकार के समक्ष विचाराधीन है, लेकिन आज तक यह योजना धरातल पर पूरी नहीं हो पाई है। इसके कारण क्षेत्र के हजारों निवासियों को आज भी स्वच्छ पेयजल से वंचित रहना पड़ रहा है। विशेषकर गर्मी के मौसम में हालात अत्यंत गंभीर हो जाते हैं और पेयजल के लिए हाहाकार मच जाता है। उन्होंने कहा कि बजट आवंटन और योजना के अधूरे क्रियान्वयन के कारण अब तक इस बहुप्रतीक्षित योजना का लाभ आम जनता को नहीं मिल सका है। ऐसे में व्यापक लोकहित को देखते हुए सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया गया कि उक्त जलापूर्ति योजना के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाए। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर जवाब देते हुए माननीय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री ने योजना से जुड़े तथ्यों को सदन के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि बरही ग्रामीण जलापूर्ति योजना का क्रियान्वयन वित्तीय वर्ष 2007-08 में सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) द्वारा कराया जाना था। योजना को तीन चरणों में पूरा किया जाना प्रस्तावित था। प्रथम चरण में 05 एमएलडी क्षमता के डब्लूटीपी का निर्माण, द्वितीय चरण में इनटेक वेल, राइजिंग मेन एवं डिस्ट्रीब्यूशन मेन का कार्य तथा तृतीय चरण में इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन एवं पावर सप्लाई का निर्माण शामिल था। वर्ष 2009 में डीवीसी द्वारा 05 एमएलडी क्षमता के डब्लूटीपी के निर्माण का कार्यादेश जारी किया गया, लेकिन लगभग 65 प्रतिशत कार्य होने के बाद कार्यकारी एजेंसी द्वारा काम बंद कर दिया गया। वर्ष 2012 में डीवीसी ने योजना के शेष अवयवों के क्रियान्वयन के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से अनुरोध किया। इसके बाद आसपास के कुछ अतिरिक्त गांवों को शामिल करते हुए डीवीसी और विभाग द्वारा संयुक्त रूप से योजना को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2013 में योजना के पुनर्गठन हेतु कुल 17.24 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई थी, जिसमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का अंशदान 7.83 करोड़ रुपये तथा डीवीसी का अंशदान 9.41 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था। डीवीसी द्वारा केवल 6 करोड़ रुपये ही उपलब्ध कराए गए, जबकि शेष 3.41 करोड़ रुपये अब तक प्राप्त नहीं हो सके। राशि के अभाव में बार-बार पत्राचार के बावजूद कार्य आगे नहीं बढ़ पाया। इसके बाद विभागीय स्तर पर यह निर्णय लिया गया कि बचे हुए कार्य विभाग स्वयं पूर्ण कराएगा। योजना का लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 40 प्रतिशत कार्य शेष है। मंत्री ने सदन को जानकारी दी कि दिनांक 09 अक्तूबर 2023 को योजना के लिए पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत कुल लागत 27.61 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है, जिसमें पूर्व स्वीकृति की तुलना में लगभग 10.37 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि पर व्यय की मंजूरी दी गई है।

# धनवार पंचायत की बड़ी उपलब्धि : जेएसएससी सीजीएल में लठिया गांव के दो युवाओं की शानदार सफलता

●पंचायत मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने दोनों सफल अभ्यर्थियों को बताया गांव का गौरव, कहा : यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः–** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के लठिया गांव के दो युवाओं ने जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में सफलता दर्ज कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सोमवार को परिणाम जारी होने के बाद गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। लंबे इंतजार के बाद जब सफलता की खबर सामने आई तो परिवारजनों और ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला।लठिया गांव के अजय यादव, पिता स्व. जगदीश यादव, का चयन अंचल निरीक्षक के रूप में हुआ है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने मार्गदर्शकों जितेंद्र यादव उर्फ मंटू यादव और मनोज यादव को दिया। अजय यादव ने कहा कि यह उपलब्धि उनके गुरुजनों व परिवार के सहयोग और निरंतर मेहनत का परिणाम है।इसी गांव के दूसरे अभ्यर्थी बब्लू कुमार, पिता किशुन यादव, का चयन सहायक शाखा पदाधिकारी के रूप में हुआ है। बब्लू कुमार पहले भी कई प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनका सिलेक्शन 2019 में रेलवे ग्रुप-डी, फिर टीटी पद पर हुआ था। इसके अलावा वे वर्तमान में राजस्व शाखा में सहायक के पद पर कार्यरत हैं। तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटे बब्लू के बड़े भाई सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, पिता कृषक हैं और माता गृहणी हैं। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि धनवार पंचायत के लिए आज का दिन गर्व का दिन है। हमारे गांव के दो युवाओं ने अपनी लगन और कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। यह हमारे पंचायत के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। पंचायत की ओर से हम दोनों प्रतिभाओं को शुभकामनाएं देते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इन दोनों युवाओं की सफलता पर पूरे पंचायत में बधाइयों का तांता लग गया। पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, समाजसेवी ममता देवी, मंटू यादव उर्फ जितेंद्र यादव, मनोज यादव, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, ब्रह्मदेव यादव, प्रकाश साव, अजय कुमार कुशवाहा, नरेश कुमार, शिवनंदन यादव, बैजनाथ यादव, विनय गोप, उमेश यादव, सुबोध यादव, संतोष यादव, महेन्द्र प्रसाद, अजीत प्रसाद, सुरेश पंडित, विकास यादव सहित कई लोगों ने दोनों युवाओं को बधाई दी।

# सरीसों एवं विभिन्न सब्जियों की खेती में जुटे कृषक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया प्रखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बड़े पैमाने पर की जाती है सरीसों व सब्जियों की खेती**

**पाकुड़िया, पाकुड, झारखण्डः–** पाकुड़िया प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में धान कटनी का काम जोरों पर है। वहीं दूसरी ओर सिंचाई कूप, डोभा, चेक तथा तालाबों में पानी स्टोर रहने से प्रखण्ड के किसान बड़े लगन के साथ सरीसों व सब्जियों की खेती कर आर्थिक लाभ हेतु जुटे हैं। फिलहाल धान कटाई के बाद धान खेतों में ही जमा किया गया है और मशीन से झड़ाई भी होती देखी जा रही है। जिन कृषकों का धान काटने का काम पहले ही पूरा हो चुका है उन्होंने सरीसों की खेती कुछ पहले शुरू कर दी है, जिसके कारण उनके खेतों में सरीसों के पीले-पीले फूल खिल रहे हैं। बताया जाता है कि इन दिनों प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पहले की तुलना में स्थानीय स्तर पर सिंचाई की सुविधा बढ़ी है और कृषक तत्परता से विभिन्न प्रकार की फसलें लगाने में जुटे हैं। हालांकि प्रखण्ड के प्रसिद्ध कृषकों का मानना है कि यदि क्रमशः प्रखण्ड की खेती योग्य भूमि में स्थाई सिंचाई की व्यवस्था कर दी जाए तो किसान विभिन्न प्रकार की फसलें और सब्जियों की खेती कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने में सफल होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली बिल राहत योजना 2025-26: परसौरा महेशपुर में लगा कैम्प, 35 उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन



**गोंडा/खरगूपुर-** बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के तहत विद्युत उपकेंद्र खरगूपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसौरा महेशपुर में मंगलवार को विद्युत बिल जमा करने एवं रजिस्ट्रेशन हेतु एक विशेष कैम्प लगाया गया। कैम्प में उपभोक्ताओं को योजना के लाभ, बिल सुधार, छूट पात्रता तथा रजिस्ट्रेशन की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। मौके पर मौजूद बिजली विभाग की टीम ने बताया कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत देना और लंबित बिलों को आसान किस्तों में जमा कराने की सुविधा प्रदान करना है।कैम्प के दौरान कुल 35 उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन सफलतापूर्वक किया गया।इस अवसर पर विद्युत विभाग के कर्मचारी सुशील मौर्य (टीजी-2), जनार्दन तिवारी, विजय पाण्डेय, संजय तिवारी, सुनील तिवारी, भोला व अवधेश तिवारी मौजूद रहे और उन्होंने उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया।

### गेमिंग चैट एप पर महिला की फोटो-वीडियो अपलोड करने का आरोप

#### महिला की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति ने महिला की फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दीं और अब महिला को ब्लैकमेल कर रहा है। प्रताडऩा से आजिज आकर महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। कोतवाली पुलिस ने मुंबई में रहने वाले युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि महाराष्ट्र राज्य के मुंबई में टिटवाला गनेश मंदिर के पास रहने वाले सूरज कश्यप नाम के युवक ने उसकी फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी है। आरोप है कि सोशल मीडिया ऐप के योयो चैट गेमिंग एप्प पर गन्दी-गन्दी वीडियो अपलोड कर दी हैं। महिला ने सूरज कश्यप का मोबाइल नंबर पुलिस को देते हुये उसकी सामाजिक छवि खराब होने की बात कही। पुलिस ने महिला की तहरीर पर सूरज कश्यप नाम के युवक के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 67 सी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सड़क किनारे पड़ा मिला ढाबा संचालक का शव

**ललितपुर।** जिले के राजघाट कस्बे में मंगलवार सुबह एक ढाबा संचालक का शव सड़क पर पड़ा मिला। उसके पास ही उसकी बाइक भी मिली। परिजनों ने इसे एक दुर्घटना बताया है। मृतक की पहचान राजघाट निवासी 28 वर्षीय रोहित यादव पुत्र संतोष के रूप में हुई है। वह गांव में ही राजघाट-जखौरा मार्ग पर एक तिराहे के पास ढाबा चलाता था। सोमवार रात करीब 10.30 बजे रोहित अपने ढाबे के एक कर्मचारी को उसके घर प्रेम नगर छोड़ने गया था। कर्मचारी को छोड़ने के बाद वह अपने घर वापस आने के लिए निकला, लेकिन घर नहीं पहुंचा। मंगलवार सुबह पुलिसकर्मियों ने प्रेम नगर मोहल्ले में सड़क पर रोहित को लहूलुहान हालत में पड़ा देखा। उसकी बाइक भी पास में ही पड़ी थी। शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचना दी गई। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई ने बताया कि रोहित अपने दो भाई और दो बहनों में दूसरे नंबर पर था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शुरुआती जांच में यह मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है।

### पेट्रोल डलवाने गये युवक से मारपीट

**ललितपुर।** थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम कलौथरा निवासी पवन राजा बुन्देला पुत्र रनवीर सिंह ठाकुर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 6 दिसम्बर की रात करीब 9.20 बजे वह पेट्रोल डलवाने के लिए महेश राय पुत्र आशाराम राय के पेट्रोल पंप गया था। जहां उसने 500 रुपये दिये तभी महेश राय ने कहा कि उसे रुपये दो, जबकि उसने कहा कि उसने 500 रुपये दिये हैं। आधा लीटर पेट्रोल डालकर बाकी रुपये वापस करो। इसी बात को लेकर उक्त महेश ने अपने भाई दीपक राय व नंदराम राय के साथ उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## लायंस क्लब की समाज सेवा में प्रतिबद्धता सराहनीय : डा.बबीता सिंह

### ●राज्य महिला आयोग अध्यक्ष के सान्निध्य में लायंस क्लब सेवा कार्यक्रम सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी 2 के तत्वावधान में, जिला गवर्नर एमजेएफ लायन सन्मति सराफ के नेतृत्व में आयोजित सेवा दिवस के तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रम राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डा.बबीता सिंह चौहान के सान्निध्य में सम्पन्न हुए। विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष सोनाली जैन, अर्चना पटेल, पूज्य माताजी सुलोचना सराफ मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि ने ने महिला सुरक्षा, अधिकार, न्याय-सहायता, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक भागीदारी पर अपने प्रेरणादायी विचार रखते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण ही समाज की वास्तविक उन्नति है, और लायंस क्लब जिस प्रतिबद्धता के साथ सेवा कर रहा है, वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं प्रेरणादायी है। उन्होंने वॉटर कूलर, वाटर प्यूरीफायर की स्थापना स्व. शिखरचंद्र अलया एवं स्व. राखी अलया की पुण्य स्मृति में लायन रवींद्र रोहित अलया परिवार द्वारा कराई गई। कहा कि यह स्थापना छात्रों के स्वास्थ्य, स्वच्छ जल सुविधा और कल्याण में एक महत्वपूर्ण योगदान है। इस दौरान डा. अक्षय जैन, आकाश जैन, सनत जैन, अनिल अंचल, अशोक जैन, राजेन्द्र, ला.सुनीता सराफ, जिनेंद्र जैन, अनीता अंचल, राजेश बड़कुल, रोहित अलया, निधि अलया, विद्यालय प्रबंधक एवं स्टाफ मौजूद रहा। दूसरी ओर एक कार्यक्रम एम्ब्रोशिया सोसाइटी में आयोजित हुआ, जहां मंडल की प्रथम महिला ला. सुनीता सर्राफ ने सभी अतिथियों स्वागत किया। साथ ही महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, शिक्षा, न्यायिक सहयोग, मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत व सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन सन्मति सराफ, ला.डा.नीलम सराफ, ला.राकेश गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पीडीजी ला.सुभाष जायसवाल, उषा जायसवाल, डिस्ट्रिक्ट पीआरओ महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष डा.अवधेश अग्रवाल, ला.रवींद्र अलया, ला. संजीव ममता स्पोर्ट्स, रीजन ला.कैलाश अग्रवाल, जोन ला.अनिल सोनी, जोन ला.सुरेश निरंजन, जोन ला.शिवचरण सोनी, जोन ला. हरगोविंद डोडवानी, ला.डी.एस.विवेक, ला. राजीव पटवारी, प्रदीप जैन, गिरीश साहू, आजम, डा.आलोक जैन, सक्षम खरा, अदित सराफ, राहुल गुप्ता, हरीश कपूर, बृजमोहन संज्ञा, रोहित शिवाजी, आकर्ष श्रीवास्तव, अंकित जैन, सरदार सतवंत सिंह भोगल, डा.दीपक चौबे, इटीउ राजा, के.पी. बुंदेला, अमित जैन, रेणु जैन, मीना जैन, रिचा, आशा साहू, डा.सुषमा जैन, हरजीत कौर, आशी जैन, डिम्पल जैन, श्वेता, नेहा श्रीवास्तव, डा.नीलम सराफ, अनिल सूर्यवंशी, अनूप जैन, नीता खैरा, सीमा जैन, एल.बंसल, राहुल, पूजा, संगीता अग्रवाल, सुरेश बाबू, आदर्श आदि मौजूद रहे।

## क्रेडिट कार्ड से हजारों रुपये उड़ाये

### अज्ञात व्यक्ति पर लगे आरोप, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** विभिन्न कम्पनियों में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्रेडिट कार्ड के जरिए हजारों रुपये जबरन काट लिये जाने का आरोप लगाते हुये पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गयी है। एसपी ने मामले को संज्ञान लेते हुये एफआईआर दर्ज कर विवेचना किये जाने के निर्देश कोतवाली पुलिस को दिये हैं। शहर क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा करीमनगर डेम रोड निवासी भीम कुमार पुत्र माता प्रसाद ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में बताया कि उसका क्रेडिट कार्ड बना हुआ है। आरोप है कि 24 जून 2025 को उसके क्रेडिट कार्ड से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी करते हुये 87 हजार रुपये काट लिये गये, जो कि अलग-अलग हैं, जिनमें 85 हजार रुपये जुमेटो में एवं 2 हजार रुपये मंत्रा में काटे गये है। इसके अलावा 24 जून को ही दूसरे एसबीआई कार्ड से 35 हजार रुपये निकाल लिये गये, वह भी अलग-अलग हैं, जिनमें 17 हजार रुपये पंयू में काटे गये, जिनकी छाया प्रति भी पीड़ित द्वारा एसपी के समक्ष रखी गई हैं। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2), 318 (4) व आई.टी. एक्ट की धारा 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जीजीआईसी में सम्बद्धीकरण से चरमराई शिक्षा व्यवस्था

### ● विभागीय अधिकारी नहीं कर रहे अपर मुख्य सचिव के आदेश का पालन

### नागरिक विकास मोर्चा ने भेजा ज्ञापन, उठाई कार्यवाही की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** शिक्षा विभाग में सम्बद्धीकरण समाप्त किये जाने के आदेश अपर मुख्य सचिव ने दिये थे, लेकिन इन आदेशों को धता बताते हुये सम्बद्धीकरण समाप्त तो नहीं किया गया, लेकिन आलाधिकारियों को विभाग द्वारा गुमराह अवश्य किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में नागरिक विकास मोर्चा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने एक ज्ञापन अपर मुख्य सचिव प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग को जिला प्रशासन के जरिए भेजा है। मोर्चा अध्यक्ष ने ज्ञापन में बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों व कर्मचारियों के सम्बद्धीकरण को समाप्त करने के निर्देश अपर मुख्य सचिव ने दिये थे। इसके अनुपालन में बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग में आलाधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है। इसी के चलते सम्बद्धीकरण समाप्त नहीं हो सका है। विभागीय अधिकारी अपने आलाधिकारियों के निर्देशों का अनुपालन करते हुये कुछ शिक्षकों को मूल विद्यालय भेजा है, जबकि अनेक शिक्षकों का विभिन्न कार्यालय व विद्यालय में सम्बद्धीकरण बना हुआ है। ताजा उदाहरण का हवाला देते हुये उन्होंने जीजीआईसी में तालबेहट की प्रधानाचार्य के सम्बद्धीकरण को उठाया। कहा कि तालबेहट व ललितपुर जीजीआईसी में एक ही प्रधानाचार्य के सम्बद्धीकरण के चलते दोनों विद्यालयों का कामकाज व शिक्षा व्यवस्था चरमरा गयी है। विभागीय अधिकारी इस पर पर्दा डाल रहे हैं। इसके अलावा अनेकों स्थानों पर इस प्रकार का सम्बद्धीकरण देखे जाने की बात कही गयी। उन्होंने अपर मुख्य सचिव से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, बृजबिहारी मिश्रा, प्रेमशंकर गुप्ता व अशोक सोनी आदि मौजूद रहे।

## दैलवारा प्राकृतिक विधि से गेहूं की उत्पादन तकनीक पर दिया गया प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, ललितपुर द्वारा विकासखंड जखौरा के ग्राम दैलवारा में वरिष्ठ वैज्ञानिक और केंद्राध्यक्ष डॉश मुकेश चंद के नेतृत्व में प्राकृतिक विधि से गेहूं की उत्पादन तकनीक पर एक दिवसीय ऑफ कैम्पस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। डॉ. दिनेश तिवारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ-सस्य विज्ञान ने बताया कि गेहूं की पारंपरिक/रसायनयुक्त खेती से मृदा का स्वास्थ्य खराब होने के साथ ही साथ गुणवत्ताविहीन उत्पादन मिल रहा है। जिसके उपभोग से स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है। गेहूं की लागत भी 35000 से लेकर 45000 व्यय करना पड़ता है। गेहूं की प्राकृतिक खेती कर किसान अपने फसल की लागत को कम करके रसायन मुक्त अच्छी गुणवत्ता का उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. तिवारी ने देशी गाय के मूत्र और गोबर और लोकली उपलब्ध पेड़ पौधों की पतियों/ पूर्व की फसलों के अवशेष से बायोमास मल्च (खरपतवार नियंत्रण और उचित नमी और तापक्रम बनाए रखने हेतु) बीजामृत (बीज शोधन हेतु), जीवामृत और घन जीवामृत (पोषक तत्वों का प्रबंधन हेतु), नीमास्त्र/ दशपणी अर्क/ अग्निअस्त्र (कीट नियंत्रण हेतु), सोठा?स्त्र/खट्टी छांछ (बीमारी नियंत्रण हेतु) की विधवत जानकारी दी गई। केंद्राध्यक्ष ने जनपद ललितपुर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज ग्राम दैलवारा, जखौरा में प्राकृतिक खेती विषय पर गेहूं उत्पादन तकनीक को अधिक से अधिक किसान भाई के अपनाने की सलाह दी क्योंकि मानव स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए गुणवत्ता युक्त रसायन मुक्त खेती करने की आवश्यकता है ताकि आज जनमानस को रसायनों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभाव से बचाया जा सके। इसके लिए एक एकड़ में प्राकृतिक खेती सभी किसानों को करने पर बल दिया। इससे न केवल प्राकृतिक गेहूं उत्पाद के इस्तेमाल से न केवल किसान परिवार स्वस्थ्य रहेगा साथ ही साथ जो लोग इसका इस्तेमाल करेंगे उनका स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक उत्पादों के विक्रय से रसायनयुक्त उत्पादन की तुलना में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही साथ खेती में [illegible] और यूरिया से बढ़ रही लागत को भी कम किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदीप पटेरिया, नरेंद्र कुमार, गंगा राम सहित सहित 30 प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया।

## सोशल मीडिया के जरिए महिला को फंसाकर लाखों रुपये ऐंठे

### ●खुद को आईपीएस का पुत्र बताकर युवक ने महिला से की थी दोस्ती

### 3 से 4 लाख रुपये लेने के बाद अब फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने का भी आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती किये जाने और खुद को आईपीएस का पुत्र बताते हुये महिला को ब्लैकमेल करते हुये लाखों रुपये हड़प कर लिए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधी नगर नई बस्ती गजरा पैलेस के पास रहने वाली प्रियंका गुप्ता पत्नी संतोष ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका विवाह वर्ष 2010 में हुआ था। शादी के बाद उसे एक पुत्र व एक पुत्री भी है। बताया कि सोशल मीडिया पर उसका इंस्टाग्राम पर गुप्ता जी के नाम से अकाउंट खुला है, जो कि काफी पुराना है। पीड़िता ने बताया कि चार वर्ष पहले एक सोशल यूजर जिसका सही नाम बांदा के थाना अतर्रा अंतर्गत लाई मंडी निवासी आशीष गुप्ता पुत्र रामबहादुर है ने एक फर्जी आईडी बनाकर खुद को आई.पी.एस. अधिकारी का पुत्र बताया। इस अकाउंट के जरिए उसकी पहचान दोस्ती में बदल गयी। आशीष से उसने मिलना-जुलना भी शुरू कर दिया था। कुछ समय बाद आशीष गुप्ता ने उसे अपने जाल में फंसाना शुरू करते हुये शादी का प्रस्ताव रखा और उस पर जोर देने लगा। जब उसने बताया कि वह शादीशुदा है और उसके बच्चे हैं तो उक्त युवक ने शादी करने की बात कहते हुये खुद को नुकसान पहुंचाने और जान लेने की धमकी दी, जिससे वह घबरा गयी। आरोप है कि आशीष ने इस प्रकरण में अपने परिजनों को भी शामिल कर लिया। उसके भय का लाभ उठाते हुये उक्त लोगों ने रुपयों की मांग करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि वह आशीष को दबाव में आकर करीब 3 से 4 लाख रुपये दे चुकी है, लेकिन अब रुपयों का इंतजाम नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा अब आशीष उसे उसकी फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आशीष गुप्ता व उसके परिजनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 308 (2), 351 (2) व आई.टी. एक्ट की धारा 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## विश्व मानवाधिकार दिवस विशेष

### ●जन्म लेते ही बच्चा मानवोचित जीवन जीने की गारंटी प्राप्त कर लेता है : प्रो.शर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** विश्व मानवाधिकार दिवस पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि आदमी श्रम करने के लिए नहीं जीता, बल्कि वह सच्चे अर्थों में मनुष्य की भांति जीने के लिए श्रम करता है। मानव प्रकृति की इस प्रकृति में ही उसकी वह दिव्यता, गरिमा निहित होती है, जो उसे जानवर से पृथक कर देती है, क्योंकि जानवर चेतना रहित होता है। मनुष्य श्रमिक है और प्रकृति उसकी सामग्री। धरती, आसमान, आग, पानी की सहायता से, वह अपने आदर्शों के अनुरूप दुनिया को ढालता रहता है। दूसरे महायुद्ध के बाद हुए विनाशकारी परिणाम से सबक लेकर 10 दिसम्बर 1948 को मानवाधिकार आयोग द्वारा प्रस्तुत घोषणापत्र लागू किया गया जिसे स्वतंत्र भारत ने एकमत होकर लागू किया। शिक्षा, रोजगार, लोकतंत्र, स्वतंत्र न्यायपालिका गरिमामय जीवन जीने के समस्त मूलअधिकार इसमें सन्निहित हैं। यद्यपि यह सही है कि मनुष्य स्वतंत्र उत्पन्न होता है, परन्तु जन्म लेते ही पर्त दर पर्त बन्धनों से जकड़ता जाता है। अतः मानवाधिकारों का उपभोग करते हुए वह ऊँचे से ऊँची उड़ान भर सकता है। परन्तु आर्थिक आत्मनिर्भरता के अभाव में राजनीतिक स्वतंत्रता कोरा भ्रम है। कानून के समक्ष सभी समान हैं। क्या बेरोजगार, निर्धन न्यायालयों से न्याय और प्राईवेट चिकित्सालयों से अपना उपचार करा सकता है? जिस वर्ग की अंटी की आखिरी कौड़ी मात्र एकजोर के राशन-पानी में रोज खर्च हो रही हो, उसके बच्चे आसानी से 14 साल तक की मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का लाभ उठा सकते हैं? संसद या विधानमण्डलों में बहुमत होते हुए चुने जा सकते। हाँ जरूर गाँधीजी के रास्ते पर चलकर संगठित सत्याग्रह का विधि-सम्मत मार्ग अपनाकर। जिस प्रकार एक तैलचित्र, तैलकणों का सिर्फ समूह नहीं है बल्कि उससे भी अधिक है, जैसे एक पत्थर की मूर्ति संगमरमर के कणों का मात्र समूह नहीं है। जिस प्रकार एक मनुष्य घटकों तथा रक्त धमनियों का समूह मात्र न होकर उससे भी बहुत कुछ है। अगोचर ब्रह्म को किसने देखा ? पर हाड़-मांस के चलते फिरते गोचर ब्रह्म हमें एक मिनट के लिए भी अकेला छोड़ता। प्रत्येक नवजात शिशु अपार संभावनाएं लेकर धरती पर आता है। इसलिए बड़े जतन से हमें नैसर्गिक मानवाधिकारों के माध्यम से मनुष्य और उसके समूह की गरिमा और महिमा को ठेस नहीं लगने देना चाहिए।

## बजरी-मोरम के अवैध खनन को पकड़ने पहुंचे वन कर्मियों पर जानलेवा हमला

### ●सिर पर प्रहार कर वन कर्मियों से जबरन छुड़ा ले गये ट्रैक्टर-ट्रॉली

### तालबेहट पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की विवेचना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** वन क्षेत्र में बजरी व मोरम के चल रहे अवैध खनन को रोकने गयी वन विभाग की टीम पर खनन माफियाओं ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले से कुछ वन कर्मी घायल भी हो गये, वहीं दूसरी ओर अवैध खनन की गयी बजरी व मोरम से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छुड़ा ले गये। दबंगों द्वारा किये गये जानलेवा हमले के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। हमले के बाद तालबेहट रेंज में न्यूनतम वेतन कर्मी करतार सिंह पुत्र हरदयाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर तालबेहट पुलिस ने 11 नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

करतार सिंह ने बताया कि 7 दिसम्बर की शाम करीब 5 बजे वह सुनौरी वन ब्लाक में अपने वन कर्मियों के साथ गश्त कर रहा था। गश्त के दौरान वन क्षेत्र में एक 333 आईसर ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना नम्बर का वन क्षेत्र से बजरी व मुरम भर रहा था। गश्ती टीम को देखकर उक्त लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरी बजरी को खाली करके भागने लगे। वन टीम ने भाग रहे लोगों को घेराबंदी कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली को वन रेन्ज कार्यालय तालबेहट ला रहे थे, तभी रास्ते में ग्राम धमकना निवासी सोहन यादव पुत्र अमर सिंह, पिपरई के मजरा जामुनबाई निवासी लोकेन्द्र सिंह व गजेन्द्र पुत्रगण रूपसिंह, पिपरई निवासी छोटू व प्रमोद पुत्रगण जण्डैल सिंह, ग्राम सुनौरी के मजरा खैरों निवासी छोटू पुत्र पान सिंह, सुरेन्द्र पुत्र मुलायम सिंह यादव, कल्यान पुत्र राजाराम यादव, भज्जू उर्फ अजय पुत्र श्रीवन यादव, ग्राम सुनौरी के मजरा खदरी निवासी राजपाल पुत्र मूरत सिंह यादव, जयपाल पुत्र इमरत यादव ने एकराय होकर वन कर्मियों पर हमला बोल दिया और गालियां देते हुये जबरन ट्रैक्टर-ट्रॉली जबरन छुड़ाकर भाग गये। इस हमले में वन कर्मी करतार सिंह के सिर पर लाठी से मारकर घायल कर दिया और वहीं अन्य वन कर्मियों से मारपीट की गयी। तालबेहट कोतवाली पुलिस ने न्यूनतम वेतन कर्मी वन विभाग करतार सिंह की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 132, 121 (1), 115 (2), 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ताइक्वांडो नेशनल फेडरेशन कप राजस्थान के लिए चयनित हुई शोहरतगढ़ की अंकिता कन्नौजिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** कानपुर में पांच से सात दिसम्बर तक आयोजित हुये उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शोहरतगढ़ के पीपी एस पब्लिक स्कूल की प्रतिभागी छात्रा अंकिता कनौजिया का चयन नेशनल फेडरेशन कप जयपुर राजस्थान के लिए हुआ है। उपलब्धि हासिल करने वाली छात्रा के मंगलवार को वापस विद्यालय पहुंचने पर बालिका अंकिता को नपं चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल व जिला ताइक्वांडो एकेडमी सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह , प्रबंधक पाटेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव ने फूल माला व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। जिला ताइक्वांडो एकेडमी सिद्धार्थनगर के सचिव बजरंगी राजपूत एवं प्रशिक्षक रामनाथ पासवान के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया गया। संस्था के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह ने कहा ताइक्वांडो को केवल खेल ही नहीं बल्कि बच्चे ताइक्वांडो खेल के माध्यम से प्रदेश स्तर, राष्ट्रीय स्तर एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर, एवं वर्ल्ड ताइक्वांडो चैंपियनशिप खेल कर अपना भविष्य खेल के माध्यम से बना सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की एक अच्छी पहल से अब खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एवं वर्ल्ड चैंपियनशिप आदि में पदक जीत कर सरकारी नौकरी हासिल कर सकेंगें। कहा कि लड़के व लड़कियों को खेल में अभिरुचि रख आगे बढ़ना चाहिए। कहा कि शरीर के स्वस्थ्य रखने के साथ इस कौशल से जीवन सुरक्षा, आत्मरक्षा भी कर सकेंगें। अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह ने ताइक्वांडो खेल को बढ़ावा देते हुए कहा कि बालक बालिकाओं से कहा कि जो भी खिलाड़ी ताइक्वांडो खेलना चाहते हैं जिनकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है उन्हें संस्था में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसका समय शाम को 3 बजे से 5 बजे तक रहेगा । इस दौरान प्रधानाचार्य सूर्यकांत उपाध्याय, पाटेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव, शिक्षक संदीप कुमार ,बजरंगी राजपूत, रामनाथ पासवान आदि मौजूद रहे।

## शहीद महोत्सव मेला 2025 : बुंदेली लोकगीत निशा में उमड़ा जनसैलाब, जयसिंह राजा एंड ग्रुप ने बांधा समां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** अमर शहीद राजेंद्र शुक्ल की स्मृति में आयोजित शहीद महोत्सव मेला 2025 के चतुर्थ दिवस पर बुंदेली लोकगीतों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने वातावरण को लोक-सुगंध से भर दिया। बुंदेली लोकगीत निशा में जयसिंह राजा एंड ग्रुप द्वारा दिए गए मनमोहक प्रदर्शन ने दर्शकों का हृदय जीत लिया। कार्यक्रम स्थल पर देर तक तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती तथा अमर शहीद राजेंद्र शुक्ल के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित व्यवसायी सचिन सोनी तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर रानू तिवारी (प्रधान प्रतिनिधि कुआंघोशी), हाकिम सिंह (प्रधान किसरदा), भारत भोंडेले (प्रधान खटोरा), प्रधान छपरट, अभिनव तिवारी, विपिन राय तथा मुकेश श्रीवास्तव (पार्षद, शहीद वार्ड) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बुंदेली लोकगीत निशा में जयसिंह राजा तथा उनकी टीम ने देशभक्ति से ओतप्रोत लोकधुनों की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। गायिका वीणा पंडित और डॉली राजपूत ने भी अपनी मधुर लोकगायन शैली से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्शकों ने तालियों और उत्साह के साथ कलाकारों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्मृति समारोह सद्भावना समिति के पदाधिकारियों में ठाकुर धीरज सिंह सिकरवार, प्रदीप पाठक, राजेश श्रीवास्तव, कैलाश नारायण तिवारी, ठाकुर सूर्य प्रताप सिंह, बृजेश रिछारिया, दीपक तिवारी, संजय भौड़ेले, सचिन सोनी, जय हिन्द सिंघई, सतीश सिंघई, सुमित मिठया, पवन पटैरिया, बृजेश नायक, श्रीराम रैकवार, उमेश कुशवाहा, भरत कुशवाहा एवं राजू पेंटर का विशेष योगदान रहा। समारोह का कुशल संचालन पीयूष शुक्ला (गोलू) द्वारा किया गया।

## महिला के साथ पड़ोसी ने किया दुष्कर्म का प्रयास: विरोध करने पर मारपीट का आरोप, केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के गोल्हौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में सो रही महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। घटना सोमवार की रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। पीड़िता के अनुसार, रात में वह घर में सो रही थी तभी पड़ोसी ही उसके कमरे में घुस आया और गलत नीयत से छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की।शोरगुल सुनकर बाहर सो रही पीड़िता की सास मौके पर पहुंची तो आरोपी ने उन्हें भी धक्का देकर फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 106/25 के तहत धारा 333, 74, 115(2), 352 बीएनएस में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबन्ध में प्रभारी थानाध्यक्ष नंदलाल यादव ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही हैं और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दहेज की खातिर बहू को घर से निकाला

### ●महिला की तहरीर पर ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला गोविन्द नगर निवासी रंजना पत्नी रवि कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 18 अप्रैल 2025 को हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार गोल्डन रोज पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले रवि पुत्र प्रताप से सम्पन्न हुयी थी। शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत अनुसार नकदी, गृहस्थी का सामान व सोने-चांदी के आभूषण दिये थे। शादी के बाद उसका पति रवि, सास रामसखी, ससुर प्रताप, ननद कृष्णा, प्रीति, कुसुम, मामा ससुर नारायण, राजू, जेठ कमलेश और उनकी पत्नी लक्ष्मी, नन्दोई राजेश, मनीष, गनेश ने विवाह के बाद से दहेज कम मिलने का उलाहना देते हुये प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि 7 दिसम्बर को उक्त लोगों ने उसे कमरे में बंद कर दिया, वह काफी चिल्लाती रही, लेकिन उक्त लोगों ने उसकी एक न सुनी और किसी तरह वह मौका पाकर भाई से सम्पर्क किया, जब उसका भाई आया तो उसका पर्स इत्यादि सामान ससुरालियों ने ले लिया, जिसके बाद ससुरालियों ने उसे घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 351 (3) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की पिटाई के वायरल वीडियो में 6 के विरुद्ध मुकदमा



**कानपुर।** दिनांक 06.12.2025 को ग्राम मकरंदपुर में वीरू उर्फ राहुल पाल पुत्र रामआसरे के साथ मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस के अनुसार जांच से पाया गया कि राहुल पाल को पुरानी रंजिश को लेकर गलत मुकदमे में फंसाने के उद्देश्य से शैलेंद्र यादव ने स्वयं की अवैध असलहे को जवरियन उसी को लगा दिया था और वीडियो बना ली थी प्रकरण के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा शैलेंद्र यादव आदि 6 नफर के विरोध अभियोग पंजीकृत किया गया है विवेचना प्रचलित है । उपरोक्त घटना से सम्बंधित स्थल का पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा निरीक्षण किया गया एवं परिजनों से वार्ता कर शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### शार्ट सर्किट से लकड़ी लदी डीसीएम बनी आग का गोला



**घाटमपुर।** कानपुर प्रयागराज नेशनल हाईवे पर बीती देर रात शार्ट सर्किट के कारण लकड़ी लदी एक डीसीएम भीषण आग लग गई,यह घटना महाराज पुर थाना क्षेत्र के पुरवा मीर गांव में छिवली नदी के पास रात करीब 10 बजे के आसपास डीसीएम में आग लगीं, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, और पूरी डीसीएम आग का गोला बन गई। डीसीएम चालक छोटू यादव पुत्र कल्लू यादव ने कूद कर अपनी जान बचाई, डीसीएम मालिक विवेक गुप्ता ने बताया कि डीसीएम कानपुर से खजुहा आम की लकड़ी लादने गई थी ,, बिदकीं थाना क्षेत्र के कोरसम गांव निवासी ठेकेदार महावीर की लकड़ी इसमें लोड की गई थी जिसे कानपुर के झकरकटी मंडी ले जाया जा रहा था, जैसे ही डीसीएम छिवली नदी के पास पहुंची, अचानक केबिन से धुआं निकलने लगा, कुछ ही देर में आग फैल गई,चालक ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी, महाराज पुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पुलिस बल और पीआरवी वाहन के साथ मौके पर पहुंचे, फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है,सभी सुरक्षित है, मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है, एनएचएआई की टीम ने क्षतिग्रस्त वाहन को हाइवे से हटवा कर किनारे करवाया, जिसके बाद नेशनल हाईवे पर यातायात सुचारू हो सका।

### बिना मान्यता चल रहे स्कूल, शिक्षा विभाग खामोश

**बिना मान्यता चल रहे स्कूलों पर नहीं हो रही प्रभावी कार्रवाई**

**सिद्धार्थनगर।** जिले में बिना मान्यता के विद्यालय बेरोकटोक चल रहे हैं। सिद्धार्थनगर जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों का संचालन हो रहा है। साल दर साल ऐसे स्कूलों की संख्या बढ़ती रहती है, लेकिन सब कुछ जानते हुए भी अधिकारी खामोश रहते है। कम पढ़े लिखे बेरोजगार युवकों को बेहद ही कम पारिश्रमिक पर शिक्षक के रूप में तैनात कर देते हैं। इतना ही नहीं कोचिंग का रजिस्ट्रेशन करवा कर भी लोग स्कूल चला रहे हैं। हर साल शिक्षा विभाग की ओर से अभियान चलाकर बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद कराने की बात तो कही जाती है। इसके बाद भी गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की संख्या कम होने के बजाए बढ़ती रहती है। इससे विभागीय कार्यशैली पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहा है। कही पूरा स्कूल मान्यता विहीन है तो कही हाई स्कूल तक मान्यता और कक्षा संचलन इंटर तक , कही इंटर तक साहित्यिक वर्ग की मान्यता है , पढ़ाई हो रही है विज्ञान वर्ग की जिसकी मान्यता ही नहीं है। कक्षा आठ तक मान्यता है और चला रहे है हाई स्कूल तक । यह आरोप समाजसेवी अमर नाथ अग्रहरी, गौतम मिश्र, विरेंद्र पांडेय आदि ने लगाया है। लोगो का कहना है की गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ कार्यवाही के नाम पर विभागीय स्तर से सिर्फ नोटिस जारी कर दिए जाते है जो महज औपचारिकता बनकर रह गया है। इस संबन्ध में जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी जांच में जहां भी गड़बड़ी पाई जाएगी वहां कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# एनयूपीपीएल ने रचा नया कीर्तिमान यूनिट -2/660 मेगावाट का सीओडी सफलतापूर्वक हासिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** एनएलसी इंडिया लिमिटेड तथा उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड/एनयूपीपीएल/ ने आज एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ा, घाटमपुर स्थित 3660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना की यूनिट -2/1+660 मेगावाट/का वाणिज्यिक संचालन तिथि/सीओडी/सफलतापूर्वक हासिल कर लिया गया। यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्रसन्न कुमार मोटुपल्ली, अध्यक्ष -सह प्रबंध निदेशक, एनएलसी इंडिया लिमिटेड की गरिमामयी उपस्थित में संपन्न हुई,इस अवसर पर एनयूपीपीएल कम्युनिटी हॉल में सभी अधिकारियों के साथ रात्रि भोज तथा मीडिया संवाद का आयोजन किया गया, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए प्रसन्न कुमार मोटुपल्ली, सीएमडी, एनएलसीआईएल ने कहा कि, एनयूपीपीएल की यह उपलब्धि उद्योग जगत में दुर्लभ है, प्रत्येक अधिकारी, इंजीनियर, पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी ने दिन रात एक करके जो समर्पण और मेहनत दिखाई है ,उसका परिणाम आज हमारे सामने



है, टीम द्वारा किया गया, कार्य हर मोर्चे पर गुणवत्ता पूर्ण सराहनीय एवं अनुकरणीय है, सीएमडी महोदय ने जिला प्रशासन एवं स्थानीय लोगों का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए कहा, मैं जिला प्रशासन तथा घाटमपुर एवं आसपास के क्षेत्र के सभी निवासियों को हृदय से धन्यवाद देता हूं, परियोजना को उनका बिना शर्त समर्थन और एनयूपीपीएल में पूर्ण विश्वास ही इस सफलता का एक बड़ा कारण है, उन्होंने यूनिट -3 के शेष कार्यो के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे एनयूपीपीएल एवं एनएलसीआईएल की टीम पर पूर्ण विश्वास है, यह टीम कोई भी चुनौती स्वीकार कर सर्वश्रेष्ठ परिणाम दे सकती है, इसके पश्चात एम,वेकटाचलम, निदेशक/परियोजनाएं/एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने भी संबोधन किया, उन्होंने कहा कि मैं दृढ़ता से मानता हूं कि एनयूपीपीएल की युवा एवं उर्जावान टीम ने अथक परिश्रम किया है , इसी का परिणाम है कि आज यूनिट*-2 का सीओडी , संभव हो सका, मुझे पूरा विश्वास है कि यही बड़ी टीम निकट भविष्य में और भी और भी बड़ी सफलताएं हासिल करेगी,और सबसे प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सभी निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करेंगी , यूनिट -2 के सीओडी के साथ अब घाटमपुर ताप विद्युत परियोजना की कुल 1320 , मेगावाट क्षमता/यूनिट -1 एवं यूनिट*2/वाणिज्यिक संचालन में आ चुकी है, निर्धारित समय से पहले एवं पहले दिन से ही 100% आउटपुट के साथ कमीशनिंग इस परियोजना की उत्क्रष्ट कार्यान्वयन क्षमता, बेहतरीन इंजीनियरिंग एवं टीम भावना का जीता जागता प्रमाण है, एनयूपीपीएल, कोयला मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार,सभी सामविधिक सभी प्राधिकरणो,, ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओ, तथा सबसे बढ़कर अपनी समर्पित टीम को हार्दिक धन्यवाद देता हूं, कंपनी यूनिट - 3 को शीघ्र अतिशीघृ पूर्ण करने एवं देश की ऊर्जा आवश्यकताओं में महत्वपूर्ण योगदान दे ने के लिए पूर्णता कटिबद्ध है।

### किसान पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना का उठाये लाभ

**प्रतापगढ़।** भूमि संरक्षण अधिकारी-प्रथम चमन सिंह ने बताया है कि कृषि विभाग (भूमि संरक्षण अनुभाग) में सरकार द्वारा किसानों के हितार्थ पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के अन्तर्गत कुल 600 हेक्टेयर भूमि का चयन बिहड़ बंजर सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत मिट्टी कटाव रोकने एवं वर्षा जल संरक्षण हेतु अवरोध बांध समोच्चरेखीय एवं मार्जिनल बांध का कार्य किया जाता है। चयनित ग्रामों में कार्य के उपरान्त फसल उत्पादन बढ़ाने हेतु प्रति हेक्टेयर रूपये 3500 का अनुदान कृषकों को दिया जा रहा है। उन्होने जनपद प्रतापगढ़ में परियोजना क्षेत्र के चयनित कृषक भाईयों से अनुरोध किया है कि संचालित योजना का लाभ प्राप्त कर फसल उत्पादन में अपनी सहभागिता बढ़ाकर अधिकाधिक लाभ उठाये।

# एडीजी आलोक सिंह के नेतृत्व में आईजीआरएस निस्तारण में कानपुर जोन फिर से प्रथम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह के नेतृत्व में गुणवत्ता पूर्ण आईजीआरएस निस्तारण में कानपुर जोन ने उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण, त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाता रहा है। इस प्राथमिक उद्देश्य के शत् प्रतिशत क्रियान्वयन पर लगातार प्रभावी नियंत्रण/पर्यवेक्षण के उद्देश्य से शासन द्वारा जनसुनवाई समाधान प्रणाली(IGRS) पोर्टल संचालित है। उक्त मूल्यांकन के आधार पर थाना प्रभारी से लेकर अपर पुलिस महानिदेशक स्तर तक के अधिकारी की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग निर्धारित की जाती है। माह नवम्बर-2025 में भी जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के अर्न्तगत प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा



नवीन मूल्यांकन के आधार पर प्रदेश स्तर पर की गयी। माह नवम्बर-2025 की मूल्यांकन समीक्षा में कानपुर जोन, कानपुर को जनसुनवाई समाधान प्रणाली(IGRS) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निष्पादन में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुयी है। कानपुर जोन के पर्यवेक्षणाधीन कानपुर परिक्षेत्र, झॉसी परिक्षेत्र एवं जनपद फतेहगढ़ व कन्नौज तथा जोन के कुल 75 थानों को भी जनसुनवाई समाधान प्रणाली(IGRS) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुयी है।

### पुनीत प्राइवेट आईटी लालगंज अझारा में रोजगार मेले का आयोजन 11 दिसम्बर को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ द्वारा 11 दिसम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन पुनीत प्राइवेट आईटीआई लालगंज अझारा परिसर में किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की 08 कम्पनियों के द्वारा आपरेटर/पैकर्स एण्ड मुवर्स, ट्रेनी, ट्रेनी आपरेटर, पैकर्स एण्ड मुवर्स/स्टोर एसोसिएट, बेलनेस एडवाइजर, एरिया आफिसर, आपरेटर ट्रेनी के विभिन्न रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सीवी एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in/ncs.gov.in पर आनलाइन पंजीयन कराना है।

# ओवरलोड, फिटनेस फेल, प्रेशर हॉर्न पर चला हंटर, 52 चालान 8.78 लाख का जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार भोर में बिल्हौर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और प्रवर्तन को लेकर संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। तापमान गिरने के बावजूद प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग की टीम तड़के से ही मुख्य मार्गों पर मुस्तैद रही। अभियान में एसडीएम बिल्हौर, एआरटीओ प्रवर्तन, एसीपी बिल्हौर के साथ बिल्हौर और ककवन थानों की पुलिस फोर्स शामिल रही। जांच के दौरान 14 ओवरलोडेड वाहनों को मौके पर सीज किया गया, जबकि 52 वाहनों के चालान विभिन्न अनियमितताओं पर किए गए। ओवरलोड, अल्टरेशन, टायरों की कम गहराई, प्रेशर हॉर्न से शोर प्रदूषण, फिटनेस फेल, बीमा फेल और टैक्स फेल जैसी गंभीर कमियां सामने आईं। कुल 8,78,500 का जुर्माना वसूला गया।



अधिकारियों ने कहा कि भारी वाहनों की निगरानी और दस्तावेज़ सत्यापन अब और कड़े रूप में होंगे। एसडीएम बिल्हौर संजीव दीक्षित ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर तड़के शुरू किया गया यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। ओवरलोड, फिटनेस फेल और प्रेशर हॉर्न जैसे खतरनाक उल्लंघनों पर शून्य सहनशीलता की नीति जारी रहेगी। सड़क सुरक्षा नियमों के पालन में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होने दी जाएगी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधनू के डॉक्टर की सड़क हादसे में मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** कानपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधनू में कार्यरत चिकित्सक डॉ अवधेश कुमार यादव का सड़क हादसे में मौत हो गई, सोमवार दोपहर फतेहपुर के छिवलहा कस्बे में उनकी कार और एक एटीएम कैश वैन की टक्कर हो गई थी , जिसमें डॉ अवधेश कुमार यादव और उनके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान डॉ अवधेश ने दम तोड दिया। घटना के समय डॉ अवधेश अपनी मां क्रष्णा देवी और पिता रंगीलाल यादव, सदानंद महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य,के साथ स्विफ्ट कार से बिधनू सीएचसी डियूटी पर जा रहें थें छिवलहा स्थिति व्रदावन गेस्ट हाउस के सामने एक तेज़ रफ़्तार एटीएम कैश वैन ने उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, टक्कर से रंगीलाल यादव का एक पैर टूट गया, जबकि



मां क्रष्णा देवी के एक पैर और हाथ में फ्रेक्चर आया , डॉ अवधेश को आंतरिक चोटे अधिक होने के कारण उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी, उन्हें फतेहपुर के एक निजी अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया, जहां एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उनका निधन हो गया, बिधनू सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ नीरज सचान ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया, उन्होंने कहा कि पूरा सीएचसी स्टाफ इस कठिन समय में डाक्टर अवधेश के परिवार के साथ है, डॉ अवधेश के निधन के बाद सीएचसी स्टाफ द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के अन्तर्गत थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा 70 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान अभियुक्त अमर बहादुर पुत्र रामदास उर्फ दासे निवासी मेढ़ौना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 70 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

# पी0एम0 कुसुम योजनान्तर्गत कृषक 15 दिसम्बर तक सोलर पम्प की करें आनलाइन बुकिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया है कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी0एम0 कुसुम) योजनान्तर्गत सोलर पम्प की बुकिंग हेतु विभागीय पोर्टल 15 दिसम्बर तक खुला रहेगा। इस हेतु कृषक का पंजीकरण विभागीय वेबसाइट पर होना अनिवार्य है, जिसके अनुदान पर सोलर पम्प हेतु बुकिंग करें, लिंक पर क्लिक करके आनलाइन बुकिंग की जा सकती है। आनलाइन बुकिंग के साथ रूपये 5000 टोकन मनी के रूप में आनलाइन जमा करना होगा। पोर्टल पर जनपदवार 02 एचपी एवं 03 एचपी काल क्ष्य सम्मिलित रूप से प्रदर्शित होगा। कृषक अपनी आवश्यकतानुसार सोलर पम्प का चयन कर आगे बढ़ सकते है। 2 एचपी हेतु 4 इंच, 3 एवं 5 एचपी हेतु 6 इंच तथा 7.5 एवं 10 एचपी हेतु 8 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है। लक्ष्य से अधिक बुकिंग के उपरान्त कृषकों का चयन ई-लाटरी के माध्यम किया जायेगा। किसान 15 दिसम्बर तक सोलर पम्प की बुकिंग कर सिंचाई हेतु सोलर पम्प का लाभ प्राप्त करें।

उन्होने बताया है कि 2 एचपी एसी सरफेस पम्प प्रति इकाई की लागत रूपये 164322 है जिसमें राज्यांश एवं केन्द्रांश अनुदान 98593, टोकन मनी 5000 एवं कृषक अंश 60729 रूपये, 2 एचपी डीसी सरफेस पम्प प्रति इकाई की लागत रूपये 164322 है जिसमें राज्यांश एवं केन्द्रांश अनुदान 98593, टोकन मनी 5000 एवं कृषक अंश 60729 रूपये, 2 एचपी डीसी सबमर्सिबल सोलर पम्प प्रति इकाई लागत रूपये 167025 जिसमें राज्यांश एवं केन्द्रांश अनुदान 100215, टोकन मनी 5000 एवं कृषक अंश 61810 तथा 2 एचपी एसी सबमर्सिबल सोलर पम्प प्रति इकाई लागत रूपये 166578 जिसमें राज्यांश एवं केन्द्रांश अनुदान 99947, टोकन मनी 5000 एवं कृषक अंश 61631 रूपये निर्धारित है। 3 एचपी डीसी सबमर्सिबल सोलर पम्प प्रति इकाई लागत 222701 रूपये है जिसमें राज्यांश एवं केन्द्रांश अनुदान 133621, टोकन मनी 5000 एवं कृषक अंश 84080 रूपये एवं 3 एचपी एसी सबमर्सिबल सोलर पम्प प्रति इकाई लागत 220523 रूपये है जिसमें राज्यांश एवं केन्द्रांश अनुदान 132314, टोकन मनी 5000 एवं कृषक अंश 83209 रूपये निर्धारित है। 5 एचपी एसी सबमर्सिबल सोलर पम्प प्रति इकाई लागत 313397 रूपये है जिसमें राज्यांश एवं केन्द्रांश अनुदान 188038, टोकन मनी 5000 एवं कृषक अंश 120359 रूपये निर्धारित है। 7.5 एचपी एसी सबमर्सिबल सोलर पम्प प्रति इकाई लागत 424972 रूपये है जिसमें राज्यांश एवं केन्द्रांश अनुदान 254983, टोकन मनी 5000 एवं कृषक अंश 164989 रूपये निर्धारित है। इसी प्रकार 10 एचपी एसी सबमर्सिबल सोलर पम्प प्रति इकाई लागत 533610 रूपये है जिसमें राज्यांश एवं केन्द्रांश अनुदान 254983, टोकन मनी 5000 एवं कृषक अंश 273627 रूपये निर्धारित है। कृषक का पंजीकरण विभागीय वेबसाइट https://agriculture.up.nic.in पर करा सकते है।

# चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि विश्वविद्यालय के ग्राउंड में महकेगी जाड़े की घरेलू मिठास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** इस बार सर्दियों की वही देसी खुशबू, जो हर कानपुरिया घर में जाड़ा लगते ही रसोई से आँगन तक फैलती है, 11 दिसंबर को चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ग्राउंड पर एक साथ महसूस की जाएगी। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की पहल पर आयोजित होने वाला 'लोक परंपरा लड्डू बाज़ार' प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। तिल-गुड़ की सोंधी सुगंध, सौंठ-पंजीरी की गर्माहट, गोंद-मेवा की करारी मिठास और बाजरा-रागी जैसे मिलेट से बने ऊर्जा-वर्धक लड्डुओं की झांकियाँ इस आयोजन को विशिष्ट स्वर देंगी। सर्दियों की पौष्टिक परंपराओं का सामूहिक उत्सव थीम पर आधारित यह लड्डू बाज़ार उन घरेलू व्यंजनों को फिर से केंद्र में लाने का प्रयास है, जो पीढ़ियों से कानपुर के जाड़े की पहचान रहे हैं।

तिल-गुड़ के लड्डू, जो शरीर को गरम रखते हैं; गोंद के लड्डू, जिनका कुरकुरापन ताकत बढ़ाता है; और बाजरे-रागी के लड्डू, जो अपनी मिट्टी-सी महक से हर उम्र के लोगों को भाते हैं—इन सभी का स्वाद एक ही मंच पर उपलब्ध होगा। इन लड्डुओं की खासियत यह है कि वे स्वाद के साथ-साथ सेहत के पारंपरिक आधार भी हैं, और इसी विरासत को सहेजने का संदेश यह आयोजन देने जा रहा है। लड्डू बाज़ार में स्वयं-सहायता समूह, स्थानीय महिलाएँ और पारंपरिक घरेलू भोजन से जुड़े लोग अपने घरों में बनने वाले विभिन्न प्रकार के लड्डू प्रस्तुत करेंगे। झांकियाँ, स्वाद-विनिमय और सामग्री व विधियों पर संवाद कार्यक्रम को सहभागी और जीवंत बनायेंगे। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा संजय सिंह ने कहा कि यह सिर्फ मिठास का उत्सव नहीं, बल्कि उन शीतकालीन परंपराओं का सम्मान है, जो आज भी घरों की रसोई में सेहत की विश्वसनीय धरोहर बनी हुई हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जाड़े के ये देसी लड्डू हमारी सांस्कृतिक पहचान और पोषण परंपरा का हिस्सा हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अधिक से अधिक लोग लड्डू बाज़ार में शामिल होकर इस विरासत को आगे बढ़ाने में सहभागिता करें।

# सपा का आरोप कानपुर की विधान सभा क्षेत्रों से नौ लाख मतदाताओं के नाम एस.आई.आर गणना प्रपत्र से हटे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर एस.आई.आर थिंक समिति की बैठक सपा हाल नवीन मार्केट मे दिन मे 3 बजे सपा अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता मे आरंभ हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कानपुर महानगर की दसो विधान सभा क्षेत्रो से लगभग नौ लाख से अधिक मतदाता एस.आई.आर गणना प्रपत्र फार्म भरने से वंचित रह गये है जिसमे अपसेन्ट तथा सिफ्टेड की सख्या ज्यादा है अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन मे कहा कि बिल्हौर विधान सभा 80 हजार से अधिक बिठूर विधान सभा मे 40 हज़ार से अधिक कल्याणपुर विधान सभा मे 1,10,000 से अधिक गोविंद नगर विधान सभा से 96 हजार, सीसामऊ विधान सभा मे 60 हजार,आर्य नगर विधान सभा मे 97 हजार से अधिक किदवई नगर विधान सभा मे 75 हजार के आस पास कैंट विधान सभा मे एक लाख 20 हजार के आस पास महाराजपुर से एक लाख 5 हजार के आस पास सिफ्टेड, अपसेन्ट का नाम गणना प्रपत्र फॉर्म जमा करने से वंचित रह गये इसके अलावा एक लाख से अधिक मृतको का नाम भी प्रपत्रो अलग हो गया है।

अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन मे कहा थिंक समिति की एस.आई.आर आकंलन रिपोर्ट सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी को भेज दी गई है चुनाव आयोग तथा प्रशासन से मांग की है कि नौ लाख के आस पास जो गणना प्रपत्र भरने से वंचित रह गये है उनका भौतिक सत्यापन कराकर गणना प्रपत्र भरवाने का निर्देश करे ताकि कोई मतदाता वंचित न रह जाये। बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, इशरत इराकी, आनंद शुक्ला, शबाब अबरार, दीपक खोटे शादाब आलम मौजूद रहे।

# विकास भवन में जिला स्तरीय चयन एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय चयन एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास खण्ड स्तर पर प्राप्त आवेदनों के उपरान्त विकास खण्ड स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा अनुमोदित किए गए लाभार्थियों का साक्षात्कार भी आयोजित किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु शासन द्वारा अनुसूचित जाति के 24 तथा सामान्य वर्ग के 35 लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अनुपालन में कुल 69 लाभार्थियों को विकास खण्ड स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदित कर जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया



गया था। समिति द्वारा सभी लाभार्थियों का साक्षात्कार कर पात्र व्यक्तियों का चयन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि योजना अन्तर्गत लाभार्थियों के चयन में विनिर्माण (द्वितीयक) तथा सेवा उद्योग (तृतीयक) क्षेत्र में इच्छुक एवं पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि लाभार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से व्यवसायिक सहायता प्रदान की जा सके तथा उनके माध्यम से दो अतिरिक्त व्यक्तियों को अप्रत्यक्ष रूप से भी रोजगार/लाभ उपलब्ध कराया जा सके।

बैठक के अन्त में मुख्य विकास अधिकारी ने चयनित लाभार्थियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ प्रदान करने तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तथा समयबद्ध रूप से सम्पादित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। बैठक में जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय सहित लीड बैंक अधिकारी, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी, प्रबंधक (आरसेटी), जिला प्रबंधक (सीएससी), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य तथा सभी विकास खंडों के खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) उपस्थित रहे।

### पैमाइश के बाद जमीन पर लगे पत्थर को क्षतिग्रस्त करने का आरोप, दी तहरीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीन की पैमाइश के बाद लगाये गये पत्थर को क्षतिग्रस्त करने व जबरन जमीन पर खेती कार्य से मना करने के आरोप को लेकर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे नेवल राजमतीपुर गांव निवासी लालता प्रसाद पाण्डेय पुत्र रामअवध ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि विवादित जमीन पर कोर्ट द्वारा उसके पक्ष में आदेश देने के बाद जमीन की पैमाइश करके राजस्वकर्मियों द्वारा पत्थर लगवा दिया गया। आरोप है कि विपक्षी द्वारा जबरन पत्थर उखाड़ दिया गया और उक्त जमीन पर खेती करने नहीं दे रहे हैं। आरोपीगण जानलेवा धमकी भी दे रहे हैं। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी।

# सौतेली मां ने गला दबा कर की थी तीन साल की मासूम बच्ची की हत्या, गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर ।** जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के चौरा बनगवा (चकचई) गांव में एक सौतेली मां ने अपनी तीन वर्षीय बेटी की गला दबा कर की हत्या । पुलिस ने इस मामले में आरोपी सौतेली मां को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। यह घटना बीते 7 दिसंबर को सामने आई। गांव निवासी महेश अग्रहरी अपनी तीन वर्षीय बेटी श्रेया को अपनी दूसरी पत्नी खुशी के पास छोड़कर खलीलाबाद व्यापार से जुड़े कार्य के लिए जा रहा था की इसी बीच बेंवा चौराहे पर पहुंचने पर उन्हें पत्नी खुशी का फोन आया कि बेटी की तबीयत बहुत खराब है। महेश घर लौटे तो उन्होंने बेटी के शरीर पर कुछ निशान देखे। वह



श्रेया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंवा ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महेश अग्रहरी को संदेह हुआ कि उनकी बेटी की मौत सौतेली मां खुशी द्वारा मारपीट के कारण हुई है।

घटना की जानकारी डायल 112 पर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ ही समय में भवानीगंज थानाध्यक्ष बृजेश सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले का 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश किया। सात दिसंबर, 2025 को थाना स्थानीय पर किया। 7 दिसंबर, 2025 को थाना पर मुकदमा अपराध संख्या 144/2024 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। अभियुक्ता खुशी पत्नी महेश अग्रहरी (उम्र 21 वर्ष), निवासी चौराबनगवा, थाना भवानीगंज को 9 दिसंबर, 2025 को सुबह 10:00 बजे बयारा पेट्रोल पंप के आगे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। अभियुक्ता को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह, कांस्टेबल अरविंद कुमार बिंद, कांस्टेबल धनंजय सिंह और महिला कांस्टेबल उर्मिला शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सिमेन छापरी में ट्रक और ट्रैक्टर के बीच आरपार की टक्कर, ट्रैक में लगी भयंकर आग।दो गंभीर रूप से घायल



**असम धेमाजी।** कल रात सिमेन छापरी के राष्ट्रीय राजमार्ग 15 पर एक भयानक सड़क हादसा हुआ, खबर अनुसार UAS 70 C 3435 नंबर के एक ट्रैक ने धान ले जा रहे ट्रैक्टर के आरपार का टक्कर हुआ। टक्कर इतना ही भयानक था कि ट्रैक्टर ट्रैक



के नीचे आ गई और कुछ दूर तक घिसटने कारण ट्रैक पलट गई और ट्रैक में आग लग गई। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक नोलेन स्वर्गीयरी26 और ट्रैक्टर में चढ़कर आ रही दा धरा माधुरी गांव की फुलेश्वरी दत्त 38 गंभीर रूप से घायल हो गई। कुछ समय बाद सिलापथार से अग्निशमन के गाड़ी की मदद से आग को नियंत्रण में लाया गया।

### विश्वविद्यालय की भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ छात्र संगठनों की आवाज स्वागत योग्यः कैलाश तिवारी



**शहडोल।** पंडित शंभू नाथ शुक्ला विश्वविद्यालय की भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ छात्र संगठन ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया सहित अनेक नौजवानों ने जो आवाज उठाई है उसका स्वागत करते शासकीय महाविद्यालय शहडोल के पूर्व अध्यक्ष कैलाश तिवारी ने कहा है कि भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ हमेशा आवाज उठाना चाहिए। कैलाश तिवारी ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ने क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति छात्रों सहित सभी के लिए पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय की स्थापना कर कल्पना की थी की संभाग में शिक्षा का स्तर मैं सुधार होगा और यहां के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर नाम। कमायगे आएंगे। लेकिन जब विश्वविद्यालय की परीक्षाएं ही भगवान भरोसे चल रही हो तो ऐसे में छात्रों के भविष्य का अंदाजा लगाया जा सकता है। कैलाश तिवारी ने कहा है कि छात्र संगठनो ने जो आंदोलन का शंखनाद किया है। उसको लगातार जारी रखना चाहिए क्योंकि जो विश्वविद्यालय प्रशासन है। वह इतनी जल्दी अपनी भ्रष्ट व्यवस्था को बदलने वाला नहीं है।

### सडक हादसे में घायल सिपाही की इलाज के दौरान मौत



**हमीरपुर-** सुमेरपुर क्षेत्र के टेढ़ा गांव निवासी एक पुलिस आरक्षी सोमवार को छुट्टी से वापस जाते समय बांदा के पास हादसे का शिकार हो गया। बांदा से इलाज को कानपुर ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मंगलवार को शाम पैतृक गांव में सीओ सदर की मौजूदगी में सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया।

टेढ़ा गांव निवासी लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता का पुत्र कन्हैया गुप्ता 2018 में पुलिस में भर्ती हुआ था। मौजूदा समय में यह मिर्जापुर में तैनात था। आठ दिसंबर सोमवार को यह छुट्टी से वापस ड्यूटी के लिए बाइक से मिर्जापुर के लिए निकाला था। शाम करीब 4:00 बजे इसको बांदा शहर के शुकुल कुआं के समीप किसी वाहन ने टक्कर मार दी और कुचलता हुआ निकल गया। इस घटना में सिपाही गंभीर रूप से घायल हुआ था। रात को बांदा से कानपुर इलाज के लिए ले जाते समय बिंदकी के पास उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को दोपहर बाद शव गांव लाया गया। यहां पर सीओ सदर राजेश कमल के नेतृत्व में जवान को सलामी देकर सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष अनूप सिंह, हलका इंचार्ज भानुप्रताप, ग्राम प्रधान नोखेलाल यादव, सौरभ सिंह, अनिल यादव, जुग्गीलाल गुप्ता आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# संकुल प्राचार्य राजेश मिश्रा की मनमानी इतनी की विद्यार्थिय परेशान

### ● आरटीआई के नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आए संकुल प्राचार्य



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शहडोल।** जिले के विद्यालयों की सुरक्षा और मापदंडों के अनुसार नहीं चलने वाले कि संख्या इतनी की पूरा शिक्षा विभाग को मैदान पर उतरना होगा। जी हाँ हम बात कर रहे करकटी हाई स्कूल की जहाँ की व्यवस्था देख रहे हैं खुद संकुल प्रभारी प्राचार्य राजेश मिश्रा और उनके सहयोगी पंकज शर्मा जो कि सीएसी के पद पर विराजमान हैं। यहाँ पर बच्चों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ हो रहा हैं क्योंकि जहाँ सुरक्षा नहीं शौचालय गंदगी के परिपूर्ण हो वहाँ बच्चों को कैसी शिक्षा मिलती होंगी । वो तो जांच का विषय हैं। अब देखना यह होगा कि जिले के शिक्षा अधिकारी क्या इस विद्यालय को अपने नजरो से देख रहे हैं कि अनदेखा कर रहे।

**आरटीआई के नियमों को दरकिनार करते हैं संकुल प्राचार्य करकटी**

आरटीआई की नियमों को दरकिनार करते दिखे राजेश मिश्रा। आपको बता की इस विद्यालय में फर्जी बिलों का लगातार शिकायत आने के बाद आरटीआई लगाया गया। लेकिन एक माह पूर्ण होने के बाद भी यहाँ के प्रभारी प्राचार्य के द्वारा जानकारी साझा नहीं किया। उसके बाद प्रभारी के द्वारा एक लेटर व्हाट्सएप के माध्यम यह कहना कि आप का आवेदन निरस्त कर दिया गया हैं।

**इनका कहना हैं** जब इस संबंध में बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि अगर उनके द्वारा ये किया गया तो बिल्कुल गलत हैं, और जानकारी उपलब्ध करवाना ही अधिकारी का अधिकार हैं, और आप प्रथम अपील के पात्र कर सकते हैं बीइओ एसपी चंदेल सोहागपुर

## अधेड़ व्यक्ति की पिटाई का सीसीटीवी फुटेज वायरल,चार अभियुक्तों पर एफआईआर दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** सदर कोतवाली क्षेत्र के कजियाना मुहल्ले में एक 52 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की पिटाई का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने चार युवकों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना का सीसीटीवी फुटेज तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें चार युवक एक अधेड़ को बेरहमी से पीटते दिखाई दे रहे हैं। घटना 7 दिसंबर की है, जब परशुराम नामक व्यक्ति अपने घर के बाहर बारातशाला के पास आग ताप रहा था। उसी दौरान चार युवक वहां पहुंचे और बिना किसी बहस के उसे लात-घूंसे और थप्पड़ों से मारना शुरू कर दिया। फुटेज में करीब एक मिनट 42 सेकंड तक लगातार पिटाई करते हुए देखा जा सकता है। आरोपियों की बाइक भी पास ही खड़ी दिखती है, जिसे स्टार्ट कर वे घटना के बाद मौके से फरार हो गए।

स्थानीय लोगों के अनुसार, परशुराम पर मुहल्ले की एक महिला से अभद्रता करने का आरोप लगाया गया था, जिसे लेकर युवकों ने यह हमला किया। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले में दोनों पक्षों की जांच की जा रही है और तथ्यों की पुष्टि के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

पीड़ित परशुराम की तहरीर पर पुलिस ने शिवम, कमलेश, कुलदीप और कालूराम नाम के चार युवकों के खिलाफ नामजद



रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज भी साक्ष्य के रूप में लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मामले में निष्पक्ष और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## युवक का संदिग्ध हालत में शव मिला, चोटों के निशान से फैली सनसनी

**हमीरपुर-** चिकासी थाना क्षेत्र के मंगरौठ मोड़ के पास मंगलवार रात एक 27 वर्षीय युवक का संदिग्ध अवस्था में पड़ा शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान पाए जाने से घटना को लेकर कई तरह की आशंकाएं गहराने लगी हैं। मृतक की पहचान अतरा गांव निवासी राजकुमार उर्फ कल्लू (पुत्र बिरंची) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, राजकुमार सोमवार सुबह करीब 7 बजे घर से पैदल निकला था। देर रात लगभग 12:30 बजे अचानक सूचना मिली कि उसका शव सड़क किनारे मंगरौठ मोड़ के पास पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हुई होगी। हालांकि चोटों के निशान और घटना का समय देखते हुए पुलिस अन्य



बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। मृतक के पिता बिरंची ने बताया कि राजकुमार अविवाहित था और मेहनत-मजदूरी कर परिवार की आजीविका में सहयोग करता था। राजकुमार अपने पीछे मां हिरिया, भाई रमेश और रामलखन, बहनें विनीता और कपूरी सहित परिवार के अन्य सदस्यों को छोड़ गया है। चिकासी थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से गांव में शोक की लहर है, जबकि पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## नौ महीने बाद दर्ज हुआ चोरी का मुकदमा

**हमीरपुर-** चोरी की घटना की सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकाडिंग बतौर साक्ष्य मौजूद होने के बाद भी चोरी का मुकदमा नौ महीने बाद दर्ज होना अपने आप में चर्चा का विषय बना हुआ है। मौदहा कस्बा के सिचौली पुरवा मुहल्ला निवासी रामखिलावन पुत्र शिवपाल ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि, वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करने का काम करता है।बीते तेरह मार्च की रात मोहल्ले के कुलदीप पुत्र खलभल कुशवाहा ने घर के दो दरवाजों और कमरे में रखी अलमीरा का लाकर तोडकर लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर लिए जिसकी वीडियो फुटेज और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग उसके पास है। पीडित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं नौ महीने बाद चोरी का मामला दर्ज होना अपने आप में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# जिलाधिकारी ने ली पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** जिलाधिकारी धनश्याम मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार के दिन जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद हमीरपुर में पर्यटन की अपार संभावनाएं है, जनपद के प्रमुख पर्यटन स्थलों एवं यहाँ की संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए हमीरपुर महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन आगामी माह जनवरी में 29-31 जनवरी तक किया जाना है 7 महोत्सव का आयोजन पुलिस लाइन में किया जायेगा, महोत्सव में बुंदेलखण्ड के लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी, इसके अतिरिक्त प्रदेश तथा अन्य प्रांतों के कलाकारों को आमंत्रित किया जायेगा, इसके अतिरिक्त विविध प्रतियोगिताओ का आयोजन भी इस दौरान किया जायेगा, महोत्सव की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन अधिकारी को दिए 7 बैठक में पर्यटन विभाग की विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन विभाग द्वारा कार्यान्वित विकास परियोजनाओं की जांच के निर्देश अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी



को दिये, बैठक में सदस्य ब्रज किशोर गुप्ता, डा उमाकांत राजपूत, मुख्य विकास अधिकारी अरूण कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी श्रवण कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी डा चित्रगुप्त श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## श्रीभूमी जिले के रामकृष्णनगर में 7 करोड़ की गुठ्ठी परियोजनाओं का शिलान्यास, विधायक विजय मालाकार ने किया जनसभा को संबोधित

**विधायक ने कहा किः स्वतंत्रता के बाद एकमात्र मुख्यमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्र के हर कोने में विकासात्मक कार्य हो रहा है।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमीः** जिले के नवगठित रामकृष्णनगर क्षेत्र में विकास की नई लहर दौड़ पड़ी है। क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से पांच महत्वपूर्ण गुठ्ठी परियोजनाओं का शिलान्यास स्थानीय विधायक विजय मालाकार ने गत 8 दिसंबर (सोमवार) को किया। इसके साथ ही कोयलाघाट दुर्गा मंडप में विशाल जनसभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। विधायक ने रखी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला दुल्लभछड़ा विकास खंड और लालछड़ा क्षेत्र में विधायक विजय मालाकार ने एक ही दिन में पांच विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें शामिल हैं 1223 नंबर शांताकाली एलपी स्कूल का 35 लाख 28 हजार रुपये की लागत से एमबी स्कूल में उन्नयन. लालछड़ा में 1 करोड़ 12 लाख 53 हजार रुपये की लागत से नए पुल का शिलान्यास. 754 नंबर लालछड़ा एलपी स्कूल का 35 लाख 28 हजार रुपये से उन्नयन. 736 नंबर माघुराछड़ा एलपी स्कूल का 35 लाख 28 हजार रुपये से उन्नयन. कोयलाघाट में 5 करोड़ रुपये की लागत से नए पुल का शुभारंभ इन





सभी परियोजनाओं का उद्देश्य शिक्षा, परिवहन और क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को नए स्तर पर ले जाना है। खासतौर पर तीन एलपी स्कूलों को एमबी स्कूल में अपग्रेड किए जाने से सैकड़ों छात्रों को बेहतर शिक्षा वातावरण मिलेगा। जनसभा में उमड़ा जनसैलाब कोयलाघाट दुर्गा मंडप में आयोजित जनसभा में स्थानीय महिलाओं, युवाओं और किसानों ने उत्साह के साथ भाग लिया। महिलाओं ने बताया कि पुल और सड़कों के निर्माण से उनके दैनिक जीवन और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में बड़ी सुविधा मिलेगी। लोकप्रिय विधायक मालाकार ने गिनाई सरकार की उपलब्धियाँ सभा को संबोधित करते हुए विधायक विजय मालाकार ने कहा 'स्वतंत्रता के बाद एकमात्र मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गरीबों के लाभ के लिए हर कोने में विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं। पिछले छह वर्षों में रामकृष्णनगर में जितना विकास हुआ, वह पहले कभी नहीं हुआ। 'उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के सिद्धांत पर सरकार लगातार कार्य कर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में करोड़ों रुपये की परियोजनाएँ ग्रामीण इलाकों में जीवन बदल रही हैं। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद इस अवसर पर समाजसेवी चंद्र शेखर पांडे, चेरागी जिला परिषद सदस्य पंकज राय शर्मा, दुल्लभछड़ा जिला परिषद सदस्य प्रणव मुखर्जी, जीपी अध्यक्ष देव कुमार कूर्मी, लालछड़ा जीपी अध्यक्ष संजय गोस्वामी, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदन भर, लालछड़ा जीपी के एपी सदस्य मोतीलाल राय, दुल्लभछड़ा मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष जुयेल देव, दुल्लभछड़ा मंडल महासचिव नर्पुर चक्रवर्ती, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सुभ्रत दास, निर्माण चक्रवर्ती, सिंगलाछड़ा जीपी की सभानेत्री संगीता कैरी, स्थानीय लोग सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लिया। कुल मिलाकर 7 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से शुरू की गई इन परियोजनाओं से रामकृष्णनगर क्षेत्र में विकास की नई दिशा स्थापित होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### शतचंडी यज्ञ की पूर्ण आहुति के बाद आयोजित हुआ विशाल भण्डारा



**हमीरपुर-** मौदहा क्षेत्र के इचौली मढ़ली माई मन्दिर प्रांगण में 31वें शतचंडी महायज्ञ के अंतिम दिन इसकी पूर्णाहुति की गई। महायज्ञ में 7 दिवसीय भागवत कथा, रासलीला के आयोजन के बाद इसमें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंगलवार को सुबह नौ बजे से ही भंडारा शुरू कर दिया गया था जिसमें नायकपुरवा, इचौली, गुसियारी,अटघार,सिरसी, खण्डेह समेत कई गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व रामलीला के अंतिम दिन सोमवार रात्रि को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। वही मेले में आई दुकानों में महिलाओं व बच्चे खूब खरीददारी की यज्ञ आयोजक अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि इचौली गाँव में 31वर्षो से निरन्तर भागवत कथा व रामलीला का आयोजन किया जा रहा है।

# ट्रैक्टर से कुचलकर ड्राइवर की दर्दनाक मौत, शराब पीकर चला रहा था ट्रैक्टर





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** राठ कोतवाली क्षेत्र में सोमवार शाम एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जिसमें ट्रैक्टर चालक दशरथ की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना उरई रोड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के पास उस समय हुई, जब दशरथ ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर उरई की ओर जा रहा था।

जराखर गांव निवासी 40 वर्षीय दशरथ रास्ते में अचानक चलते ट्रैक्टर से नीचे गिर पड़ा। उसी दौरान ट्रैक्टर की स्टीयरिंग फंसने से वाहन अनियंत्रित होकर गोल-गोल घूमने लगा और कई बार उसके ऊपर से गुजर गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैक्टर ने एक बार नहीं, बल्कि चार बार उसे कुचला, जिससे दशरथ की मौके पर ही मौत हो गई। घटना इतनी भयावह थी कि आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

हादसे का एक लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि ट्रैक्टर घूमते हुए सड़क के डिवाइडर को पार कर दूसरी लेन में पहुंच जाता है और कुछ ही क्षण बाद वापस उसी तरफ लौट आता है। इस दौरान लोगों की भीड़ दूर खड़ी होकर घटना देखती रही। इसी बीच एक युवक ने हिम्मत और सूझबूझ दिखाते हुए घूमते ट्रैक्टर के साथ दौड़ लगाई और उसे किसी तरह बंद कर दिया, जिससे आगे की बड़ी अनहोनी टल गई।

मृतक के परिजनों को सूचना देकर पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि दशरथ हादसे के समय अत्यधिक शराब के नशे में था, जिसके चलते उसने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोगों में शोक के साथ-साथ जागरूकता का संदेश भी छोड़ गई है कि शराब पीकर वाहन चलाना कितना घातक हो सकता है।

## बाबासाहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर दतिया में उमड़ा जनसैलाबः आज़ाद समाज पार्टी ने दिया आगामी चुनावी नेतृत्व का संदेश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दतिया/इंदरगढ़ (मध्य प्रदेश):** संविधान निर्माता, बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जी के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर, दिनांक 06 दिसंबर 2025 को दतिया जिले के इंदरगढ़ में भीम आर्मी भारत एकता मिशन और आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वावधान में एक विशाल और प्रेरणादायक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। भीषण ठंड के बावजूद, प्रदेश भर से आए प्रबुद्धजनों और कार्यकर्ताओं की अभूतपूर्व उपस्थिति ने आयोजन को जनशक्ति प्रदर्शन में बदल दिया।

**भीषण ठंड में भी कार्यकर्ताओं का जोश हाई**

कार्यक्रम का नेतृत्व भीम आर्मी चीफ और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बड़े भाई एडवोकेट चंद्रशेखर आज़ाद जी ने किया। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष दामोदर यादव जी, प्रदेश संयोजक सतेंद्र विद्रोही जी, सुनील बैरसिया जी एवं राष्ट्रीय तथा प्रदेश टीम के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। ठंड के इस मौसम में भी जनसैलाब का उमड़ना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि बहुजन समाज अपने अधिकारों और विचारों के प्रति कितना कटिबद्ध है। वक्ताओं ने कहा कि यह उपस्थिति केवल भीड़ नहीं, बल्कि विचार की शक्ति है, जो समता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित है।

**आगामी नेतृत्व का स्पष्ट संदेश**

इस अवसर पर उपस्थित तमाम प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन करके बड़े भाई एडवोकेट चंद्रशेखर आज़ाद जी का सम्मान किया और आगामी विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों के लिए मज़बूत चुनावी नेतृत्व का स्पष्ट संदेश दिया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश की राजनीति में बहुजन समाज के बढ़ते प्रभाव और दावेदारी को रेखांकित करता है।

**शहडोल टीम की रही विशेष उपस्थिति**

कार्यक्रम में शहडोल ज़िले से भी भीम आर्मी और आज़ाद समाज पार्टी की एक मजबूत टीम शामिल हुई, जिसमें राजकुमार शाहू जी (प्रदेश महासचिव, भीम आर्मी), कैलाश अहिरवार जी (जिला अध्यक्ष, आज़ाद समाज पार्टी), सम्राट सनित जी (जिला प्रवक्ता, भीम आर्मी), सम्राट राजेंद्र जी (जिला सह-संयोजक, भीम आर्मी), चंद्रशेखर साकेत जी (BASF अध्यक्ष),







मनीष अहीरवार जी (उपाध्यक्ष, आज़ाद समाज पार्टी), सूरज बैगा जी (मंडल संयोजक, भीम आर्मी) दादा तेजबली बैगा जी (ग्राम सह संयोजक भीम आर्मी) सुनील अहिरवार जी (कार्यकर्ता आजाद समाज पार्टी)और अन्य सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में, आयोजन को तन, मन और धन से सफल बनाने वाले सभी प्रबुद्धजन साथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। जय भीम! जय जोहार!

# दो इच्छाओं के मिलन से हमारा जन्म कैसे होता है

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

सृष्टि में जितनी भी रचनाएँ दिखाई देती हैं, उनमें से मनुष्य का जन्म सबसे अद्भुत है। जन्म की प्रक्रिया चाहे जैविक हो या भावनात्मक, उसकी जड़ में एक ही तत्व काम करता है—इच्छा। मनुष्य का जन्म तभी संभव होता है, जब दो अशक्त, छोटे दिखाई देने वाले, परंतु अत्यंत शक्तिशाली तत्व—पुरुष की इच्छा और स्त्री की इच्छा—एक दिशा में प्रवाहित होते हैं। यह इच्छा ही वह ऊर्जा है जो शरीर को क्रिया में लाती है, मन को निर्णय में लाती है और दो अलग अस्तित्वों को एक साझा रचना की ओर प्रेरित करती है।

मनुष्य केवल शरीर नहीं है; वह भावना, संकल्प, सोच और जीववैज्ञानिक तंत्र का जटिल संयोजन है। इस पूरे संयोजन के केंद्र में इच्छा ही कार्य करती है। इच्छा जितनी अदृश्य है, उसका प्रभाव उतना ही गहरा है। इसी इच्छा के कारण दो मन एक-दूसरे की ओर आकर्षित होते हैं, दो शरीर एक साझा उद्देश्य की ओर चल पड़ते हैं और प्रकृति एक नए जीवन को आकार देने लगती है। पुरुष और स्त्री की इच्छा एक जैसी नहीं होती। पुरुष की इच्छा तीव्र, सक्रिय, आगे बढ़ने वाली और प्रक्षेपित स्वरूप की होती है। वह अपनी ऊर्जा को बाहर की ओर ले जाता है। स्त्री की इच्छा गहरी, धारण करने वाली, स्वीकारने वाली और निर्माण करने वाली होती है। वह अपनी ऊर्जा को भीतर समेट कर रखती है और उसे पोषण देती है। जब यह दोनों इच्छाएँ एक ही समय, एक ही अवस्था और एक ही उद्देश्य पर आकर मिलती हैं, तब प्रकृति एक विशेष प्रकार की ऊर्जा उत्पन्न करती है, जिसे चाहे वैज्ञानिक दृष्टि से देखें, चाहे जैविक दृष्टि से—दोनों ही दिशाओं में इसका परिणाम केवल एक ही हैः नया जीवन।

जब पुरुष की इच्छा सक्रिय होती है, तब उसके भीतर जैविक परिवर्तन होते हैं। हार्मोन, विचार, भावनाएँ—सब एक ही दिशा में प्रवाहित होते हैं। उसकी इच्छा उसके शरीर में बदलते रसायनों को यह संकेत देती है कि वह नई रचना की प्रक्रिया का भाग बनने के लिए तैयार है। विज्ञान इसे 'प्रजनन प्रेरणा' कहता है, लेकिन यह प्रेरणा तब तक सक्रिय नहीं होती जब तक मन में इच्छा का कंपन न हो। इच्छा शरीर को सक्रिय करती है, शरीर प्रक्रिया को शुरू करता है, और प्रक्रिया परिणाम को बनाती है।

स्त्री की इच्छा कहीं अधिक गहरी और स्थायी होती है। उसके शरीर में स्वाभाविक रूप से निर्माण की क्षमता मौजूद होती है, परंतु यह क्षमता तभी सक्रिय होती है जब इच्छा का संकेत मिलता है। स्त्री का मन, भावनाएँ, संकल्प—यह सब एक तरंग पैदा करते हैं। यह तरंग उसके शरीर के भीतर रासायनिक परिवर्तन करती है, हार्मोनल संतुलन बनाती है और उसके शरीर को निर्माण की प्रक्रिया के लिए तैयार करती है। इसीलिए स्त्री की इच्छा केवल मानसिक नहीं होती; वह निर्माण का आह्वान भी होती है।

दोनों इच्छाओं के मिलन का क्षण सामान्य नहीं होता। यह क्षण दो मनोवैज्ञानिक अवस्थाओं, दो शारीरिक तैयारियों, दो भावनात्मक प्रवाहों और दो जैविक संकेतों के एक साथ होने का परिणाम है। जब पुरुष और स्त्री की इच्छाएँ एक समन्वित दिशा में पहुँचती हैं, तब प्रकृति इस संकेत को अनदेखा नहीं करती। उस क्षण सभी प्रणालियाँ एक ही उद्देश्य पर केंद्रित हो जाती हैं। और यही केंद्रित ऊर्जा जन्म की शुरुआत बनती है।

इस मिलन के बाद प्रकृति अपनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाती है। परंतु यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि जैविक प्रक्रिया केवल शरीर का निर्माण करती है—जबकि इच्छा उस प्रक्रिया को प्रारंभ कराती है। दोनों बिना एक-दूसरे के अधूरे हैं। शरीर की कोशिकाएँ विभाजित होना शुरू करती हैं, एक छोटी सी संरचना बनती है, जो आगे चलकर बच्चे का शरीर बन जाती है। यह पूरी प्रक्रिया एक विज्ञान है, पर इस विज्ञान का आरंभ इच्छा से हुआ था।

गर्भधारण के बाद स्त्री की इच्छा पहले से भी अधिक प्रभावी हो जाती है। उसके मन की स्थिति, उसका वातावरण, उसका तनाव, उसकी खुशी—सब गर्भ के वातावरण को प्रभावित करते हैं। विज्ञान आज स्पष्ट रूप से कहता है कि गर्भ में पल रहा बच्चा माँ की भावनाओं, आहार, विचारों और मानसिक स्थिति से प्रभावित होता है। यह प्रभाव इच्छा द्वारा ही संचालित होता है, क्योंकि इच्छा ही वह ऊर्जा है जो मन को शरीर के साथ जोड़ती है।

पिता की इच्छा भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। पिता की मानसिक स्थिति, उसका ध्यान, उसका संकल्प और उसका भावनात्मक सामर्थ्य पूरे परिवार के वातावरण को प्रभावित करता है। यह वातावरण स्त्री के मन को प्रभावित करता है, और स्त्री का मन गर्भ को प्रभावित करता है। इस प्रकार पिता की इच्छा परोक्ष रूप से जन्म की पूरी प्रक्रिया का हिस्सा बनती है।

नौ महीने तक यह इच्छा लगातार सक्रिय



रहती है। स्त्री की इच्छा बच्चे को सुरक्षित रखने की, पोषण देने की और उसकी रक्षा करने की होती है। प्रकृति स्त्री के भीतर उस इच्छा को शक्ति में बदल देती है। यही कारण है कि गर्भवती स्त्री अद्भुत शक्ति का अनुभव करती है। उसके भीतर एक निर्माण चल रहा होता है—और निर्माण हमेशा इच्छा से चलता है।

जन्म का क्षण भी इच्छा से नियंत्रित होता है। जब शरीर और मन दोनों संकेत देते हैं कि अब नया जीवन बाहर आ सकता है, तब प्रसव प्रक्रिया शुरू होती है। यह प्रक्रिया शरीर का निर्णय नहीं होता; यह शरीर और इच्छा का संयुक्त संकेत होता है। स्त्री की इच्छा होती है कि बच्चा सुरक्षित बाहर आए, और प्रकृति उसका साथ देती है। यह पूरा क्षण ऊर्जा का विस्फोट होता है—ऊर्जा जो निर्माण कर रही थी, अब नए जीवन को बाहर लाने में लग जाती है।

बच्चे का जन्म होने के बाद भी इच्छा उसकी पहली भाषा होती है। उसका पहली बार रोना उसकी आवश्यकता को व्यक्त करता है—हवा की, दूध की, सुरक्षा की। वह कुछ भी शब्दों में नहीं कहता, पर उसकी इच्छा उसे प्रकट कर देती है। धीरे-धीरे यह इच्छा ही उसके जीवन का आधार बनती है। वह चलना चाहता है, बोलना चाहता है, समझना चाहता है—और उसकी यही इच्छाएँ उसके विकास को आगे बढ़ाती हैं।

**इस पूरे विश्लेषण का सार एक ही है-** मनुष्य का जन्म जैविक प्रक्रिया का परिणाम जरूर है, लेकिन इस प्रक्रिया की शुरुआत दो इच्छाओं के मिलन से ही होती है। पुरुष की इच्छा और स्त्री की इच्छा जब एक ही दिशा में आती हैं, तब प्रकृति इस संकेत को स्वीकार करके जीवन की रचना करती है। दो इच्छाएँ जब मिलती हैं, तभी जन्म होता है।

दो इच्छाएँ जब अलग होती हैं, तो जन्म की संभावना खत्म हो जाती है। इसलिए मनुष्य का जन्म एक सामान्य घटना नहीं—दो गहरी इच्छाओं का परिणाम है, जो एक ही क्षण में एक-दूसरे से जुड़ जाती हैं।